* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
22 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 272



2006 मुंबई ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस के सभी 12 आरोपी हुए बरी

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

### विपक्ष के हंगामे के साथ शुरू हुआ लोकसभा-राज्यसभा का मानसून सत्र

# ऑपरेशन सिंदूर पर सवालों का जवाब देगी सरकार

## ■ अगले हफ्ते लोकसभा में 16 और राज्यसभा में नौ घंटे बहस होगी

## ■ मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, पहलगाम हमले के आतंकी नहीं पकड़े गये, जवाब दें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गयी है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र की शुरुआत में होनी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाब दें।

संसद का मानसून सत्र 21 अगस्त तक (कुल 32 दिन) चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14-15 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में आठ नये बिल पेश करेगी, जबकि सात लंबित बिलों पर चर्चा होगी।


**सत्र के पहले दिन हुआ हंगामा :** सत्र के पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम नरसंहार कांड और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा चार बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष ने लोकसभा में पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा किया। विपक्षी दलों की मांग थी कि सरकार का प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर जवाब दें।

**जेपी नड्डा ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे :** राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गये। मारे भी नहीं गये। उपराज्यपाल ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। ट्रंप 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी का जवाब देना चाहिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं करना चाहती। हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के सभी बिंदुओं को देश के सामने रखा जायेगा।

**बिल ऑफ लैंडिंग बिल, 2025 पास :** राज्यसभा से बिल ऑफ लैंडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैंडिंग एक्ट की जगह लेगा। यह बिल समुद्री रास्ते से भेजे गये सामान के लिए एक पक्का डॉक्यूमेंट (बिल ऑफ लैंडिंग) प्रदान करता है, जो यह साबित करता है कि सामान जहाज पर लदा हुआ है। बिल मार्च में लोकसभा से पास हुआ था।

**नये इनकम टैक्स बिल पर कमेटी ने सुझाव दिये :** इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की गयी। कमेटी ने सुझाव दिये कि वित्त मंत्रालय व्यक्तिगत करदाताओं को बिना किसी जुर्माने के तय तारीख के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करके टीडीएस रिफंड लेने की अनुमति दे। साथ ही रिलीजियस कम चैरिटेबल ट्रस्ट को मिलने वाले गुमनाम दान को टैक्स से छूट दी जाये।

**संसद भवन में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई :** मानसून सत्र के बीच संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में करीब 20 मिनट की बैठक हुई। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत अन्य सांसद शामिल रहे।



### ऑपरेशन सिंदूर सौ फीसदी कामयाब रहा: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कामयाब रहा। हमने 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को जमींदोज किया, दुनिया ने भारत का सैन्य सामर्थ्य देखा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह सौ फीसदी हासिल किया। हमने सिद्ध करके दिखा दिया। इसमें मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है। विश्व के जिन-जिन लोगों से मिलना होता है, उनमें मेड इन इंडिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। संसद एक सुर में विजय के भाव से प्रकट करेगी, तो देशवासियों को प्रेरणा मिलेगी। साथ ही जो रिसर्च, इनोवेशन हो रही है, जो डिफेंस इक्विपमेंट बन रहे हैं, उन्हें मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद-माओवाद के खात्मे, भारती की अर्थव्यस्था तीसरे नंबर की ओर बढ़ने समेत अन्य बातों की चर्चा की। साथ ही एस्ट्रोनॉट शुभांशु को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में तिरंगा लहराया। स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा लहराना देशवासियों के लिए गौरव का पल है।

### स्पीकर को जस्टिस वर्मा को हटाने का ज्ञापन सौंपा

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये। जस्टिस वर्मा को हटाने वाली याचिका पर हस्ताक्षर करने वालों में राहुल गांधी, अनुराग ठाकुर, रविशंकर प्रसाद, सुप्रिया सुले, के सी वेणुगोपाल आदि शामिल हैं।

### झारखंड में खनन पर्यटन की हुई शुरुआत

# पर्यटन और उद्योग को दिया जा रहा नया आयाम : सुदिव्य



● जेटीडीसी और सीसीएल के बीच हुआ एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि खनन पर्यटन न केवल हमारे राज्य की औद्योगिक ताकत को प्रदर्शित करेगा, बल्कि पर्यटकों को ऊर्जा क्षेत्र और इसके समृद्ध इतिहास पर एक अनूठा दृष्टिकोण भी प्रदान करेगा। यह ऐतिहासिक अवसर झारखंड राज्य की दूरदर्शी सोच और साहसी निर्णयों का परिणाम है। मैं मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन को हार्दिक बधाई देता हूं। वह सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बीच खान पर्यटन को लेकर हुए समझौता (एमओयू) कार्यक्रम में बोल रहे थे। सुदिव्य ने कहा कि यह साझेदारी झारखंड के पर्यटन सफर में एक नये अध्याय की शुरुआत है। कार्यक्रम में सीसीएल की ओर से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड सरकार के पर्यटन निदेशालय की ओर से निदेशक पर्यटन विजया जाधव, जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन आदि मौजूद थे।

### उत्तर उरीमारी माइंस से शुरू होगा खनन पर्यटन

प्रारंभिक रूप से यह माइनिंग टूरिज्म उत्तर उरीमारी माइंस से शुरू होगा और भविष्य में अन्य स्थान जोड़े जा सकेंगे। यह समझौता पांच वर्षों के लिए होगा, जिसे आगे 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। जेटीडीसी पर्यटकों की बुकिंग करेगा और प्रति सप्ताह दो दिन खनन पर्यटन की सुविधा प्रदान करेगा। समूह आकार 10-20 व्यक्तियों का होगा। सभी पर्यटकों को खदान में प्रवेश से पूर्व सीसीएल के नियमों, सुरक्षा निर्देशों एवं स्वास्थ्य मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। सीसीएल द्वारा प्रवेश की अनुमति अंतिम रूप से दी जायेगी। सीसीएल पर्यटकों को खनन की कार्यप्रणाली समझाने के लिए गाइड उपलब्ध करायेगा। जेटीडीसी खनन पर्यटन का प्रचार-प्रसार करेगा। वहीं सीसीएल आवश्यकतानुसार सहयोग प्रदान करेगा।

# झारखंड में मानसून फिर सक्रिय 26 तक भारी बारिश का अलर्ट

● कई जिलों में तेज हवाएं और आकाशीय बिजली के साथ तेज गर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आगामी सप्ताह मौसम के लिहाज से महत्वपूर्ण रहने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार 26 जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से लेकर भारी और अति भारी वर्षा होने की संभावना है। राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्वी जिलों, जिसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रांची, बोकारो, हजारीबाग, देवघर, गोड्डा आदि आते हैं, में आकाशीय बिजली के साथ तेज गर्जन और 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। इन दो दिनों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होगी। 22 जुलाई को अधिकांश जिलों में सामान्य से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 23 जुलाई को मौसम अधिक सक्रिय रहेगा। 24 जुलाई को पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। 25 और 26 जुलाई को गरज-चमक के साथ हल्के से मध्यम वर्षा जारी रहने के आसार हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन आज आयेंगे रांची

## नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान भी आ रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार की शाम दिल्ली से रांची आयेंगे। वहीं, झारखंड हाइकोर्ट के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान भी आज ही रांची आ रहे हैं।

बताते चलें कि हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को हाल ही में झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को राज्यपाल संतोष गंगवार 23 जुलाई को राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में काफी संख्या में हिमाचल प्रदेश व अन्य जगहों से उनके रिश्तेदार, नजदीकी और जस्टिस भी आ रहे हैं। इनकी संख्या लगभग 60 है, जिन्हें राज्य सरकार ने स्टेट गेस्ट घोषित किया है। उन्हें होटल रेडिसन ब्लू, बीएनआर और अन्य होटलों में ठहराने की व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री अपने पिता शिबू सोरेन के इलाज को लेकर पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में हैं।

हेमंत सोरेन 23 जुलाई को चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उसके अगले दिन 24 जुलाई को मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक करेंगे।





### बिहार में निशांत की एंट्री पर राबड़ी ने कहा

# नीतीश जी से बिहार नहीं संभल रहा, बेटे को मुख्यमंत्री बना दें

● तेज प्रताप यादव की चिंता करें राबड़ी देवी, मुख्यमंत्री बेहतर काम कर रहेः नीरज कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने बिहार में निशांत कुमार की एंट्री को लेकर कहा कि नीतीश जी से बिहार संभल नहीं रहा है, इसलिए अब अपने बेटे निशांत कुमार को ही बिहार का सीएम बना दें। वह युवा नेता हैं, अच्छे से बिहार को संभालेंगे। उन्होंने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की है। वहीं, जदयू के नेता नीरज कुमार ने कहा कि निशांत कुमार राजनीति में आयेंगे या नहीं, इसकी चिंता करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद हैं। राबड़ी देवी को निशांत कुमार की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने तेजप्रताप का हवाला देते हुए राबड़ी देवी को नसीहत दी कि अगर किसी की चिंता करनी है तो अपने बड़े बेटे की कीजिये, जिसे पार्टी और घर दोनों जगहों से बाहर कर दिया है।

### बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 171 घायल

● हादसे के वक्त स्कूल में क्लास चल रही थी

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, दो शिक्षक और एक पायलट शामिल हैं। हादसे में 171 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। कई घायल बच्चों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में कक्षा चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का एफ-7 बीजीआइ विमान क्रैश होने की पुष्टि की है।



### चीन में बना था विमान

एफ-7 बीजीआइ बांग्लादेश एयरफोर्स का मल्टीरोल फाइटर जेट है। यह चीन के चेंगदू जे-7 फाइटर का एडवांस वर्जन है, जिसे सोवियत यूनियन के निग-21 की तर्ज पर बनाया गया था। एयरफोर्स ने 2011 से 2013 के बीच यह फाइटर खरीदा था। इसे थंडरकैट स्क्वाड्रन में शामिल किया गया था। यह फाइटर एयर डिफेंस, ग्राउंड अटैक और समुद्री इलाकों में हमले जैसी कई भूमिकाओं में काम आता है। एफ-7 बीजीआइ एक बार में 600 से 650 किलोमीटर की कॉम्बैट रेंज तय कर सकता है, जबकि फेरी रेंज 2,230 किमी तक है। यह अधिकतम 17,800 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है और 155 मीटर/सेकंड की रफ्तार से ऊपर उठ सकता है। इस फाइटर जेट में 2 तोपों के साथ 7 हथियार लगाने वाले पॉइंट हैं। इन पर 3 हजार किलोग्राम तक की मिसाइलें और बम लगाये जा सकते हैं।

### यूनुस ने घटना पर शोक व्यक्त किया

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है। यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही।

### कानूनी सलाह देनेवाले वकीलों को इडी ने समन भेजा

# सुप्रीम कोर्ट बोला : एजेंसी सारी हदें पार कर रही, इसकी गाइडलाइन बननी चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) सारी हदें पार कर रहा है। एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है, भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किये जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इडी के उस एक्शन पर चिंता और नाराजगी जतायी, जिसमें एजेंसी ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों की तरफ से पैरवी करने वाले वकीलों को समन दिया था। कोर्ट ने इस मामले में दिशा-निर्देश भी मांगे। सीजेआइ बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर ऐसी कार्रवाइयों से पड़ने वाले असर से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। यह मामला इडी की तरफ से सीनियर एडवोकेट अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किये जाने के बाद उठा। इस मामले को कोर्ट ने खुद ही चुना था। अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

### सिद्धारमैया की पत्नी को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट की इडी को फटकार

## राजनीतिक लड़ाई चुनाव तक ठीक इसके लिए एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को फटकार लगाते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाइयां चुनाव में लड़ी जानी चाहिए, जांच एजेंसियों के जरिये नहीं। इडी का इस तरह इस्तेमाल क्यों हो रहा है? ये टिप्पणी सीजेआइ बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सोमवार को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट बोर्ड (मुडा) केस में इडी की अपील की सुनवाई के दौरान की। सीजेआइ ने कहा कि हमारा मुंह मत खुलवाइए। नहीं तो हम इडी के बारे में कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर हो जायेंगे। उन्होंने कहा, मेरे पास महाराष्ट्र का कुछ अनुभव है। आप देशभर में इस हिंसा को मत फैलाइए। दरअसल, इडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को मुडा केस में समन भेजा था। कर्नाटक हाइकोर्ट ने मार्च में यह समन रद्द कर दिया था। इडी ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### वकीलों ने उठाया कानूनी पेशे में आजादी का मुद्दा

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने चीन और तुर्की के साथ संबंधों के मुद्दे का हवाला देते हुए कहा कि भारत को उन दूसरे देशों की राह पर नहीं चलना चाहिए, जिन्होंने कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि इसे हमेशा के लिए रद्द कर देना चाहिए। कहते हैं तुर्की में, पूरी बार एसोसिएशन को भंग कर दिया गया। चीन में भी ऐसा ही मामला है। वकीलों को खासकर कानूनी राय देने के लिए, तलब करना एक खतरनाक मिसाल कायम कर रहा है। वरना इसका पूरी न्याय व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ेगा। वकील स्वतंत्र रूप से सलाह नहीं दे पायेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन का खत्म हुआ नापाक साम्राज्य, चला रहा था अंतरराष्ट्रीय रैकेट

## ■ देश के दुश्मन का योगी आदित्यनाथ सरकार ने कर दिया हिसाब-किताब फाइनल

## ■ धर्मांतरण, देश के खिलाफ जासूसी, लव जिहाद और आपराधिक घटनाओं का सरगना है छांगुर

**देश की राजनीतिक गतिविधियों के शोरगुल के बीच यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक ऐसे सामाजिक कोढ़ को खत्म करने का बड़ा काम किया है, जिसे धर्मांतरण कहा जाता है। बलरामपुर में पिछले कई वर्षों से चल रहे छांगुर बाबा के इस धर्मांतरण के रैकेट का पदार्फाश होने के बाद अब जो जानकारियां सामने आ रही हैं, उससे पता चल रहा है कि यह रैकेट कितना व्यापक आकार ले चुका था और सीधे-सीधे भारत के बहुसंख्यक समाज के अस्तित्व पर हमले की साजिश रच रहा था। छांगुर पीर का यह ठिकाना उसके अंतरराष्ट्रीय रैकेट का केंद्र था और इसके जरिये उसने अलग-अलग तरीके से लाखों लोगों का धर्मांतरण कराया था। छांगुर बाबा का असली नाम जलालुद्दीन है और उसने पूरी दुनिया में अपने एजेंट नियुक्त कर रखे थे। छांगुर पीर के नाम से चर्चित इस सरगना ने न केवल धर्मांतरण का रैकेट चलाया, बल्कि देश के खिलाफ जासूसी भी करता था और आपराधिक घटनाओं में भी इसकी संलिप्तता पायी गयी है। छांगुर बाबा के खिलाफ अब यूपी एटीएस के साथ इडी ने भी जांच शुरू की है और इसके नेटवर्क के बारे में हर रोज नयी-नयी जानकारियां सामने आ रही हैं। इस शातिर दिमाग मौलाना का काला चिट्ठा पढ़ कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। क्या है छांगुर बाबा का काला चिट्ठा और कितना फैला था इसका नेटवर्क, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में पिछले कुछ दिनों से जारी एक प्रशासनिक कार्रवाई ने देश के भीतर पिछले कई वर्षों से चल रहे एक खतरनाक रैकेट का पदार्फाश किया है। धर्मांतरण के इस पूरे नेटवर्क को यूपी की योगी सरकार ने ध्वस्त कर छांगुर बाबा के काले साम्राज्य को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है।

### धर्मांतरण का रैकेट चलाता था छांगुर बाबा

जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में बड़े पैमाने पर अवैध धर्मांतरण का धंधा चलाने वाला साजिशकर्ता है। वह खुद को 'हाजी पीर जलालुद्दीन', 'पीर बाबा' या 'हजरत पीर' कहलवाना पसंद करता था। छांगुर पीर के खिलाफ हिंदू लड़के-लड़कियों, गरीब और असहाय लोगों को बहला-फुसलाकर जबरन धर्मांतरण कराने और उनकी संपत्ति हड़पने के कई आरोप सामने हैं। इतना ही नहीं, छांगुर पीर को धर्मांतरण का नेटवर्क चलाने के लिए विदेशों से भी फंडिंग भी मिलती थी। छांगुर पीर के 10, 20 नहीं, बल्कि 40 से अधिक ऐसे बैंक खाते सामने आये, जिनमें लाखों-करोड़ों की राशि केवल हिंदुओं का धर्मांतरण और लड़कियों को बेचने के लिए जमा थी।

### गिरोह के रूप में काम करता था छांगुर बाबा

छांगुर पीर अपना नेटवर्क बढ़ाने के लिए मुस्लिम के अलावा हिंदुओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें अपने गिरोह का सदस्य बना लेता था और उनको राजा-रानी की तरह जिंदगी जीना, दौलत, लग्जरी गाड़ियां आदि का लालच देता था। छांगुर पीर के गिरोह में जिन हिंदुओं ने इस्लाम कबूल किया, वो लोग फिर अन्य हिंदुओं का ब्रेनवॉश कर इस्लाम कबूल करने के लिए प्रेरित करते थे और पैसे देते थे। धर्मांतरण मामले में जिन हिंदुओं ने छांगुर का ऑफर स्वीकार किया, उनको गिरोह में शामिल किया गया, लेकिन जिन हिंदुओं ने इसका विरोध किया, उनकों या तो धमकी दी गयी या फिर उन्हें मार दिया गया।

### ऐसे चालू किया छांगुर पीर ने धर्मांतरण का धंधा

जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर पहले फेरीवाला था और गांव-गांव जाकर कपड़े और फिर अंगूठी और नग बेचता था। 2020 में कोरोना काल के दौरान मुंबई जाने पर छांगुर पीर की मुलाकात नवीन घनश्याम रोहरा और उसकी पत्नी नीतू रोहरा से हुई। नीतू और नवीन एक सिंधी परिवार से थे और मुंबई में उनकी 158 करोड़ की संपत्ति थी। सबसे पहले तो छांगुर पीर ने उन दोनों हिंदुओं का ब्रेनवॉश किया, जिसके बाद उन्होंने अपनी सारी संपत्ति छांगुर को बेच दी और बलरामपुर के मधुपुर गांव आकर छांगुर के साथ रहने लगे। नवीन और नीतू (जिन्हें बाद में नसरीन नाम दिया गया) के कारण ही छांगुर अमीर हुआ और धर्मांतरण का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर सका।

### ऐसे बनाया गिरोह और ये लोग हैं शामिल

छांगुर पीर ने धर्मांतरण के लिए एक संगठित गिरोह बनाया था। इस गिरोह में उसके बेटे महबूब, भतीजा सबरोज, साले का बेटा शहाबुद्दीन, गोंडा का रिश्तेदार रमजान और बलरामपुर का रसीद शामिल थे। इसके अलावा, नीतू



रोहरा उर्फ नसरीन और उसका पति नवीन रोहरा भी इस गिरोह के प्रमुख सदस्य थे। नसरीन छांगुर पीर की गतिविधियों का पूरा हिसाब-किताब रखती थी और धर्मांतरण के खेल को अंजाम देने के लिए स्मार्ट फोन का इस्तेमाल करती थी। छांगुर पीर खुद कीपैड मोबाइल रखता था। नवीन, छांगुर और नसरीन को लग्जरी गाड़ियों में घुमाता था। जांच में पता चला है कि धर्मांतरण का यह नेटवर्क पूरे भारत के अलावा विदेशों में फैला हुआ था।

### अलग-अलग तरीके अपनाता था

जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर धर्मांतरण के लिए कई तरीके अपनाता था। इनमें पहला था प्रेमजाल और निकाह। इसके तहत मुस्लिम युवक हिंदू लड़कियों को 'अमित' या 'रुद्र शर्मा' जैसे नाम बताकर प्रेमजाल में फंसाते थे। एक बार संबंध स्थापित होने पर हिंदु लड़कियों का ब्रेनवॉश कर उन्हें दरगाह ले जाकर धर्मांतरण करवाया जाता था और फिर निकाह होता था। लखनऊ की रहने वाली गुंजा गुप्ता को एक मुस्लिम लड़के ने अमित बनकर प्रेमजाल में फंसाया और उसको दरगाह ले जाकर ब्रेनवॉश कर अलीना अंसारी बना दिया। औरैया जिले की लड़की को मेराज अंसारी नाम के मुस्लिम युवक ने अपना नाम 'रुद्र शर्मा' बताकर प्रेमजाल में फंसाया और छांगुर के पास ले जाकर धर्मांतरण करवाने की कोशिश की।

इस गिरोह का दूसरा तरीका लालच और धमकी देकर धर्मांतरण कराना था। छांगुर पीर और उसके गुर्गे उन लोगों को सबसे पहले निशाना बनाते थे, जो मुख्य तौर पर गरीब और असहाय हैं। इन्हीं लोगों को पैसे, विदेश में नौकरी, बंगले और लग्जरी गाड़ियों का लालच दिया जाता था। अगर कोई व्यक्ति छांगुर पीर के लालच में नहीं फंसता था और इस्लाम कबूल करने से मना कर देता था, तो उसे डराया-धमकाया जाता था। इसके अलाव झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी तक दी जाती थी। एक दलित व्यक्ति ने जब छांगुर पीर से मजदूरी मांगी, तो उसे काम देने की बजाय इस्लाम कबूल करने के लिए कहा गया। मालती देवी ने जब धर्मांतरण से इनकार किया, तो छांगुर पीर ने उस महिला पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत कर दी थी। इस तरह जो लोग छांगुर पीर की बात नहीं मानते थे, उन्हें परेशान किया जाता था। गिरोह के लोग ब्रेनवॉश और प्रचार भी करते थे। छांगुर पीर ने खुद की एक 'शिजर-ए-तैयबा' नामक किताब छपवायी, जिसमें ब्रेनवॉश कैसे किया जाता है, इसकी सारी जानकारी थी। यह किताब इस्लाम का प्रचार करती थी और इसमें ऐसे लोगों का जिक्र था, जो इस्लाम के लिए अपनी जान दे सकते थे।

छांगुप पीर ने धर्मांतरण के लिए जाति के अनुसार फीस तय कर रखी थी। धर्मांतरण के लिए लड़कियों की जाति के हिसाब से एक फीस तय थी। ब्राह्मण, क्षत्रिय, सरदार लड़कियों के लिए 15-16 लाख, पिछड़ी जाति की लड़कियों के लिए 10-12 लाख और अन्य जातियों के लिए 8-10 लाख की रकम तय थी।

जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर सिर्फ धर्मांतरण ही नहीं करवाता था, बल्कि वह सरकारी जमीन पर भी गैर-कानूनी तरीके से कब्जा करता था। वह कागजात में बदलाव करके जमीन को अपनी या अपने लोगों के नाम करवा लेता था। छांगुर पीर ने कुंडवा नाम के एक सरकारी तालाब को पूरी तरह से भरवा दिया था। तालाब को भरने के बाद उसने उस जगह पर अवैध तरीके से जमीन के छोटे-छोटे टुकड़े बना दिये और उन्हें बेच दिया। यह सब सरकारी नियमों के खिलाफ था। छांगुर पीर अपने गैर-कानूनी कामों को छुपाने के लिए कुछ खास और कोड वर्ड का इस्तेमाल करता था, ताकि बाहर के लोग उसकी बातों को समझ न पायें। जब वह लड़कियों को अपने जाल में फंसाने की बात करता था, तो उन्हें 'प्रोजेक्ट' कहता था। किसी के धर्मांतरण की प्रक्रिया को वह 'मिट्टी पलटना' कहता था। इसके अलावा यदि छांगुर पीर से कोई मिलने आता था तो इसे 'दीदार करना' कहा जाता था। किसी का ब्रेनवॉश करने या उसे अपने विचारों में ढालने को 'काजल करना' कहा जाता था। ये कोड वर्ड इसलिए इस्तेमाल किये जाते थे, ताकि छांगुर पीर के गलत काम किसी को आसानी से समझ न आयें और वह अपनी साजिशें चुपचाप चलाता रहे।

### इसाई मिशनरियों और आइएसआइ कनेक्शन

यूपी एटीएस की जांच में सामने आया है कि छांगुर पीर अवैध धर्मांतरण के लिए नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में सक्रिय कुछ इसाई मिशनरियों की मदद लेता था। वह इन मिशनरियों के स्वयंसेवकों से गरीब परिवारों की जानकारी लेकर उन्हें निशाना बनाता था। इसके अलावा छांगुर पीर के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से भी कनेक्शन सामने आये हैं। छांगुर पीर 'मिशन आबाद' का हिस्सा था, जिसके तहत धर्मांतरण के बदले उसे विदेश से पैसा मिलता था।

### एक सौ करोड़ की विदेशी फंडिंग ली है

यूपी एटीएस की जांच के मुताबिक इस धर्मांतरण नेटवर्क को विदेशों से एक सौ करोड़ से अधिक की फंडिंग मिली है। गिरोह के पास 40 से अधिक बैंक खाते हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर लेन-देन हुआ है। खास तौर पर खाड़ी देशों से फंडिंग आने की बात सामने आयी है। छांगुर पीर ने सामाजिक संगठनों जैसे आस्वी इंटरप्राइजेज, आस्वी चैरिटेबल ट्रस्ट, आसिपिया हसनी हुसैनी कलेक्शन, बाबा ताजुद्दीन आस्वी बुटीक के नाम पर बैंक खाते खुलवाये और इनमें चंदा जुटा कर विदेशों में पैसा भेजा। छांगुर पीर इन पैसों का इस्तेमाल हिंदुओं का धर्मांतरण करने, लग्जरी गाड़ियां, बंगले और शोरूम खरीदने में करता था।

### पीड़ितों की सही संख्या का पता नहीं

इस मामले के कुल पीड़ितों की संख्या स्पष्ट नहीं है, क्योंकि हर दिन एक नया खुलासा छांगुर पीर के खिलाफ सामने आ रहा है। यूपी एटीएस की गणना के अनुसार अब तक प्रदेश में हजारों हिंदुओं को मुस्लिम बनाया जा चुका है। 2022 में एक दलित व्यक्ति ने छांगुर पीर पर आरोप लगाया था कि उसने मजदूरी मांगने पर इस्लाम कबूल करने को कहा और ना करने पर धमकी दी थी। हाल ही में लखनऊ में 12 लोगों की घर वापसी करवायी गयी है, जिनका बलरामपुर के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर ने धर्मांतरण करवाया था। इनमें मंडवी शर्मा (जैनब), सोनू रानी, मालती, रीना, पल्लवी, हरजीत कश्यप जैसे नाम शामिल थे। हरजीत कश्यप ने बताया कि छांगुर पीर ने नागपुर में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर धर्मांतरण कराया था और विरोध करने पर दो मुकदमे दर्ज करा दिये थे।

### नसरीन के साथ लखनऊ के एक होटल से गिरफ्तार किया

यूपी एटीएस ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर को उसकी सहयोगी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन के साथ लखनऊ के एक होटल से गिरफ्तार किया, जहां वे 70 दिनों से मियां-बीवी बनकर रह रहे थे। छांगुर पीर की बलरामपुर के मधुपुर गांव स्थित आलीशान कोठी पर यूपी सरकार द्वारा बुलडोजर चलाया गया, क्योंकि इसे सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनाया गया था।

### मुख्यमंत्री का सख्त रुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छांगुर की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताया है और आदेश दिया है कि आरोपित और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जायेंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस पूरे रैकेट की यूपी एटीएस, पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जांच कर रही हैं। इडी ने मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है और छांगुर पीर और उसके साथियों से पूछताछ जारी है।

---

### बिहार विधानसभा सत्र की हंगामेदार शुरुआत

# विशेष गहन पुनरीक्षण पर विपक्ष ने किया प्रदर्शन, सदन स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हुआ। सत्र की शुरुआत काफी हंगामेदार रही। सदन के बाहर जहां विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर हंगामा करता नजर आया, तो वहीं सदन के अंदर भी शोर-शराबा हुआ। सदन के बाहर विपक्ष के सदस्य बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार को घेरते नजर आये। विपक्ष के नेताओं के हाथ में तख्ती नजर आयी, जिसमें 'बिहार में गुंडा राज' की बातें लिखी गयी थीं। राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि भाजपा हत्या करवा रही है। भाजपा चाहे, तो हत्या रुक सकती है। मंत्रिमंडल में दागी को शामिल किया गया है। समाज का कोई भी व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। अबकी बार महागठबंधन की सरकार बननी तय है। वहीं कांग्रेस और एआइएमआइएम के नेताओं ने



बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सरकार को घेरा। बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

बता दें कि बिहार की 17वीं विधानसभा का यह सत्र पांच दिनों का होगा। सोमवार से शुक्रवार तक चलने वाला यह सत्र छोटा जरूर है लेकिन काफी अहम है। इसी साल के अंत तक बिहार विधानसभा के चुनाव भी होंगे। ऐसे में नीतीश सरकार की यह कोशिश होगी कि इस विधानमंडल के मानसून सत्र में कई अहम विधेयकों को पास कराया जाये। जानकारी के मुताबिक, मानसून सत्र में नीतीश सरकार दर्जनभर विधेयक लायेगी। इनमें चार मूल, जबकि आठ संशोधन विधेयक हैं। बिहार विधानसभा तथा बिहार विधान परिषद से इन्हें पारित करा सरकार शीघ्र ही विधेयकों को कानून की शक्ल में राज्य में लागू करेगी। इनमें से आधा दर्जन से अधिक विधेयक युवाओं, बेरोजगारों, कामगारों, रैयतों आदि के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

---

# रिम्स में अब मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा के तहत भी होगा इलाज

**कर्मचारियों को मिलेगा सीधा लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के प्रमुख चिकित्सा संस्थान 'रिम्स' को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत पैनल में शामिल कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से अब रिम्स में इलाज कराने वाले मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के पात्र मरीज सीधे इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। यह कदम रिम्स आने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए आर्थिक चिंताओं से नहीं जूझना पड़ेगा। इस योजना के दायरे में रिम्स के सभी अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी और उनके आश्रितों को भी लाया गया है। यह रिम्स में कार्यरत सभी लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक बड़ा और कल्याणकारी कदम है। इस संबंध में रिम्स और झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी (जेएसएएस) के बीच जल्द ही एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये जायेंगे, जिससे सभी प्रक्रियात्मक और प्रशासनिक




कार्यों को औपचारिक रूप से क्रियान्वित किया जा सके। जेएसएएस द्वारा रिम्स कर्मियों का पंजीकरण तेजी से किया जा रहा है, ताकि लाभार्थियों को शीघ्र ही योजना का कवर मिल सके।

सोमवार को इस पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रिम्स और टाटा एआइजी के बीच एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किये गये। इस मौके पर रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ हीरेंद्र बिरुआ, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, उपाधीक्षक-2 डॉ राजीव रंजन, टाटा एआइजी के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ अमित सिंह, और एमडी इंडिया के जिला समन्वयक निलय प्रत्युष उपस्थित रहे। यह समझौता रिम्स और उसके कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा के एक नये युग की शुरूआत है।

---

# 50 लाख की ठगी करने वाले को सीआइडी ने गुजरात से किया गिरफ्तार

**जांच एजेंसी का अधिकारी बन मनी लांड्रिंग के झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी दी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सीआइडी की साइबर सेल ने एक बड़े साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़ किया है। सीआइडी की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए जूनागढ़ (गुजरात) निवासी रवि हंसमुख लाल गोपनिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने जांच एजेंसी का अधिकारी बनकर एक व्यक्ति को व्हाट्सएप कॉल पर मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी दी और 50 लाख रुपये की ठगी कर ली। सीआइडी के अनुसार, साइबर अपराधियों ने खुद को बेंगलुरु पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों (सीबीआइ एनसीबी, और एनआइए) का अधिकारी बताया और पीड़ित को 300 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की बात कही। साइबर अपराधी ने पीड़ित को वीडियो कॉल कर डिजिटल अरेस्ट किया और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर बैंक खातों के सत्यापन के बहाने धीरे-धीरे 50 लाख रुपये ठग लिये।



**जांच में खुलासा, एक ही दिन में खाते में आये 79 लाख रुपये**

सीआइडी ने तकनीकी और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर गुजरात के अहमदाबाद में छापेमारी की और एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। उसके पास से अपराध से जुड़े सामान भी बरामद किये गये। जांच में सामने आया कि आरोपी के नाम पर इंडियन बैंक में खाता संख्या 20307033166 खोला गया था, जिसमें एक ही दिन में 79 लाख रुपये जमा हुए। यह खाता पहले से ही बेंगलुरु के केन क्राइम थाना में दर्ज केस संख्या 405/2025 से जुड़ा पाया गया है। संबंधित बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है और ट्रांजेक्शनों की जांच जारी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |



## सिमडेगा में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना पर सीएम सख्त

# आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई होगी: हेमंत

**बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस को टैग करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की थी**



आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को अगवा करके अश्लील वीडियो बनाने और दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के स्वजन ने एक युवक पर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी उठाया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। उन्होंने सिमडेगा डीसी और सिमडेगा पुलिस से कहा है कि 'यह बिल्कुल बर्दाश्त के काबिल नहीं है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें अविलंब गिरफ्तार कर आगे कठोरतम कार्रवाई करें। साथ ही बच्ची एवं उनके पूरे परिवार की सुरक्षा एवं अन्य सभी सरकारी सहयता उपलब्ध कराते हुए सूचना दें।'

दरअसल पहले बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस को टैग करते हुए कहा है कि 'सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में नाबालिग बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है। एक मासूम बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाये जाने की घटना अति निंदनीय है। झारखंड पुलिस आरोपी को अविलंब गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दिलाये, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा, सहायता और न्याय दिलाने में हरसंभव मदद करें। बाबूलाल मरांडी के ट्वीट को ही रीट्विट करते हुए सीएम ने मामले पर संज्ञान लिया है।

जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय नाबालिग बीती 16 जुलाई की रात 9 बजे से लापता थी। काफी ढूंढने के बाद भी वह नहीं मिली। इसके तीन दिन बाद 19 जुलाई को सुबह लगभग 9 बजे घर वापस आयी तो उसने पिता से आपबीती बतायी। पीड़िता ने बताया कि स्थानीय निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने 16 जुलाई को रात 9 बजे फोन कर चुपके से घर से बाहर आने के लिए कहा था। घर से बाहर नहीं आने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी एक समुदाय विशेष का बताया गया है। नाबालिग ने कहा कि डर के कारण वह परिवार को बिना बताये घर से बाहर निकली। इसके बाद आरोपी अपने साथ ले गया और डरा-धमकाकर अश्लील फोटो, वीडियो दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने डरा-धमकाकर और बंधक बनाकर तीन दिन गलत काम किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपित ने तीन माह पहले भी उसे डरा-धमकाकर एक बगीचे ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाया और फोटो भी खींचे थे। आरोप है कि इन्हीं वीडियो और तस्वीरों को दिखाकर आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था। इधर, पुलिस ने आरोपित को कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है। कोलेबिरा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने कहा कि पुलिस पीड़िता का मेडिकल करायेगी। मामले में उचित कार्रवाई की जायेगी।

## पाकुड़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में मची है लूट: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम पर लूट मची हुई है। राज्य के लोगों को विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए केंद्र सरकार समय-समय पर राशि भेज रही है, लेकिन योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले इसके लिए राज्य सरकार कोई रुचि नहीं दिखा रही है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए कई योजनाएं लागू भी की गयी हैं, लेकिन वर्तमान में राज्य सरकार के कार्यकाल में इन योजनाओं को धरातल पर उतार कर कैसे किसानों को शत प्रतिशत लाभ पहुंचाया जाये इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण इन योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के नाम पर लूट मची है और किसानों की दशा सुधरने के बजाय बिगड़ते जा रही है।



भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पाकुड़ जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में लूट-खसोट की गयी है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ ही नहीं, बल्कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के नाम पर अन्य जिलों में भी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ये लोग सिर्फ अपना और परिवार का देख रहे हैं और जनता परेशान है। बाबूलाल ने कहा कि इन मुद्दों को इस बार विधानसभा के सत्र में पुरजोर तरीके से उठाया जायेगा।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का जल जीवन मिशन पर फोकस है। नल से हर घर जल पहुंचे इस दिशा में प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं। लेकिन झारखंड में इस पर कोई खास काम नहीं हो रहा है। इसलिए इस सत्र में जनता से जुड़े अहम मुद्दे को उठाया जायेगा।

### मामले की जांच करेंगे: हेमलाल मुर्मू



वहीं जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल छाजन समिति द्वारा कराये गये चैकडेम, तालाब, टीबीसी आदि योजनाओं अनियमितता पर उठ रहे सवाल पर लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि जल छाजन समिति द्वारा बरती गयी अनियमितता की जानकारी मिली है और इस मामले की वे खुद जांच करेंगे। इसमें जो भी अधिकारी, कर्मी, अभियंता दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई हो इसके लिए प्रयास करेंगे। साथ ही इस मामले को विधानसभा में भी उठाने का काम करेंगे।

# बेटियों से दुष्कर्म मामले में सरकार मौन: राफिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि बेटियों पर डायन प्रथा, दुष्कर्म और अपहरण के कहर के बावजूद झारखंड सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हाल के दिनों में महिलाओं और नाबालिग बच्चियों पर अत्याचार की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, जो प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया ने कहा कि एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर राज्य की बहन-बेटियां भय, हिंसा और शोषण के माहौल में जीने को मजबूर हैं।



उन्होंने कहा कि झारखंड की जमीन इस वक्त चीख रही है। वह महिलाओं व बेटियों के खून और आंसुओं से भीग चुकी है, पर सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने सरकार की कार्यशैली को जनविरोधी, असंवेदनशील और महिला विरोधी करार देते हुए तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के बरही गांव में डायन प्रथा के नाम पर एक महिला को निर्वस्त्र कर बर्बरतापूर्वक पीटा गया। उसके शरीर को ब्लेड से काटा गया। उसके बाल काटे गये और उसे भीड़ के सामने अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि झारखंड सरकार न तो डायन प्रथा उन्मूलन कानून को लागू करने में सक्षम है और न ही समाज में अंधविश्वास के खिलाफ कोई जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून होने के बावजूद अगर ऐसी अमानवीय घटनाएं हो रही हैं, तो यह सरकार की गंभीर प्रशासनिक असफलता है। कोलेबिरा की दूसरी घटना पर अपनी प्रतिक्रिया उन्होंने कहा कि एक 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म किया गया और उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक नाबालिग की मानसिक और शारीरिक हत्या के बराबर है। उन्होंने कहा कि राज्य में डिजिटल अपराधों और महिला सुरक्षा के प्रति सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि इस घिनौने अपराध पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है साथ ही आयोग की निष्क्रियता पीड़ितों के साथ अन्याय है।

# भाजपा को महिलाओं के मुद्दों पर राजनीति करने का नैतिक अधिकार नहीं: विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहा रही है, जबकि यही पार्टी उन राज्यों में मौन साध लेती है जहां उसकी खुद की सरकारें हैं और उन राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े कहीं ज्यादा हैं।

पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सबसे पहले झामुमो ने ही आवाज उठाई और कड़े कानून बनवाये। इन मामलों में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है और सरकार हर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।



उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाथरस, उन्नाव और मणिपुर जैसी घटनाओं पर भाजपा ने चुप्पी क्यों साध रखी थी? क्या यह दोहरे मापदंड नहीं हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले अपने शासित राज्यों में महिलाओं की स्थिति सुधारनी चाहिए, जहां कानून-व्यवस्था की हालत झारखंड से भी बदतर है।

विनोद पांडेय ने स्पष्ट किया कि हेमंत सरकार महिला सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठा रही है। राज्य में महिला पुलिस बल की संख्या बढ़ायी गयी है, महिला हेल्पलाइन को मजबूत किया गया है और फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा तेजी से हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को हर संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय सकारात्मक सहयोग करना चाहिए। महिला सम्मान के नाम पर झूठा विमर्श गढ़कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है, लेकिन झारखंड की जनता सच जानती है और झामुमो सरकार पर भरोसा करती है। जनता के आशीर्वाद से ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगातार दूसरी बार राज्य की बागडोर मिली है।

# जनहित के मुद्दों को उठाना सरकार से नाराजगी नहीं : केशव महतो कमलेश

**25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस ओबीसी विभाग की ओर से न्याय सम्मेलन होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ओबीसी विभाग की ओर से भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में झारखंड से भी सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। कमलेश सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन और मंत्रियों के बारे में भ्रामक समाचार प्रचारित प्रसारित करने की कोशिश की जा रही है।

कमलेश ने कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाना सरकार से नाराजगी नहीं बल्कि जनता की आवाज है। कमलेश ने कहा कि विगत दिनों ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी, विधायक राजेश कच्छप को लेकर विधायिका और कार्यपालिका के बीच भ्रांतियां फैलाने की कोशिश की गयी। वहीं उन्होंने एचइसी की जमीन के मामले में कहा कि इस मामले में सरकार कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार पूरी तरह से एकजुट है और एक मजबूत गठबंधन के साथ हम सरकार चला रहे हैं। गठबंधन का नेतृत्व युवा मुख्यमंत्री कर रहे हैं। कैबिनेट पूरी तरह जनहित की कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने में लगी है। इसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। मौके पर उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 83 वें जन्मदिवस पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से बधाई दी। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रभारी डॉ सीरीबेला प्रसाद, विधायक राजेश कच्छप, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक सहित अन्य मौजूद थे।

# देश की सबसे बड़ी ओबीसी विरोधी पार्टी है कांग्रेस: प्रतुल

**25 जुलाई के ओबीसी प्रदर्शन में भागीदारी की घोषणा सिर्फ नाटक है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी ओबीसी विरोधी पार्टी करार दिया। उन्होंने सोमवार को कहा कि 25 जुलाई के ओबीसी प्रदर्शन में भागीदारी की घोषणा सिर्फ नाटक है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने वाले मंडल कमेटी की सिफारिशों को कांग्रेस की दिवंगत इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 1980 से 1989 के बीच में कई वर्षों तक दबा कर रखा था। हद तो तब हो गयी थी जब अगस्त, 1990 में मंडल कमीशन रिपोर्ट को सदन में पेश किया गया, तब तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष राजीव गांधी ने इसका विरोध करते हुए इसे देश को तोड़ने वाला बताया था।



शाह ने कहा कि झारखंड में तो कांग्रेस ने पंचायत स्तर पर ओबीसी समुदाय को नेतृत्वविहीन कर दिया क्योंकि उनके गठबंधन सरकार ने बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवा लिया। इन्होंने तो बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव की भी अधिसूचना जारी कर दी थी। बाद में सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद मामला रुका। ट्रिपल टेस्ट और पिछड़ों को आरक्षण का मामला भी इस सरकार ने न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद लंबे समय से लटका कर रखा है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार की एकजुटता का दावा लगातार तथ्यों से टकराता है। एक तरफ कांग्रेस नेता कहते हैं कि कोई नाराज नहीं है, वहीं आये दिन विधायकों के अलग-अलग बयान, मंत्री और विधायकों की अनुपस्थिति, और अंसारी परिवार से जुड़ी घटनाएं अलग ही तस्वीर पेश करती हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की नगड़ी में रिम्स टू का विरोध करते हैं तो, दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी 'रिम्स टू वहीं बनेगा' का नारा लगाते हैं। दीपिका पांडेय सिंह अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने में बैठी थीं। इतने दिनों के बाद दिया गया इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण ही खुद संदेह पैदा करता है। हद तो तब हो जाती है कि जब कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त मुख्य सचिव की ओर से निर्गत आदेश को अंचलाधिकारी के मुंह पर फेंक देते हैं।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | इच्छित कार्य सफल होगा,रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा। |
| वृष | वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा,विपरीत स्थितियों में सुधार। |
| मिथुन | रोजी-रोजगार में सफलता, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा। |
| कर्क | पुरानी समस्या का समाधान मिलेगा, सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा। |
| सिंह | सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, मानसिक उलझनों का निवारण होगा, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी। |
| कन्या | नौकरी-व्यापार में रूकावटें दूर होंगी, नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। |
| तुला | दैनिक जीवन में आने वाली बाधाओं का शमन हो जायेगा, विविध समस्याओं का समाधान। |
| वृश्चिक | झंझटों और नाना प्रकार के अवरोधों के कारण किसी भी काम के बनने में शंका होने लगेगी। |
| धनु | राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा,चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी। |
| मकर | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| कुंभ | विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा। |
| मीन | घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, मनोकामनाएं पूरी होंगी। |

## पर्यटन मंत्री ने बाइक से लिया श्रावणी मेले का जायजा, श्रद्धालुओं से मिले

# सरकार तत्परता के साथ ग्राउंड जीरो पर मौजूद : सुदिव्य कुमार सोनू

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मंत्री सुदिव्य सोनू ने दूसरी सोमवारी को लेकर बाइक से श्रावणी मेले का जायजा लिया है। बाइक पर बैठकर उन्होंने पूरी व्यवस्था का निरिक्षण किया। उन्होंने जिला प्रशासन के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। इस दौरान वह जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता करते भी दिखे। इससे जुड़ा वीडियो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया है और कहा है कि 'आज देवघर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु राज्य सरकार हर मोड़ पर उनके साथ खड़ी है। चाहे वह आवागमन हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों, आवास की व्यवस्था हो या शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं, सरकार पूरी तत्परता के साथ ग्राउंड जीरो पर मौजूद है। मैं आशा करता हूं कि श्रावणी मेला के दौरान आप बाबा बैद्यनाथ धाम एवं बासुकीनाथ धाम से सुखद और यादगार अनुभव लेकर लौटें। श्रावणी मेला झारखंड का एक प्रमुख धार्मिक आयोजन है, जहां लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के दर्शन को पहुंचते हैं।



श्रावणी मेले की दूसरी सोमवारी की पूर्व संध्या पर ज़िला प्रशासन के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# इरफान अंसारी के बेटे कृष का अस्पताल में रील बनाना नादानी, निरीक्षण नहीं: राधा कृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कृष अंसारी द्वारा अस्पताल में रील बनाने की घटना को नादानी करार दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि रिम्स प्रबंधन ने किसी तरह की शिकायत नहीं की है, इसलिए इसे निरीक्षण नहीं माना जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री के पुत्र द्वारा रिम्स में रील बनाने, बैकग्राउंड में म्यूजिक और गाना डाल कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने की घटना पर मचे हंगामे के बाद वित्त मंत्री भी उसके बचाव में उतर आये हैं। इस प्रकरण में उन्होंने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी किया है। इसमें कृष से हुई बातचीत के आधार पर यह बताया कि है वह इंजीनियरिंग का छात्र है। फर्स्ट सेमेस्टर में 92.1 प्रतिशत अंक लाया है। वह अस्पताल में निरीक्षण नहीं कर रहा था। वह साथियों के साथ अपने टीचर के पिता को देखने रिम्स गया था। वीडियो में डॉक्टरों की उपस्थिति, अस्पताल की गंदगी सहित अन्य मुद्दे पर जानकारी लेने या निर्देश देने का ब्योरा नहीं है। दूसरी बात यह कि रिम्स प्रबंधन ने कोई शिकायत नहीं की है। इसलिए इसे निरीक्षण या मंत्री के अधिकार या कर्तव्य का दुरुपयोग नहीं है। वित्त मंत्री द्वारा जारी विज्ञप्ति में पारस अस्पताल से संबंधित वीडियो के मद्देनजर यह कहा गया है कि वह अपने दोस्त के भाई को देखने गया था। इस मामले को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है।



## चंदवारा में धूमधाम से निकली कांवर पद यात्रा, हजारों लोग हुए शामिल



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** सावन महीने के दूसरे सोमवारी के मौके पर चंदवारा में पूरे धूमधाम से कावर पद यात्रा निकाली गयी। कावर पद यात्रा धार्मिक उत्सव का प्रतीक है। हजारो की संख्या में श्रद्धालु इस पदयात्रा में शामिल हुए। पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में तब्दील हो गया। इस यात्रा की शुरुआत चंदवारा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत उत्तर वाहिनी गौरी नदी से हुई जहां श्रद्धालुओं ने गौरी नदी से पावन जल लेकर चंदवारा बस्ती, महतो आहार, फुटानी चौक जोंगी होते हुए दो मोहानी धाम पूतो पहुंच कर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किये। इस कावर पद यात्रा में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, दो मोहानी धाम पूतो मंदिर के मुख्य पुजारी सुगेश्वर पंडित, चंदवारा प्रमुख मंजू देवी, उप प्रमुख खुशबू देवी शामिल हुई। इस दौरान महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज व दो मोहानी धाम पूतो मंदिर के मुख्य पुजारी सुगेश्वर पंडित को भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। सभी ने कांवड़ पद यात्रा के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी और क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रमुख मंजू देवी, उप प्रमुख खुशबू देवी, चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने कहा कि कांवड़ यात्रा सिर्फ एक तीर्थयात्रा नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक एकता, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक भी है। कांवड़ पद यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था काफी तगड़े प्रबंध किये गये थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार, थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार श्रद्धालुओं के साथ दिखे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, योगाचार्य प्रदीप सुमन, सुषमा सुमन, प्रमुख प्रतिनिधि विजय मोदी, चंदवारा पश्चिमी पैक्स अध्यक्ष विजेंदर यादव, थाम मुखिया पुष्पा देवी, चंदवारा पश्चिमी मुखिया सन्तोष कुमार कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह, प्रदीप सिंह, लीलावती देवी, राजू यादव, छोटेलाल मोदी, मनोज राणा, गौतम कुमार, कृष्णा राणा, अशोक सिंह, महेंद्र यादव, बिनय राणा, रामप्रसाद यादव, संजीवनी अकादमी के निदेशक संजीव कुमार समेत हजारो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अवैध शराब ले जाते तीन गिरफ्तार



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** बीती रात्रि में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डोमचांच थाना के रास्ते वाहन में चोरी छिपे अवैध शराब को बिहार कि ओर व्यापार के लिए परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुअनि ओमप्रकाश कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोमचांच थाना क्षेत्रान्तर्गत महेशपुर चौक के पास सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में एक स्विफ्ट वाहन को रूकने का इशारा किया गया, परंतु वाहन चालक पुलिस चेकिंग को देख वाहन खड़ा कर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया। वाहन की जांच करने पर वाहन के सीट के नीचे बनाया गया चदरे के बाक्स में करीब 58 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद किया गया और अवैध अंग्रेजी शराब के परिवहन करने वाले तीन अभि?क्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना कांड संख्या- 59/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों में सोनु कुमार, सन्नी कुमार और संदीप कुमार, शामिल हैं। छापेमारी में डोमचांच प्रभारी ओमप्रकाश कुमार, पुअनि सुबोध कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हजारीबाग में खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में अवैध खनन के विरुद्ध संचालित अभियान और की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गयी। बैठक में डीसी ने जिले के विभिन्न चेक पोस्टों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और चेक पोस्टों को सतत रूप से क्रियाशील और प्रभावी बनाये रखने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध रूप से बालू लाने वाले वाहनों पर विशेष निगरानी रखने पर भी बल दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माह जून 2025 में जिला खनन कार्यालय द्वारा कुल 01 मामलों में कार्रवाई करते हुए 26 वाहनों को जब्त किया गया है, जिनमें बालू लदे 08 वाहन और स्टोन चिप्स लदे 18 वाहन सम्मिलित हैं। इस दौरान 01 पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है और 5.62 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गयी है। जिला परिवहन विभाग द्वारा भी अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न मदों में कुल 1 लाख का दंड वसूला गया है। साथ ही 48 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाये गये हैं। उपायुक्त ने कहा कि माह जून में विभिन्न अंचलों में कमतर कार्रवाई की गयी है जो संतोषजनक नहीं है। उन्होंने शून्य प्रतिवेदन वाले प्रखंडों को सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक प्रभावी है। बैठक में अपर समाहर्ता, सदर और बरही अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## बड़कागांव में हर दिन ट्रैफिक जाम से लोग परेशान



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव में नो एंट्री का उलंघन होने से हर दिन हर घंटे दर घंटे सड़क जाम होती है। इससे बड़कागांव के लोगों को पैदल चलने में भी मुश्किल होता है।भारी वाहन हाईवा, ट्रक, पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना के माइंस जाने वाली तीन बसों को एक साथ आने से नो एंट्री का उल्लंघन होता हैं। सड़क जाम में एंबुलेंस का फंसना आम बात हो गयी है। एंबुलेंस के मरीज दर्द से तड़पते रहते हैं। ज्ञात होगी 18 जून को 8:30 बजे सुबह में कंपनी एक बस में बजरंग दल के महामंत्री इंग्लेश सोनी को अपने चपेट में ले लिया था। जिस कारण वह बुरी तरह घायल हो गया था। इस संबंध में 19 जून को बड़कागांव के बुद्धिजीवी वर्गों और ग्रामीणों के साथ त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड के पदाधिकारी और पुलिस प्रशासन द्वारा बैठक हुई थी। जिसमें निर्णय लिया गया था कि कंपनी की बसे एक साथ परिचालन नहीं होगा। बैठक में बनाये गये नियम को कुछ ही दिन कंपनी के बसों द्वारा पालन किया गया। लेकिन अब पहले ही जैसा कंपनी की बसें एक साथ परिचालन होता है। जिससे चौक में जाम लगा जाता है। बताया जाता है कि नो एंट्री लो का समय सुबह 6:00 बजे से रात 9:30 बजे तक है। हलांकि डीएसपी पवन कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में सड़क जाम हटाने के लिए बड़कागांव मुख्य चौक में पुलिस और होमगार्ड के जवान को लगाया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी हाईवा और ट्रक नो एंट्री का उल्लंघन कर घुस जाते हैं।

# डायन-बिसाही बता महिला को किया प्रताड़ित, सात पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** जरहिया गांव की पार्वती देवी पति स्व रामेश्वर यादव ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर ओझा समेत जरहिया गांव के 7 लोगों पर सिर मुंडवाने, ब्लेड से चीरा लगाकर खून निकालने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। बरही थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों में से एक शंभू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पार्वती देवी ने बताया है कि 18 जुलाई की रात 10 बजे जरहिया गांव के सुरेश यादव, विनोद यादव, मनी यादव, शंभू यादव, मनोरमा देवी, किरण देवी सभी ग्राम जरहिया और खाड़ी चंदवारा गांव के महावीर



पांडे उसके घर में जबरदस्ती घुस गये और डायन का आरोप लगाकर निर्वस्त्र कर मारपीट किया और डायन बिसाही का कर्मकांड करवाया। सुरेश यादव और विनोद यादव अपने हाथों से उसके शरीर को जकड़ लिया। ओझा महावीर पांडे उसके ललाट, छाती, नाभि के पास, दोनों हाथों की छोटी उंगली और दोनों पैरों की छोटी उंगलियों को ब्लेड से चीर दिया और चीरा को दबाकर खून निकाला और डायन बिसाही का कर्मकांड किया। यह कर्मकांड रात 10 बजे से 3 बजे तक होता रहा। इस बीच विनोद यादव ने कर्मकांड का खर्च 1 लाख रुपये देने का दबाव बनाने लगा। उस समय उसके घर में 20 हजार रुपया था जो विनोद यादव को दे दिया। दूसरे दिन 19 जुलाई को 3 बजे रात्रि में बोलेरो गाड़ी से ओझा महावीर पांडे, विनोद यादव, सुरेश यादव और मनी यादव उसे लेकर प्रेतशिला गयाजी लेकर गये और जबरदस्ती उसका सिर मुंडवाकर डायन बिसाही का कर्मकांड करवाया। इसके बाद 80 हजार रुपये देने के लिए दबाव बनाने लगे। उसने विनोद यादव के फोन से अपने पुत्र को फोन कर उसके नंबर पर पैसा भेजवाया। रात 10 बजे सभी लोगों ने उसे बरही बाजार में लाकर छोड़ दिया और धमकी दी कि इस घटना को किसी को मत बताना नहीं तो टुकड़े टुकड़े करके तिलैया डैम में फेंकवा देंगे। इसके बाद सभी बोलेरो लेकर चले गये। वह रात में ही अपने घर जरहिया पैदल गयी। उस समय उसका पुत्र सतीश यादव मधुबनी बिहार में अपने काम पर था। उसने उसे फोन करके आपबीती सुनाई। उसके बाद वह 20 जुलाई को शाम 6 बजे घर आकर उसे थाना लेकर आया। विनोद यादव शेष राशि अदा करने के लिए उसपर दबाव बना रहा है। नहीं देने पर उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पार्वती देवी ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### विधायक डॉ नीरा यादव ने नगर विकास की योजनाओं को लेकर की बैठक

# कोडरमा नगर पंचायत प्रशासक को लगायी फटकार

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को स्थानीय विधायक व राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कोडरमा और डोमचांच के प्रशासक और विभाग के अन्य अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। विकास योजनाओं में अनियमितता, जरूरी योजनाओं की जगह गैर जरूरी योजनाओं के चयन के साथ ही स्थल का गलत चयन, गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने के मामलों में उन्होंने नगर पंचायत के प्रशासक की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया और कहा कि बिना शिलान्यास कराए योजनाओं का कार्य कराना उनकी मनमर्जी को दर्शाता है। बैठक में मौजूद उपायुक्त ऋतुराज ने प्रशासक को निर्देश दिया कि जितनी भी योजनाएं हैं सभी का शिलान्यास



कराना सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा में पहले भी स्ट्रीट लाइट लगा था, खराब होने पर ठीक नहीं कराया गया और बाजार से अत्यधिक दर पर फिर स्ट्रीट लाइट लगवाया गया। जो लाईट जेम पोर्टल या ऑन लाइन 12 सौ से 24 सौ में उपलब्ध है, वह 6 हजार से अधिक की दर पर खरीदा गया। वहीं 36 सौ से 6 हजार तक में उपलब्ध सीमेंट का बेंच लगभग 14 हजार में खरीद कर वित्तीय अनियमितता और राशि की बंदरबांट की गयी। इसी तरह स्प्रिंग पोस्ट और अन्य योजनाओं में भी गड़बड़ी की गयी है। उन्होंने उपायुक्त से वर्तमान प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा के कार्यकाल में हुए सभी कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने को कहा। उपायुक्त ऋतुराज ने बताया कि इस बात एसडीओ की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन कर दिया गया है। वहीं विधायक ने कोडरमा में एक करोड़ 27 लाख की लागत से बन रहे जॉगर्स पार्क के स्थल को भी असुरक्षित बताते हुए बड़ी राशि के अपव्यय की बात कही। झुमरीतिलैया में जाम से छुटकारा और ठेला व सब्जी विक्रेताओं को स्थाई जगह उपलब्ध कराने का भी विधायक ने प्रशासक अंकित कुमार को निर्देश दिया। बैठक में यह भी बात आई कि 2019 में कोडरमा उच्च विद्यालय के सामने जिला पुस्तकालय निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ था, वहां पुस्तकालय का निर्माण कराया जायेगा। इस बैठक में उपायुक्त के अलावा नगर पंचायत और नगर परिषद के प्रशासक के साथ ही सिटी मैनेजर और अन्य कर्मी मौजूद थे।

### संगठन को मजबूत बनाने को लेकर हुआ कांग्रेस का प्रशिक्षण कार्यक्रम

# बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है : डॉ सिरीवेला

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा बदलाव की नीव रख रहें हैं: केशव महतो कमलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संगठन सृजन 2025 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उत्तरी छोटानागपुर के हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रखंड व नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री और कई प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। संगठन को मजबूत करने की दिशा में राजनीतिक प्रशिक्षण देते हुए मुख्य अतिथि उप प्रभारी डॉ. सिरीवेला प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की विचार धारा जन-जन




तक पहुंचाना और आगामी चुनाव में कार्यकर्ताओं की प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के पुनर्गठन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। कांग्रेस का लक्ष्य हर गांव हर टोला और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की धरती पर पुनर्जागरण का दौर शुरू हो चुका है। हम केवल संगठन खड़ा नहीं कर रहें है बल्कि हम उम्मीद और बदलाव के नीव रख रहें हैं।

पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि ये अभियान मात्र एक संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं बल्कि कांग्रेस की जड़ों को गांव, पंचायत और हर घर तक मजबूती का एक संकल्प है। पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आज देश की राजनीति में लोकतांत्रिक मुल्यों को जिस तरह से अनदेखी की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ अध्यक्ष मुन्ना पासवान और चतरा अध्यक्ष प्रमोद दुबे और धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने किया। वक्ताओं में विधायक ममता देवी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मीडिया अध्यक्ष सतीश पाल मुंजनी, सोशल मीडिया अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, एसटी अध्यक्ष केदार पासवान, उपाध्यक्ष भीम कुमार, महासचिव बिनोद कुशवाहा आदि ने अपनी बाते रखी। मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, वरिष्ठ नेता दिगम्बर मेहता, अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, संजय तिवारी, गुड्डू सिंह, परवेज आलम,विजय कुमार, निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, रविन्द्र गुप्ता, लालमोहन रविदास समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बार एसोसिएशन भवन बनाने के लिए वेंडर शेड ध्वस्त, दुकानदार दहशत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** व्यवहार न्यायालय परिसर हजारीबाग में स्टेशनरी, फॉर्म, फोटो स्टेट और अन्य दुकान चलाने वाले दुकानदार दहशत में है। इनकी दुकान बार भवन के बाउंड्री से सटे एक लाइन में बनी हुई है। दुकान के सामने स्थित स्टांप वेंडर के शेड को बार एसोसिएशन का भवन बनाने के लिए ध्वस्त कर दिया गया और बार एसोसिएशन के अधिवक्ता दुकानदारों को अपनी दुकान हटा लेने के लिए कह रहे हैं। परिसर में ऐसे दुकानदारों की संख्या 24 है। एकदुकानदार ने बताया कि हमारी दुकान 50 से 60 साल से चल रही है। हजारीबाग उपायुक्त के आदेश पर खास महाल पदाधिकारी ने उनको दुकान बंदोबस्त किया है। हमलोग खास महाल को नियमित



रूप से किराया देते आ रहे हैं। हम लोगों को खास महल की ओर से कोई नोटिस नहीं दिया गया है। अब हम लोगों पर अघोषित रूप से दुकान हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। सामने का शेड हटाने आये अधिवक्ताओं ने यह भी कह दिया कि रात में दुकानों को ध्वस्त किया जायेगा। अन्य दुकानदारों ने डीसी हजारीबाग से मिलकर अपनी व्यथा बताया। डीसी ने दुकानदारों को खास महल पदाधिकारी से मिलने को कहा। खास महल पदाधिकारी ने कहा है की दुकान अगर हमने अलॉट किया है तो उसे हटाने का भी आदेश हम ही दे सकते हैं। परिसर में स्टेशनरी दुकान चला रहे एक अन्य दुकानदार ने कहा की दुकान को चलाते हुए हमारी उम्र निकल गयी, अब हम कोई दूसरा काम नहीं कर सकते हैं। हम वैध रूप से दुकान चला रहे हैं। जिस प्रकार से उन्हें धमकी दी जा रही है उसमें वह भय के माहौल में हैं।

फिलहाल इस मामले में हजारीबाग के प्रमुख सत्र और जिला न्यायाधीश रंजीत कुमार ने कहा है कि बार एसोसिएशन की बिल्डिंग बनी है इसमें उनका लिस्ट इंटर-फियरेंस रहता है और उनका और प्रशासन का उसमें सहयोग उन्हें जरूर मिलेगा परंतु एक बात पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसी को दिक्कत ना हो, किसी को तकलीफ ना हो इसका भी ख्याल रखा जाना चाहिए। क्योंकि छोटे-छोटे जो दुकानदार है जो मुंशी है उनका यही से रोजी-रोटी चलता है। फिलहाल वहां पर तनाव का माहौल है और ऐसे में छोटे-छोटे दुकानदार खौफ के साए में अपनी दुकान चला रहे हैं और उन्हें डर भी है कि कभी भी उनकी दुकान तोड़ी जा सकती है।

## दूसरी सोमवारी पर मंदिरों में किया गया जलाभिषेक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी में शिव चर्चा महिला समुह के महिलाऐं रानी पाठक, पुष्पा देवी और प्यासी देवी के नेतृत्व में जल यात्रा का आयोजन किया गया। जो अमनारी शिव मंदिर से निकल कर गांव भ्रमण करते हुए बौधा डैम में जल उठाकर गांव के दोनों शिव मंदिर जलाभिषेक किया। जल यात्रा में महिलाओं ने बैंजु के धुन में नाचते और बोलबम की जयकारे के साथ बौधा डैम पहुंचे। पंडित केदार पांडेय, उपेंद्र पांडेय और सुरेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल उठाया। पुरा गांव बोल बम की जयकारे से गुंज उठा। जल यात्रा में जिप सदस्य रामप्रसाद, मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, कौलेश्वर कुमार, कृष्णा प्रसाद, सीताराम महतो, किशोर वर्मा, जानकी महतो, देवगंगा, सुरेश महतो, हेमराज महतोसरोज देवी, मीना देवी, सरस्वती देवी, पुनम देवी, शारदा देवी, सुमित्रा देवी, मंजु देवी, ललिया देवी, किरण देवी, रेखा देवी, शांति देवी, पुजा देवी, बसंती देवी, आरती देवी, मिनी अग्रवाल, आशा कुमारी समेत अन्य महिलाएं शामिल थी।

## बड़कागांव में जलाभिषेक कर की गयी पूजा-अर्चना




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड स्थित सभी शिवालयों में श्रावण मास के दूसरी सोमवारी को श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी और पूजा अर्चना की। महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में 2:00 बजे रात्रि से श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की, और घर परिवार समाज पंचायत प्रखंड जिला और राज्य कि सुख समृद्धि की कामना की। बुढ़वा महादेव मंदिर में शाम तक जलाभिषेक कर पुजा अर्चना की गयी। बुढ़वा महादेव मंदिर में बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति और श्रावणी मेला पूजा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कतर वध होकर पूजा अर्चना करने की व्यवस्था की गयी है। वही रानी तालाब के पास पूजा सामग्री की दुकान और अन्य स्टॉल लगाये गये हैं। 105 किलोमीटर पैदल यात्रा कर रजरप्पा मंदिर से जल उठाकर बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओ जलाभिषेक कर कर पूजा अर्चना की। बड़कागांव प्रखंड के सांढ, शिवाडीह, पिपराडीह, बिश्रामपुर, गोसाई, बलिया, खरार्टी, नापो, चुनातरी, रावतपारा, बाबूपारा, गोंदल पूरा, बादम, महूगाई, हरली, चंदौल, बरवाडीह, बड़कागांव, केरीगड़ाह, लगातू, सीकरी, पड़रिया, खैरातरी, कांडतरी, मिजार्पुर, सोनपुरा, महुदी, सतबहीया, पलांडू, कुंदरु, चेलंगदाग, उरेज, चोराटोगरी, परेवातरी, तालाश्वर, आदि गांव के शिवालयों में पूजा अर्चना की गयी।

## शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** विश्व शतरंज दिवस के अवसर पर जीएम इंटर महाविद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के 11वीं कक्षा और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 12वीं कक्षा के साहिल कुमार तथा बालिका वर्ग में रितिका कुमारी ने विजय हासिल की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण खेल है जिससे बच्चों का बौद्धिक और मानसिक विकास होता है साथ ही साथ एकाग्रता में वृद्धि होती है। शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के मार्गदर्शक के रूप में शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, अजीत हंसदा, रवि कुमार महतो, संजीत यादव, ज्योति बाला आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्राचार्य को सौंपी गयी खेल सामग्री




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा उपलब्ध कराये गये खेल सामग्री को भाजपा नेताओं ने विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य फणीश्वरनाथ महतो को सौंप दिया। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि दीपू भाई ने बताया कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा जिले में खेल को बढावा देने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण किया जा रहा है जिसे आज विष्णुगढ़ में वितरण किया गया। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा कन्यादान कार्यक्रम के तहत कई जोड़ियों का विवाह संपन्न कराया गया। जरूरतमंदों के बीच लहंगा वितरण किया गया। अभी फिलहाल में सांसद तीर्थ यात्रा कार्यक्रम जारी है, आगे भी कई योजनाएं जनहित में चलाये जायेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दीपू भाई, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष अशोक कुमार, प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य फणीश्वर नाथ महतो, पर्यावरण सर्प मित्र सुरेश राम, जयनाथ साव, अनुभव भारती, साहित कई छात्र-छात्राओं भी मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट, मामला दर्ज

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लश्करी में जमीन जोतने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक - दूसरे पर आरोप - प्रत्यारोप लगाते हुए बरही थाने में अलग-अलग आवेदन दिये, जिसके आधार पर कुल 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पहले पक्ष की ओर से सत्येंद्र रजक के आवेदन आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 265/25 दर्ज की गयी है, जिसमें एक महिला समेत चार लोगों को नामजद किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से रीना देवी (पति भुनेश्वर रजक) के आवेदन पर कांड संख्या 266/25 दर्ज की गयी है, जिसमें तीन महिलाओं समेत दस लोगों को नामजद किया गया है। घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार की सुबह कोडरमा थाना क्षेत्र के समाहरणालय के समीप दो बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल की पहचान अरुण थापा उम्र 20 वर्ष ग्राम कोडरमा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार समाहरणालय के समीप दो बाइक आपस में जोरदार टक्कर होने से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। इसके बाद कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## झामुमो नेता संजीव बेदिया ने निजी खर्च से कराया कलवर्ट पुलिया का निर्माण



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** जरजरा चौक से लेकर गरसुला, गिद्दी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क तेतरिया नाला का पुल पिछले वर्ष ही अत्यधिक वर्षा होने के कारण टुट कर बह गया था। पुल टुट कर बह जाने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को अवागमन करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बताते चलें कि यह सड़क उरीमारी, पोटंगा, आंगो, गरसुला पंचायत के दर्जनों गांवों को जोड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी गरसुला पंचायत के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को विद्यालय जाने में होता है। जिसे लेकर ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के शिक्षा से संबंधित कठिनाइयों को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह गृह क्षेत्र के स्थानीय शुभ चिंतक संजीव बेदिया ने तेतरिया नाला के टुटे हुए पुल के बगल में कलवर्ट पुलिया के साथ डायवर्सन सड़क का निर्माण निजी खर्च से पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी करवाया। वहीं श्री बेदिया ने कहा कि तेतरिया नाला का टुटा हुआ पुल बरसात खत्म होने के बाद पुल का निर्माण कार्य शुरू करवाने का प्रयास करुंगा। मौके पर संजीव बेदिया, नीलकंठ महतो, शंकर साव, शत्रुघ्न सिंह, संजय करमाली, गुड्डू साव, संजय साव, बिनोद बेदिया आदि मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने बांटा खेलकूद किट



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कूल में सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से खेल कूद किट सामग्री उपलब्ध कराया गया था। जिसका वितरण सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सह जिप सदस्य राजाराम प्रजापति उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि राजाराम प्रजापति ने कहा कि खेल सामग्री कीट वितरण के पीछे कारण यह है कि सांसद का विचार है कि खेल कूद से शारीरिक और मानसिक विकाश होता है। वहीं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो ने सांसद के उपलब्धियों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएस हाई स्कूल के प्राचार्य रविंद्र रविदास और संचालन शिक्षक बेनेश्वर कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर प्रमोद प्रकाश सिंह, गणेश कुमार ठाकुर, अवधेश सिंह शिक्षक प्रमोद कुमार चितलांगिया, अंशु कुमार, श्वेता कुमारी, निर्मला कुमारी, अजय कुमार, अशोक ठाकुर और सैकड़ों छात्र और छात्राएं उपस्थित थे।

## चितरपुर सुवर्णवणिक समाज के अध्यक्ष गौतम और सचिव अमित बने



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर के जवाहर रोड स्थित सुवर्णवणिक दुर्गा मंदिर में समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप चंद्र पोद्दार व संचालन शंकर चंद्र पोद्दार ने की। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास और संगठन की मजबूती पर विचार – विमर्श किया गया। बैठक में शामिल कई लोगों ने समाज की बेहतरी के लिए अपना विचार और सुझाव दिया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से सुवर्णवणिक समाज का चितरपुर प्रखंड कमेटी गठन किया गया। जिसमें संरक्षक दिलीप चंद्र पोद्दार, अध्यक्ष गौतम चंद्र पोद्दार, उपाध्यक्ष मिहिर चंद्र पोद्दार, उपाध्यक्ष प्रकाश दत्ता, सचिव अमित पोद्दार, सह सचिव ज्ञानचंद्र पोद्दार, सह सचिव संजय पोद्दार, कोषाध्यक्ष श्रीकांत पोद्दार, उप कोषाध्यक्ष मिथुन पोद्दार, उप कोषाध्यक्ष संतोष पाल, प्रवक्ता शंकर चंद्र पोद्दार संगठन मंत्री शिवम पोद्दार, सह संगठन मंत्री गोपी पोद्दार के अलावा कमल साव, भरत चंद्र पोद्दार, असित दत्ता, जयंत पोद्दार, मनीष पोद्दार, गौतम पोद्दार, संतोष पोद्दार, विकास पोद्दार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक के अंत में समाज द्वारा आगामी दिनों में किये जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गयी। बैठक में समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## टीएसपीसी उग्रवादी के साथ पुलिस की मुठभेड़

**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अनगरा जंगल में टीएसपीसी उग्रवादी सात से आठ के संख्या में होने के सूचना के बाद सर्च ऑपरेशन में पहुंचे पुलिस के साथ मुठभेड़ हुआ पुलिस को भारी देखता उग्रवादी संगठन जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। घटनास्थल से नक्सलियों के दैनिक उपयोग के सामग्री में मोबाइल फोन, पावर बैंक, खाने के समान, दवाई, छाता, जूता और कई अन्य समान बरामद हुआ। मुठभेड़ में उग्रवादी संगठन शशिकांत का दस्ता और कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह व एसएसबी 35 बिन असिस्टेंट कमांडेंट सिद्धार्थ सिंह की टीम के साथ मुठभेड़ हुआ। उग्रवादी के धर पकड़ के लिये पुलिस के द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## वारी सोलर पावर सेंटर का शुभारंभ

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** शहर के बाजार समिति परिसर में रामगढ़ होगा ग्रीन एनर्जी से लाभान्वित, ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहन और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सोमवार को वारी सोलर पावर सेंटर का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन संचालक के पिता नारायण सिंह ने फीता काट कर किया। मौके पर संचालक कुमार हरीश वत्स ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत घरेलू और औद्योगिक क्षेत्र में सोलर पैनल के माध्यम से बिजली उत्पादन कर घर और दुकान को रोशन कर सकते हैं। सरकार की ओर से सभी ग्राहकों के लिए सब्सिडी की भी व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से उत्पन्न बिजली को खपत के बाद जो बच जाए इसे सरकार के खाते में जमा कर उसका भी लाभ उपभोक्ता को मिलेगा। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई सारी सुविधाओं को इस योजना से सज्जित किया है और इसका लाभ जिले के लोग उठा सकते हैं।

## रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का पदस्थापना समारोह संपन्न

# लंबे समय से सेवा के क्षेत्र में काम कर रहा है रामगढ़ रोटरी क्लब : विधायक

**संजय अग्रवाल अध्यक्ष और विजय कुमार बने सचिव**

**विधायक ममता देवी रोटरी रामगढ़ की बनी ओनेरी मैंबर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ का 64 वां पदस्थापना समारोह गांधी चौक स्थित रमणीक लाल मानिक मेमोरियल रोटरी हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन करके किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी, रोटरी सह-जिलापाल धीरज सिंह, संजय अग्रवाल, विजय कुमार, राजेंद्र जैन, निलांजन दत्ता, प्रदीप सिंह, राहुल जैन ने मिलकर किया। स्वागत भाषण निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने दिया। जबकि निवर्तमान सचिव निलांजन दत्ता ने सचिव प्रतिवेदन पेश किया। वहीं निवर्तमान सत्र के दौरान बढ़िया काम करने वाले सदस्यों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नये सत्र के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की टीम ने शपथ ग्रहण किया। जिसमें उपाध्यक्ष संजय जैन, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में राहुल जैन, कमलेश्वर सिंह, निलांजन दत्ता, राजेश मोदी, विजय पोद्दार, प्रदीप सिंह को पिन देकर किया गया। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और राहुल जैन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का बुके प्रदान कर स्वागत किया गया।



### मौके पर ये थे उपस्थित

इस मौके पर रोटरी क्लब के विजय कुमार, डॉ वीके चौधरी, सुरेश पी अग्रवाल, डॉ एके बरेलीया, संतु भाई मानिक, प्रदीप सिंह, विमल बुधिया, मनजीत साहनी, पलविंदर सिंह वुडवाल, सुरेश बगड़िया, उत्तम चौधरी, निलांजन दत्ता कमलेश्वर सिंह, अरुण कुमार राय, बजरंग महतो, पंकज तिवारी, राहुल जैन, राजेंद्र जैन, संजय शर्मा, विजय पोद्दार, देवांशु साहा, संजीव सिंह संजू, जानू कालरा, संजय कुमार, परमजीत सिंह धामी, राजेश मोदी, धीरज सिंह, सुरेश बोंदिया, आनंद हेतमसरिया, संजय जैन, बालकिशन जालान, महेश रानीलिया, नंदकिशोर गुप्ता, संजय अग्रवाल, राजेश कुमार, बिमल बुधिया, आशीष दास, डॉ रोहित वर्मा, डॉ आर के झा, दीपक अग्रवाल, विशाल वासुदेवा, गौरी शंकर अग्रवाल, परमजीत सिंह धामी, श्रीकांत गुप्ता, आदर्श चौधरी, देवांशू सहा, संजना अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, कंचन माला, नमिता सराफ, प्रियंका जैन, रेनू सिंह, सीमा सिंह, खुशबू जैन, रजनी गुप्ता डॉ कांता सोबती, विद्या अग्रवाल, बलजीत कौर आदि मौजूद थे।

**क्लब का समाज सेवा के क्षेत्र में पुराना इतिहास रहा है: संजय अग्रवाल:** मौके पर क्लब के नये अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि क्लब वर्षों से जो प्रोजेक्ट करते आ रहा है, उसे जारी रखा जायेगा। क्लब का समाज सेवा के क्षेत्र में पुराना इतिहास रहा है। हम इस परंपरा को जारी रखेंगे। सचिव विजय कुमार ने आन वाले प्रोग्राम के बारे मे जानकारी दी।

**विधायक ममता देवी बनी ओनेरी मैंबर:** विधायक ममता देवी को रोटरी पिन पहनाकर रोटरी क्लब रामगढ़ का ओनेरी मैंबर बनाया गया। संजय कुमार और पलविंदर सिंह को रोटरी पिन पहनाकर रोटरी क्लब रामगढ़ का सदस्य बनाया गये। सह-जिलापाल धीरज सिंह ने नये सत्र के पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी।

**रोटरी क्लब रामगढ़ का पुराना सामाजिक क्षेत्र में इतिहास रहा है: ममता:** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी ने कहा कि रोटरी क्लब रामगढ़ का पुराना सामाजिक क्षेत्र में इतिहास रहा है। रोटरी क्लब रामगढ़ लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक सेवा की क्षेत्र में कार्य कर रहा है। टोकन ऑफ लव, रोटरी प्रतीक चीन देकर ममता देवी को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राइटेरियन कांता सोबती ने दिया।

# स्कूल की सीढ़ी पर लड़खड़ाकर गिरा छात्र, मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को एक लड़के की मौत बेहद रहस्यमयी तरीके से हो गयी। इस हादसे के बाद स्कूल परिसर में खलबली मच गयी। जानकारी के अनुसार शहर के पारसोतिया मोहल्ला निवासी राजेश कुशवाहा का 15 वर्षीय पुत्र अमोल कुमार उर्फ सौरभ सोमवार की सुबह स्कूल गया था। स्कूल की सीढ़ियों पर चढ़ते वक्त ही वह अचानक लड़खड़ाकर गिरा और बेहोश हो गया। जब तक स्कूल के बच्चे और शिक्षक कुछ समझ पाते अमोल की मौत हो गयी। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन के द्वारा तत्काल सभी बच्चों की छुट्टी कर दी गयी।



**घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने की जांच :** घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर पीके सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। 15 वर्षीय छात्र अमोल कुमार राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 9वीं कक्षा का छात्र था। वह सुबह जैसे ही विद्यालय पहुंचा, उसके साथ यह हादसा हो गया। शिक्षकों के द्वारा उसे आनन-फानन में नजदीकी प्राइम हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के परिजनों का जमावड़ा स्कूल में लग गया।

### दंडाधिकारी की मौजूदगी में हुआ पोस्टमार्टम

स्कूली छात्र के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए दंडाधिकारी और मेडिकल टीम की नियुक्ति की गई। डीसी के निर्देश पर रामगढ़ अंचल के प्रभारी अंचल अधिकारी किशोरी यादव को मजिस्ट्रेट के रूप में भेजा गया। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल के डॉक्टर सुनील कुमार सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार पंडित और एक शिशु विशेषज्ञ को शामिल किया गया।

**बंद था पिता का मोबाइल, खबर देने घर पहुंचे शिक्षक :** अमोल पारसोतिया निवासी राजेश कुशवाहा का एकलौता पुत्र था। स्कूल जाने से पहले वह अपने घर के पास शिवालय में पूजा करने गया था। परिजनों के अनुसार उसने नाश्ता भी नहीं किया और सीधे स्कूल पहुंच गया। जब स्कूल में वह बेहोश हुआ तो शिक्षकों के द्वारा परिजनों को सूचना देने के लिए फोन किया गया। लेकिन राजेश कुशवाहा का फोन बंद होने की वजह से सूचना नहीं पहुंच सकी। बाद में स्कूल के शिक्षक अमोल के घर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी दी। पोस्टमार्टम करने पहुंचे अमोल के मामा ने बताया कि हृदय गति रुकने से मौत होने की संभावना प्रतीत हो रही है। स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही मिल पायेगा। राजेश कुशवाहा के इकलौते पुत्र अमोल के निधन से पहले घर में एक और रहस्यमई मौत हो चुकी है। हादसे के बाद अमोल के माता-पिता का बेहद बुरा हाल हो गया है।

# लापरवाह कर्मियों के खिलाफ पत्र लिखेंगी हंटरगंज प्रमुख

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यों, पंचायत सचिव और प्रखंड पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित कि गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी और संचालन उप प्रमुख राहुल गुप्ता ने किया। इस बैठक में बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ० वेद प्रकाश, एमओ अर्जुन प्रसाद, मनरेगा बीपीओ निरंजन सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पंचायती राज सीताराम रजक, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पीएमएवाईजी मुकेश कुमार, बीपीआरओ योगेश शर्मा, महिला पर्यवेक्षक माधवी कुमारी, एजीएम सुनील लकड़ा उपस्थित थे। विगत 18 मार्च को हुई बैठक पर समीक्षा करते हुए प्रमुख ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक एक भी प्रस्ताव को अमली जामा नहीं पहनाया जाना कर्तव्यहीनता को दरसाता है। पदाधिकारियों और कर्मियों की घोर लापरवाही पर सख्त नाराजगी जतायी है। प्रमुख ने बैठक में अनुपस्थित विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। उन्होंने सख्त और कठोर कदम उठाए जाने की बात कही है। उन्होंने ने कहा है कि बैठक की अवहेलना करने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध डीसी और डीडीसी को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने ने कहा कि वन विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली विभाग बाल विकास परियोजना, और थाना के पदाधिकारियों ने बैठक भाग नहीं लिए हैं। इनके विरुद्ध विभाग के उच्च पदाधिकारियों को पत्र लिख कर अनुशासनहीनता की कार्रवाई करने को कहा जायेगा। इस बैठक में पंचायत समिति सदस्यों में वकील खां, मोहन दास, अरविंद सिंह, रविंदर कुमार, बिलेश बरती, सुबल पांडे, अनीता देवी, कुलमर्ती देवी, तबस्सुम प्रवीण, रीता देवी प्रमोद भारती के अतिरिक्त कई पंचायत सचिव भी उपस्थित थे।

# सीबीएसइ क्लस्टर-3 टूर्नामेंट में एसजीएनपीएस खो-खो चैंप्स ने रोमांचक जीत के साथ रचा इतिहास

**यह जीत सिर्फ जीत नहीं है, बल्कि अनुशासन और टीम वर्क का नतीजा है: हरजाप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के खेल इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित एक क्षण में, अंडर-19 बालक खो-खो टीम झारखंड और बिहार राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए सीबीएसइ क्लस्टर-3 टूर्नामेंट 2025 की विजेता बनकर उभरी। स्कूल परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जब खेल प्रेमियों और साथी छात्रों ने विजेताओं पर पुष्पवर्षा की। खिलाड़ियों को मालाएं पहनाई गयीं और खेल के पीछे के मार्गदर्शकों को गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्री हरजाप सिंह ने टीमों की सराहना करते हुए कहा, यह जीत सिर्फ. एक जीत नहीं है, बल्कि समर्पण, अनुशासन और टीम वर्क से हासिल की जा सकने वाली उपलब्धियों का प्रतीक है। हमें अपने युवा सितारों पर बेहद गर्व है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रत्येक खिलाड़ी के प्रयास की व्यक्तिगत रूप से सराहना की।



**खिलाड़ियों की प्रदर्शन की सराहना :** गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदिप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार पुश्वींदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतींदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी ने सभी खिलाड़ियों के मेहनत की प्रशंसा की।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में सोमवार को संचालित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में सावन के पावन अवसर पर पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अपने घर से लाये गमलों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। बच्चों ने पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पेड़-पौधों के महत्व को विस्तार से समझाया। शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने कहा कि पेड़-पौधे न सिर्फ हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं बल्कि जलवायु को नियंत्रित करने, जल स्रोतों को संरक्षित करने, वन्य जीवों को आवास देने, मिट्टी के कटाव को रोकने और बाढ़ को कम करने में भी सहायक होते हैं। विद्यालय के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। इस अवसर पर पेड़-पौधे मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट का नारा देते हुए बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए पर्यावरण विषयक पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इसके माध्यम से बच्चों को स्वच्छता बनाये रखने और अपने आस-पास के वातावरण को हरा-भरा रखने की प्रेरणा दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका उर्मिला कुमारी के साथ भूमि कुमारी, नमीता मिश्रा, निधि सिंह, दिव्या कुमारी, प्रिया कुमारी, नैना कुमारी, तारा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी और सुशीला एंथोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डीसी ने आरा कोलियरी में मछली पालन केज का लिया जायजा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सोमवार को डीएमएफटी फंड से संचालित आरा कोलियरी की बंद पड़ी पोखरिया खदान में मछली पालन केज का जायजा लिया। इस दौरान मत्स्य जीवी समिति के अध्यक्ष, सचिव और महिला समिति के सदस्यों से जानकारी ली। मौके पर डीसी ने जानकारी देते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा बनाये गये कैज का निरीक्षण किया गया है। वहीं, मत्स्यजीवी महिला समिति के सदस्यों ने डीसी से मोटर वोट एवं वाहन की मांग की। जिसपर मत्स्य जिला पदाधिकारी अरूप कुमार चौधरी को योजना अंतर्गत लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने कैज मछली पालन विधि की सराहना की। मौके पर मत्स्य जीवी समिति के सदस्य समेत कई लोग मौजूद रहे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. एवं तारीख: 35-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 17.07.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (जी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** झारसुगुड़ा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य (चरण-1) के अधीन 6 अदद लिफ्टों एवं 02 अदद स्वचालित सीढ़ियों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 6,92,90,318.4; **ईएमडी:** रु. 4,96,500; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य; **बंद/खुलने की तारीख:** 25.08.2025। निविदाएं वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदातागण के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रक्रिया में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदातागण ही भाग ले सकते हैं। (PR-422)



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 3011, दिनांक 14.06.2025 के अनुसार, मैं फुलवर देवी (FULWAR DEVI), पत्ति-स्व० मधु बेदिया, उम्र-लगभग 58 वर्ष, पेशा-गृहणी, धर्म-हिन्दु, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवास स्थान एल०सी०एच0-186, तोपा कॉलोनी, दुर्गा मंडप के पास, पिंडरा, रबोध, पो०-तोपा, थाना-माण्डू, जिला-रामगढ (झारखण्ड) निम्नलिखित बाते शपथूपर्वक ब्यान करती हूँ किः-
1. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम फुलवर देवी (FULWAR DEVI) है जो कि मेरे आधार कार्ड सं0-9249 5128 2555 एवं पैन कार्ड नं0-DFSPD1525M में दर्ज है। 2. यह कि बैंक ऑफ इंडिया, शाखा-तोपा में एक बचत खाता है जिसका खाता नं0-486810110004676 में मेरा नाम फुलवा देवी (FULWA DEVI) दर्ज हो गया है। 3. यह कि फुलवर देवी (FULWAR DEVI) एवं फुलवा देवी (FULWA DEVI) ये दोनों नाम एक ही महिला का है, जो कि मैं स्वयं हूँ। 4. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपने बैंक खाता नं0- 486810110004676 में दर्ज गलत नाम फुलवा देवी (FULWA DEVI) के स्थान पर अपना सही एवं वास्तविक नाम फुलवर देवी (FULWAR DEVI) दर्ज करवाने हेतू बना रही हूँ।
5. यह कि उपर्युक्त बाते सत्य व सही है।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण) /पूर्व मध्य रेल / धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र.सं. : 1, ई–निविदा सं. : 129–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि. /1/ धनबाद के क्षेत्राधिकार में धनबाद स्टेशन पर पीएफ सं.01 से 06 तक के स्टेशन प्लेटफार्म सतह का मरम्मत एवं संरक्षण, 06 (छ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू.में): ₹74,98,947.65

क्र.सं. : 2, ई–निविदा सं.:130–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि./ 2/ धनबाद के अधीन व अनु.अभि. (रेल पथ) / धनबाद के सेक्शन में विशेष ट्रैक मरम्मत एवं संरक्षण, 06 (छ:) महीना। कार्य की लगभग लागत :(रू.में) : ₹69,99,688.67

क्र.सं. : 3, ई–निविदा सं. : 131–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि. /2/ धनबाद के अधीन व अनु.अभि.(रेल पथ)/ कतरासगढ़ के सेक्शन में विशेष ट्रैक मरम्मत एवं संरक्षण, 06 (छ:) महीना कार्य की लगभग लागत (रू.में): ₹72,80,318.02

क्र.सं. : 4, ई–निविदा सं. : 132–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि: सहा.मं. अभि. / 2 / धनबाद के अधीन व अनु.अभि. (रेल पथ )/पाथरडीह के सेक्शन में विशेष ट्रैक मरम्मत एवं संरक्षण, 6 (छ:) महीना कार्य की लगभग लागत (रू.में) : ₹64,99,802/–,

क्र.सं. : 5, ई–निविदा सं. : 133–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं.अभि./1/ धनबाद के अधीन डाल्टनगंज, गढ़वा रोड एवं बरवाडीह में पुराने एवं जीर्ण–शीर्ण कॉलोनी पाइपलाइन नेटवर्क, सिवर लाइन, सेप्टिक टैंक एवं अन्य फिटिंग्स का अपग्रेडेशन, 09 (नौ) महीना कार्य की लगभग लागत(रू.में) : ₹88,84,413.73

क्र.सं. : 6, ई–निविदा सं. : 134–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडलः व.मं.अभि./1/ धनबाद के क्षेत्राधिकार में टोरी–शिवपुर (टीकिमी–06.099), टोरी (टीकिमी–4.699), लातेहार (टीकिमी–11.80), बरवाडीह (टीकिमी–2.351) में टीकिमी सेस मरम्मत, 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत(रू.में) : ₹11,96,37,544.79

क्र.सं. : 7, ई–निविदा सं. : 135–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडलः व.मं.अभि./1/ धनबाद के क्षेत्राधिकार में थ्रु फिटिंग्स नवीनीकरण (टीएफआर) = 81.313 किमी. और एसईजे का नवीनीकरण (07 नं.) तथा ग्लुड जोड़( 72 नं.), 12(बारह) महीना, कार्य की लगमग लागत (रू.में) : ₹1,87,54,978.09

क्र.सं. : 8, ई–निविदा सं. : 136–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि. /चोपन के अधीन चोपन, सिंगरौली, ओबरा डैम एवं शक्तिनगर में शौचालय, टाइल्स, जल संयोग और एप्रोच सड़क के प्रावधान द्वारा विभिन्न सर्विस भवन का नवीनीकरण, 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू.में) : ₹1,49,91,522.24

क्र.सं. : 9, ई–निविदा सं. : 137–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : हजारीबाग टाउन–कंसार नवादा के बीच आई.बी. पी. का प्रावधान, 06 (छ:) माह महीना, कार्य की लगभग लागत(रू.में): ₹51,63,574.57

क्र.सं. : 10, ई–निविदा सं. : 138–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : कोडरमा–पिपराडीह के बीच आई.बी.पी. का प्रावधान ।06(छ:) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू.में) : 51,63,574.57

क्र.सं. : 11, ई–निविदा सं. : 139–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल में व. अनु.अभि. (ब्रिज लाइन)/धनबाद के अधीन प्रधानखंता–मानपुर सेक्शन में पुल सं. 345UP (8×18.30)m और बरकाकाना – गढ़वा रोड सेक्शन में पुल सं. 194UP (3×12.20)m, 218UP (2×12.20+1×18.30)m, 221UP (1×12.20)m, 251UP (4×12.20+1×18.30)m, 298UP(1×12.20)m, 210UP (2×12.20m+ 2×18.30 m, 248 UP (4×18.30) m एवं 269 UP (1×12.20)m का इंस्ट्रूमेन्टेशन। 12(बारह), महीना कार्य की लगभग लागत (रू.मे) : ₹5,01,46,896.06

क्र.सं. : 12, ई–निविदा सं. : 140–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं.अभि./2/ धनबाद के अधीन सेस मरम्मत, टीकिमी 4.073 (3 मीटर ऊँचाई) एवं टीकिमी 6.113 (6 मीटर ऊँचाई), 09 (नौ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू.में) : ₹3,96,17,581.18

क्र.सं. : 13, ई–निविदा सं. : 141–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : गोमो – बरकाकाना : सहा.मं. अभि. / 2 / गोमो के अधीन विभिन्न पूलो में सेस चौड़ाई, ग्राउटिंग, ब्लास्ट दिवाल, पिचिंग, रेन कट्स इत्यादि का मजबूतीकरण एवं सुधार, 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू.में) : ₹2,34,65,920.65

क्र.सं. : 14, ई–निविदा सं. : 142–DHN–2025–26 कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : तेलो– चंद्रपुरा : सहा.मं.अभि./2 /गोमो के अधीन तेलो– चंद्रपुरा के बीच एलएचएस सं. 7 के नालियों का सुधार, 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू.में) : ₹1,19,86,876.17

क्र.सं . : 15, ई–निविदा सं. : 143–DHN–2025–26 कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि./ बरकाकाना के अधीन अरिगडा–बरकाकाना – बरकाकाना एवाइडिंग साइडिंग सेक्शन में रेल पथ अनुरक्षण कार्य एवं अन्य ट्रैक संबंधित कार्य, 12 (बारह) महीना कार्य की लगभग लागत (रू.में) : ₹58,98,835.10

क्र.सं.:16, ई–निविदा सं. :144–DHN–2025–26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि./ बरकाकाना के अधीन अरिगडा–बरकाकाना–बरकाकाना एवाइडिंग साइडिंग सेक्शन में विविध अवशेष सिविल कार्य जैसे कि नाली कार्य, भवन कार्य, प्लेटफार्म कार्य इत्यादि, 12 (बारह) महीना कार्य की लगभग लागत (रू.में) : ₹95,68,631.44

बयाने की राशि ;(रू.में) : बयाने की राशि http:// www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख : 08.08.2025 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख:08.08.2025 को 12:30 बजे से। वैबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/0613/डीएचएन/यां./टी/25–26/160

## बहस हो, हंगामा नहीं

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गयौ। देश के सामने अमेरिका के साथ ट्रेड डील और बिहार में चल रही वोटर लिस्ट की समीक्षा समेत कई मुद्दे हैं, जिन पर इस सेशन में चर्चा होने की उम्मीद है। विपक्ष ने एकजुटता दिखाते हुए अपना एजेंडा तय कर लिया है, लेकिन ध्यान रखना होगा कि सत्र शोर-शराबे की भेंट न चढ़ जाये।

**ऑपरेशन सिंदूर :** पाकिस्तान के साथ हुए टकराव को लेकर सरकार समय-समय पर जवाब दे चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए उसने जब कई देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजे, तो उनमें विपक्षी सदस्यों को भी जगह दी गयी। लेकिन, फिर भी कुछ सवाल हैं, जिन पर विपक्ष सीधे प्रधानमंत्री से जवाब की उम्मीद कर रहा है। इसमें सबसे अहम हैं, ये सवाल कि टकराव में भारत को कितना नुकसान हुआ और सीजफायर में अमेरिका ने क्या भूमिका निभायी।

**सरकार पर दबाव :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति करायी। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का Special Intensive Revision (एसआइआर) केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी एसआइआर की टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है।

**पाकिस्तान के साथ हुए टकराव को लेकर सरकार समय-समय पर जवाब दे चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए उसने जब कई देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजे, तो उनमें विपक्षी सदस्यों को भी जगह दी गयी।**

**बजट सत्र का उदाहरण :** संसद के बाहर सरकार और विपक्ष के सदस्यों में हाल में बेहद तल्खी देखने को मिली है। बांग्लादेशियों की अवैध घुसपैठ, भाषा विवाद जैसे मुद्दों को लेकर टकराव हुआ है, लेकिन आशा की जानी चाहिए कि यह टकराव सदन के भीतर सकारात्मक बहस तक सीमित रहेगा। इस मामले में बजट सत्र को नजीर बनाया जा सकता है, जहां वक्फ बिल पर तीखी चर्चा के बावजूद दोनों सदनों ने अपनी क्षमता से बढ़ कर काम किया।

**बाधा नहीं बना विपक्ष :** इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119%, जबकि लोकसभा की 118% रही। विपक्ष ने नयी शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए।

**सदन पर खर्च :** बजट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। पिछला शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**हालिया डब्ल्यूइपी (वुमन एम्पावरमेंट प्रिंसिपल्स) लेबर फोर्स विश्लेषण के अनुसार, 2024 में महिला साक्षरता दर 77% से अधिक पहुंच गई थी और महिलाएं अब उच्च शिक्षा में करीब 48% स्टूडेंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं. इसके बावजूद फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफएलपीआर) 2023-24 में 41.7% है, जो वैश्विक औसत से काफी नीचे है। यह आंकड़ा शिक्षा और रोजगार के बीच एक बड़े अंतर को उजागर करता है।**

## मजबूत जीडीपी के लिए वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी



**तृप्ति सिंघल सोमानी**

भारत ने जेंडर इक्विटी की दिशा में काफी कुछ किया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देश ने महिला साक्षरता यानी फीमेल लिटरेसी और हायर एजुकेशन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हालांकि, ये उपलब्धियां अभी तक प्रपोशनल वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन में तब्दील नहीं हुई हैं। हालिया डब्ल्यूइपी (वुमन एम्पावरमेंट प्रिंसिपल्स) लेबर फोर्स विश्लेषण के अनुसार, 2024 में महिला साक्षरता दर 77% से अधिक पहुंच गई थी और महिलाएं अब उच्च शिक्षा में करीब 48% स्टूडेंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं. इसके बावजूद फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफएलपीआर) 2023-24 में 41.7% है, जो वैश्विक औसत से काफी नीचे है। यह आंकड़ा शिक्षा और रोजगार के बीच एक बड़े अंतर को उजागर करता है।

यहां गौर करने वाली बात यह है कि भले ही अब पहले से अधिक महिलाएं ग्रेजुएट हो रही हैं, लेकिन फॉर्मल वर्कफोर्स में उनकी भागीदारी अभी भी अपेक्षाकृत कम है। डब्ल्यूइपी डेटा के अनुसार, सभी ग्रेजुएट्स में से लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद केवल 20% महिलाएं ही फॉर्मल एम्प्लॉयमेंट या एंटरप्रेन्योरशिप में प्रवेश कर पाती हैं। यहां तक कि ग्रेजुएशन में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालीं महिलाएं भी कभी-कभी वर्कफोर्स का हिस्सा नहीं बन पातीं, यह शिक्षा से रोजगार तक पहुंचने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल की तरह है।

**हमारे प्रयास प्रत्यक्ष तौर पर राष्ट्रीय आर्थिक लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं और क्षमता को भागीदारी में बदलने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।**

शिक्षा और नौकरी के बीच का यह अंतर महिलाओं की क्षमता का प्रतिबिंब नहीं है, बल्कि ऐसे माहौल को दर्शाता करता है, जहां महिलाओं को अपनी प्रोफेशनल यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिलता। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट अक्सर अपने यहां बढ़ती स्टूडेंट्स की संख्या का जश्न मनाते हैं, लेकिन उतने उत्साह के साथ शायद ही कन्वर्शन रेट को ट्रैक करते हैं झ यानी उन महिला स्टूडेंट्स का अनुपात जो नौकरी हासिल करती हैं, व्यवसाय शुरू करती हैं, या नेतृत्व की भूमिकाएं निभाती हैं।



**शोध से पता चलता है कि रोजगार में लैंगिक अंतर यानी जेंडर गैप को पाटने से 2025 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 770 अरब डॉलर की वृद्धि हो सकती है। यदि भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है, तो वह महिलाओं के रूप में अपनी आधी प्रतिभावान आबादी को पीछे नहीं छोड़ सकता।**

वूमेनोवेटर में हम नीतिगत बदलाव की पुरजोर वकालत करते हैं। भारत के नेशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में एक प्रमुख पैरामीटर के रूप में कन्वर्शन रेट को शामिल किया जाना चाहिए। संस्थानों का मूल्यांकन न केवल एकेडमिक प्रदर्शन के आधार पर बल्कि महिलाओं को वर्कफोर्स में शामिल करने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए। यदि ऐसा सही तरीके से होता है, तो यह न केवल फीमेल एम्प्लॉयमेंट रेश्यो में सुधार करेगा बल्कि भारत की जीडीपी वृद्धि में भी सार्थक योगदान देगा।

फीमेल वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन में हालिया वृद्धि उल्लेखनीय है, लेकिन इसका अधिकांश हिस्सा सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट या अनपेड फैमिली वर्क के कारण है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा ज्यादा देखने को मिलता है। इस तरह की भागीदारी अक्सर वित्तीय स्थिरता और विकास के अवसरों में कमी की वजह बनती है। शहरी क्षेत्रों में, लैंगिक असमानताएं (Gender Disparities) अभी भी मौजूद हैं, एंट्री लेवल की भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 31% हैं, जबकि लीडरशिप पोजीशन में यह आंकड़ा महज 13% है।

वूमेनोवेटर में हम इस तस्वीर को बदलने के लिए काम कर रहे हैं। हमारा मेंटर-मेंटी प्रोग्राम पहले ही 1000 से ज्यादा अनुभवी पेशेवरों को विभिन्न क्षेत्रों की महत्वाकांक्षी महिलाओं से जोड़ चुका है, जिसका सीधा असर 300 से ज्यादा महिलाओं के करियर पर पड़ा है। हमारा मानना है कि वास्तविक सशक्तिकरण कम्युनिटी, मेंटरशिप और सपोर्ट से उत्पन्न होता है और हम एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जो सुनिश्चित करता है कि महिलाएं अपनी प्रोफेशनल जर्नी में कभी अकेली न रहें।

जमीनी स्तर पर शिक्षा और नौकरी के इस अंतर को पाटने के लिए वूमेनोवेटर में हम कॉलेजों में Womennovator सेल स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। यह एक तरह का डेडिकेटेड संगठन है, जो मेंटरशिप, करियर काउंसलिंग और एंटरप्रेन्योरियल ट्रेनिंग प्रदान करता है। ये सेल पीयर-टू-पीयर नेटवर्क को बढ़ावा देते हैं और युवा महिलाओं को आत्मविश्वास से वर्कफोर्स में प्रवेश करने और आगे बढ़ने के लिए तैयार करते हैं। इसके अतिरिक्त, हमने महिलाओं को लीडरशिप और कम्युनिटी-बिल्डिंग स्किल्स से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया एक कम्युनिटी डेवलपमेंट एंड लीडरशिप कोर्स भी शुरू किया है। यह कोर्स न केवल प्रतिभागियों को अपनी पहचान विकसित करने में मदद करता है, बल्कि उन्हें दूसरों को ऊपर उठाने में भी सक्षम बनाता है, ताकि सशक्तिकरण का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों तक महसूस किया जा सके।

भारत जैसे देश में जहां सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अभी भी महिलाओं की प्रोफेशनल प्रगति को सीमित करती हैं, वूमेनोवेटर एक रिलेवेंट, स्केलेबल और इम्पैक्ट-ड्रिवेन सल्यूशन प्रदान करता है। हमारे प्रयास प्रत्यक्ष तौर पर राष्ट्रीय आर्थिक लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं और क्षमता को भागीदारी में बदलने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

शोध से पता चलता है कि रोजगार में लैंगिक अंतर यानी जेंडर गैप को पाटने से 2025 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 770 अरब डॉलर की वृद्धि हो सकती है। यदि भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है, तो वह महिलाओं के रूप में अपनी आधी प्रतिभावान आबादी को पीछे नहीं छोड़ सकता। महिलाओं को वर्कफोर्स का हिस्सा बनने और लीडरशिप की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना महज एक सामाजिक अनिवार्यता नहीं है- यह एक आर्थिक आवश्यकता भी है।

वूमेनोवेटर केवल बदलाव की वकालत नहीं कर रहा- हम खुद ऐसे रास्ते निर्मित कर रहे हैं जो इसे संभव बनाते हैं। मेंटरशिप, पॉलिसी एडवोकेसी और कम्युनिटी लीडरशिप के माध्यम से, हम वर्कफोर्स में भारतीय महिलाओं की भूमिका को फिर से परिभाषित करने के लिए काम कर रहे हैं। इस अंतर को पाटने का समय अब आ गया है, और इसकी शुरुआत सफलता को मापने के लिए कन्वर्शन रेट को आवश्यक पैमाना बनाने से होती है।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### सरायकेला में जर्जर सड़कों पर झामुमो नेता ने जतायी चिंता, सीएम से कार्रवाई की मांग



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता गणेश महाली ने सरायकेला विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के स्थिति से सीएम हेमंत सोरेन को ट्वीट पर अवगत कराया। उन्होंने कहा क्षेत्र में कई सड़कों का शिलान्यास किया गया लेकिन अधिकांश कार्य अधूरे हैं। उधर कही कही घटिया निर्माण के कारण सड़कों की स्थिति फिर से खराब हो गई है।श्री महाली ने बताया सड़क की बदहाली से आम लोगों के साथ स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने सीएम से अधूरे और खराब सड़कों की जांच के लिए डीसी को निर्देश देने के लिए आग्रह किया। ताकि सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

### सारथी की नयी पहल, महिलाओं के आत्मनिर्भर भविष्य की ओर एक सशक्त कदम




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर की सामाजिक संस्था सारथी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक नयी पहल की शुरूआत की।सोमवार को संस्था की संस्थापक पूजा अग्रवाल ने महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा जरूरतमंद और वंचित वर्ग की महिलाओं को सिलाई-टेलरिंग, ब्यूटीशियन, ग्रूमिंग सेवाएं, बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य व कल्याण के क्षेत्रों में प्रशिक्षण दी जायेगी। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जायेगा। पूजा अग्रवाल ने बताया सारथी झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कृति और धर्म का भी परिचय करा रही है। ताकि उनमें आत्मगौरव और पहचान की भावना विकसित हो सके। उन्होंने कहा सामाजिक कार्यों के लिए संस्था पूर्व में नदी सफाई अभियान, डेंगू रोधी फॉगिंग, राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड शिविरों जैसे कई अभियान चलाया है।संगठन का लक्ष्य है एक ऐसा समाज बनाना, जहां हर महिला और बच्चा आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जी सके। मौके पर विजय अग्रवाल,सुमन चौधरी, सुशांत, संगीता बोदरा, अपराजिता सिंह, नेहा अग्रवाल, आकाश, मोनू और आशीष शामिल रहे।

### विधायक ने बर्मामाइंस क्षेत्र का किया दौरा, जनसमस्याओं पर जतायी चिंता

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने बर्मामाइंस मंडल की विभिन्न बस्तियों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद किया। सोमवार को विधायक ने ईस्ट प्लांट बस्ती के भक्तिनगर, रघुवर नगर, सिदो-कान्हू बस्ती, मनीफीट सहित अन्य क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर मॉनसून के बाद की समस्याओं को जाना। विधायक ने क्षेत्र में जलजमाव, टूटी सड़कें, खराब नालियां, कचरा प्रबंधन और स्ट्रीट लाइट की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिये।

### पति की हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर क्षेत्र के सतबोहनी में पति राजेश कुमार महथा की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर पुलिस ने मृतक के पत्नी पूजा कुमारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मृतक के भाई उमेश महथा के आवेदन पर यह कार्रवाई की गई। पूछताछ में महिला ने अवैध संबंधों के शक में पति की सोते समय हथौड़ी से मारकर हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ी भी बरामद कर ली।

### एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में वाहनों की हुई सघन जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** सरायकेला जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र में एसडीपीओ समीर सवैया के नेतृत्व में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। सोमवार को अभियान के तहत छोटी-बड़ी सभी गाड़ियों में बाइक और कारों की सघन जांच की गई।चालकों के हेलमेट, बैग और कार की डिक्की में रखे सामान की भी जांच की गई।एसडीपीओ ने बताया जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर सरायकेला अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।



अभियान के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते आवश्यकतानुसार कार्रवाई की। इससे लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। एसडीपीओ समीर सवैया ने स्पष्ट किया अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा पुलिस अपराध पर लगाम लगाने के लिए तत्पर है।

### बहरागोड़ा विधायक ने चित्रेश्वर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार को बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती ने प्राचीन चित्रेश्वर शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक किया। मौके पर विधायक ने क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए कामना की।इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक मोहंती ने कहा सावन माह शिवभक्तों के लिए अत्यंत पुण्यदायक है। शिव जी की आराधना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की समस्याओं को जाना। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, जीतू राउत, नीमा पैरा, पप्पू राउत, रिंकू माईती, राहुल बाजपेई, जादूपति राणा, कुना घोष, सीमांत भुइया, सुजीत दास, प्रणव बेरा, गावला दत्त, तीर्थो घोष सहित अन्य शामिल रहे।

### संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर की खो-खो टीम को सीबीएसइ क्लस्टर मीट में तीसरा स्थान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर के अंडर-19 खो-खो टीम ने सीबीएसई क्लस्टर मीट 2025-26 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। डीपीएस गिरिडीह में आयोजित प्रतियोगिता में राज्यभर से कुल 78 टीमों ने हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय की टीम ने तीन राउंड में शानदार जीत दर्ज कर द्वितीय रनर-अप रही। टीम के कप्तान अजय हेम्ब्रम (कक्षा 12वीं) को बेस्ट चेजर के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार भी मिला। कक्षा 8वीं से 12वीं तक के कुल 12 छात्र इस टीम का हिस्सा बने। प्रतियोगिता में एस्कॉर्ट शिक्षक बिस्वजीत सीट ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया। सोमवार को विद्यालय लौटने पर शिक्षकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 79 वर्षीय बुजुर्ग 15 माह से पेंशन को नहीं मिली, लगायी गुहार

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत लाकड़ी गांव की 79 वर्षीय अलावाती देवी को बीते 15 महीनों से वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही है। आर्थिक तंगी से जूझ रहीं बुजुर्ग ने प्रखंड कार्यालय में डीसी नाम आवेदन सौप कर पुनः पेंशन शुरू कराने की मांग की।बुजुर्ग अलावाती देवी ने बताया उन्हें मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बीमारी है। दवाएं खरीदने तक के पैसे नहीं हैं। पेंशन अप्रैल 2024 से बंद है।बार बार बैंक व कार्यालय का चक्कर लगा रहे लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इस मामले में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष एवं लाकड़ी पंचायत के उप मुखिया नारायण गोप ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा हेमंत सरकार पूरी तरह विफल है। नीमडीह प्रखंड के सैकड़ों वृद्धजन पेंशन से वंचित हैं। उन्होंने कहा जनता आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी।

### जिप सदस्य ने ट्रांसफार्मर लगवाने का दिया आश्वासन



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** झाटीझरना पंचायत के बालीडीह गाँव स्थित महुलडांगा टोला के ग्रामीण बीते एक माह से ट्रांसफार्मर खराबी के कारण अंधेरे में जीवन बिता रहे थे।ग्रामीणों के अनुसार बार-बार आवेदन देने के बावजूद विद्युत विभाग की अनदेखी से परेशान बढ़ने लगी थी। सोमवार को सैकड़ो ग्रामीण विभागीय कार्यालय पहुंचकर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू को समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया सरकार के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद विभाग कुंभकर्णी नींद में है। जबकि सीएम हेमंत सोरेन का निर्देश है ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति में 48 घंटे तक नया ट्रांसफार्मर लगाना अनिवार्य है। उसके बावजूत घाटशिला के ग्रामीण क्षेत्रों में आदेश जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो रहा। श्रीमती मुर्मू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग के एसडीओ से वार्ता की और शीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। एसडीओ ने मंगलवार तक ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की बात कही। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य के प्रति आभार प्रकट करते हुए राहत की सांस ली। मौके पर शंकर मुंडा, भुजू कर्मकार, बैद्यनाथ मुंडा, सीताराम मुंडा समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ 25 को प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी और धरना प्रदर्शन को लेकर बीडीओ को सौंपा आवेदन पत्र



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ अब पंचायत प्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में 25 जुलाई, शुक्रवार को पूरे प्रखंड के मुखिया प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस आशय की जानकारी मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार दुबे ने दी है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को एक लिखित आवेदन सौंपते हुए बताया कि प्रखंड के ज्यादातर अधिकारी बेलगाम हो गये हैं और भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। अमित दुबे ने कहा कि अब जनप्रतिनिधि चुप नहीं बैठेंगे। मुखिया संघ व प्रखंड के अन्य जनप्रतिनिधि मिलकर एकजुट होकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। प्राप्त आवेदन पत्र में कई मुखिया का नाम शामिल हैं, जिनमें प्रमुख रूप से राणाडीह मुखिया ललित बैठा, सुबोध कुमार, परीखा राम, सोनी देवी, रीता देवी, पुष्पा देवी, कौशल्या देवी, आरती कुमारी सहित अन्य मुखिया भी शामिल हैं।

## विभिन्न मामलों में दो प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार





धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से दो विभिन्न मामले में दो प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत गढ़वा भेज दिया गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार धुरकी थाना के खाला गांव निवासी धुरकी थाना कांड संख्या 95/25 के प्राथमिक अभियुक्त एक कथित लड़की के साथ में छेड़खानी के आरोप में आईपीसी की धारा 64 ए बीएन एस पोकटो एक्ट के अभियुक्त प्रवेश अंसारी पिता जलील अंसारी तथा एक अन्य अभियुक्त विकास कुमार कोरबा पिता राम अवतार कोरबा को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने बताया कि किसी भी सूरत में अपराधी को बखसा नहीं जायेगा।

## अंतर राज्य सीमावर्ती थाना के पुलिस कर्मियों की बैठक



धुरकी (आजाद सिपाही)। वाड्राफ नगर छत्तीसगढ़ के एसपीडीओ रामावतार ध्रुव के नेतृत्व में अंतर राज्य सीमावर्ती बैठक रखा गया। जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से जिस्म फरोशी धर्मांतरण, लूट, गौ एवं मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु अंतर राज्य सीमावर्ती थाना के पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की गयी। चारों प्रदेशों के पुलिस पदाधिकारी से अपील किया गया कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तथा अवैध धंधा के रोकथाम के लिएथाना से सामंजस्य स्थापित कर अपराधियों पर नकेल कसने पर चर्चा किया गया। इस बैठक में धुरकी के नवनियुक्त थाना प्रभारी जनार्दन रावत उपस्थित थे।

## बीआरसी में दिव्यांग बच्चों की जांच और उपकरण बाटें गये



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों का जांच सह उपकरण वितरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात शिविर में प्रखंड के सभी विद्यालयों तथा विद्यालय के पोषक क्षेत्र में आने वाले 3 वर्ष से 18 वर्ष के आयु वर्ग वाले दिव्यांग बच्चे भाग लिए। शिविर में एडिआईपी, एसएसए स्कीम के तहत एलिम्को भुवनेशर के विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांग बच्चों का जांच एवं उपकरण वितरण किया गया।इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराग मिंज ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में 59 बच्चे उपस्थित थे।जिसमें 19 दिव्यांग बच्चे को उपकरण एवं आवश्यक सामग्री दिया गया। 20 बच्चों के जांचोपरांत चयन किया गया। चयनित दिव्यांग बच्चों को अगले वर्ष इसी प्रकार कैंप लगाकर उपकरण का वितरण किया जायेगा। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि कुमार वैद्य, रिसोर्स शिक्षक अक्षय कुमार सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, संगठन सचिव संजय वर्मा, एलिम्को से डॉक्टर अमित कुमार, बीआरसी कर्मी रमेश, रविंद्र, छोटू पाल श्याम किशोर सिंह, संतोष रजक सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर से सोमवार को दो बसों पर सवार कांवरियों का जत्था देवघर बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। इससे पहले श्रद्धालुओं ने भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग पर देवीधाम मंदिर व पहाड़ी शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान कांवरिए बोलबम के नारों के साथ सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। कांवरिए सुल्तानगंज से जल उठाकर सभी पैदल देवघर बाबाधाम जायेंगे और भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। जत्था मे आशीष कुमार, अखिलेश कुमार सोनू पासवान, अनुपा देवी, अनीता देवी, मुखलाल, संजय, राजेश कुमार आदि शामिल थे।

# भवनाथपुर में साइकिल वितरण एवं पेंशन स्वीकृति समारोह आयोजित, विधायक ने जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को साइकिल वितरण एवं सर्वजन पेंशन स्वीकृत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ नंदजी राम ने की, जबकि संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव, बीडीओ नंदजी राम, सीओ शंभू राम, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी झामुमो केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य ताहिर अंसारी, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने संयुक्त रूप से छात्र छात्राओं को साइकिल एवं सर्वजन पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया। समारोह के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने कार्यक्रम में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने बीडीओ नंदजी राम को फटकार लगाते हुए कहा कि प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम जनता से कार्य के बदले अवैध रूप से पैसे की मांग की जा रही है, और बिना रिश्वत दिए लोगों को बेवजह दौड़ाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रखंड कार्यालय परिसर में कोई दलाल दिखायी दे, तो झामुमो कार्यकर्ता उसका हाथ तोड़ दें। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार गरीबों के हक में कई जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, शिक्षा प्रोत्साहन के लिए साइकिल वितरण योजना सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से गांव-गांव तक विकास की रौशनी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। समारोह के दौरान आठ वृद्ध महिलाओं और पुरुषों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। वहीं प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैलान 44, पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा 17, बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर 30 छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर बीपीओ आनंद कुमार, मुक्तेश्वर पांडे, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, दीपक वर्मा, मनोज यादव, कबूतरी देवी, गोपाल यादव, विजय राउत, परमवीर राम, मुकेश चंद्रवंशी, लालमन सिंह, अशोक राउत, गुलाब यादव, प्रदीप यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों की गैरहाज़िरी से बच्चों का भविष्य अधर में, एमडीएम भी 15 दिन से बंद

प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मल्लाह टोला, जरही में सबकुछ भगवान भरोसे चल रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मल्लाह टोला, जरही में इन दिनों शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। स्कूल में विद्यार्थियों की पढ़ाई से लेकर मध्याह्न भोजन योजना तक सबकुछ भगवान भरोसे चल रहा है। स्थिति यह है कि छात्र नियमित रूप से स्कूल आ रहे हैं, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी के कारण न तो उन्हें पढ़ाई मिल पा रही है और न ही भोजन। स्कूल में कुल 200 छात्र नामांकित हैं, जिनकी पढ़ाई के लिए छह शिक्षकों की तैनाती की गयी थी। लेकिन वर्तमान में दो शिक्षक प्रतिनियोजन पर चले गये हैं और एक शिक्षक अवैतनिक अवकाश पर हैं। शेष तीन शिक्षकों में से भी सोमवार सुबह 11 बजे तक केवल प्रभारी प्रधानाध्यापक दुलारू चौधरी ही स्कूल में उपस्थित थे। अन्य दो शिक्षक अनुपस्थित रहे, जिससे छात्रों को अलग-अलग कमरों में इंतजार करना पड़ा। बाद में सभी छात्रों को एक कमरे में बिठाकर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने पढ़ाई कराई। छात्रों ने बताया कि स्कूल में पिछले 15 दिनों से एमडीएम भी बंद है, जिससे उन्हें भोजन के लिए घर लौटना पड़ता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि प्राचार्या पूनम भारती के प्रतिनियोजन पर जाने के बाद से एमडीएम योजना बाधित है।

## फुलेंद्र यादव बने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

सगमा (आजाद)। प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सगमा परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर अभिभावकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सगमा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अर्जुन पासवान ने किया। आयोजित बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों के चयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से फुलेंद्र कुमार यादव को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष, कुलवंती देवी को उपाध्यक्ष रंगीता देवी को संयोजिका व शांति देवी को उप संयोजिका के रूप में चयन किया गया। वहीं चंदेश कुमार यादव, कुश कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, शिवानी देवी, सीमा देवी, प्रभा देवी, जितलेश कुमार यादव, अखिलेश राम को सदस्य के रूप में चुना गया। मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी सत्येंद्र कुमार यादव व सीता राम जायसवाल उपस्थित थे। बैठक में पर्यवेक्षक द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को समिति पुनर्गठन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गयी।

# पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में क्रय सामग्री की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार (आजाद सिपाही)।** जिले के चार पीएम श्री मध्य विद्यालयों में जांच टीम के द्वारा जांच किया गया। जिसमें पीएम श्री मध्य विद्यालय, घाघरा, अरंगी, भलूही एवं पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार का नाम शामिल है। इसी दौरान केतार स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में सोमवार को जांच टीम पहुंची, जिसमें प्रमुख रूप से जिला कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज एवं डीएसई अनुराग मिंज शामिल थे। पीएम श्री के तहत क्रय किया गया सामग्री की विधिवत जांच किया गया। उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्था और खेल सामग्रियों की बारीकी से जांच किया गया। अधिकारियों ने भ्रमण में भाग लिए छात्र छात्राओं की उपस्थिति, उनके लिए की गयी व्यवस्थाओं और विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री की जांच की। उन्होंने कहा कि अब तक जो सामग्री उपलब्ध हुई है, वह अधिकांशतः सही पायी गयी है। हालांकि, जांच प्रक्रिया अभी जारी है और समुचित रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो पायेगा कि कितना बजट निकासी हुआ, कितना भुगतान किया गया और किस मद में खर्च किया गया। जिला कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज ने बताया कि यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है, तो नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।



## पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में शैक्षणिक भ्रमण और बजट खर्च की हुई जांच

भवनाथपुर। पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में सोमवार को शिक्षा विभाग की एक उच्चस्तरीय जांच टीम पहुंची। जांच दल में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज एवं जिला कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज प्रमुख रूप से शामिल थे। टीम ने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्था और खेल सामग्रियों की विस्तृत जांच की। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी एवं छात्र-छात्राओं से भी पूछताछ की गयी। जांच के दौरान अधिकारियों ने शैक्षणिक भ्रमण में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजी, उनके लिए की गयी यात्रा एवं खानपान व्यवस्था, साथ ही विद्यालय द्वारा मुहैया करायी गयी सामग्री का अवलोकन किया। डीएसई अनुराग मिंज ने कहा कि जांच प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है और पूरी रिपोर्ट तैयार होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विद्यालय को आवंटित बजट में से कितनी राशि की निकासी की गयी, कितना भुगतान हुआ और किस मद में यह खर्च किया गया।

## 30 घंटे से बीच सड़क पर फंसा ट्रक, रास्ता ठप



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय और प्रखंड कार्यालय के बीच सड़क पर बीते 30 घंटे से एक ट्रक फंसा हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रक (नंबर JH 02 S 6915) में एफसीआई का राशन लदा हुआ है और यह रविवार की दोपहर से ही कीचड़ में धंसा हुआ है। ट्रक चालक दिनेश प्रसाद ने जानकारी दी कि गोदाम पर राशन पहुंचाने के क्रम में ट्रक फंस गया। बारिश के कारण सड़क की हालत और भी बदतर हो गयी है, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से जर्जर पड़ी है, लेकिन किसी का कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसी रास्ता के सहारे प्रखंड कार्यालय के पीछे के लोग प्रखंड कार्यालय, थाना, बाजार और विद्यालय तक पहुंचते है। खबर लिखे जाने तक ट्रक वहीं फंसा हुआ है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क मरम्मत का स्थायी समाधान किया जाये और फंसे ट्रक को निकाला जाये।

## मुखिया ने किया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन




मेराल (आजाद सिपाही) । प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को बस स्टैंड स्थित पिलर नंबर 31 के पास सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया। संचालक पीयूष कुमार वैद्य द्वारा पूजा अर्चना के बाद केंद्र का उद्घाटन मुखिया राम सागर महतो द्वारा डॉ विनोद बिहारी भगत, विष्णु यादव, मनोज वैद्य, अतुल तिवारी, आयुष मिश्रा, मनीष वैद्य, रियाज अंसारी आदि की उपस्थिति में फीता काटकर किया। मौके पर संचालक पीयूष वैद्य ने कहा ग्राहकों को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। ग्राहक सेवा केंद्र में वित्तीय लेनदेन में पूरी पारदर्शिता रखी जायेगी। मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्राहकों को सहूलियत होगी।

## बीडीओ ने किया साइकिल का वितरण



रंका (आजाद सिपाही)। रंका बीआरसी के अंतर्गत आने वाले राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका एवं राजकीय मध्य विद्यालय दौनादाग के वर्ग अष्टम के छात्र-छात्राओं के बीच रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने साइकिल का वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख अनुभा सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि रवि कुमार चंद्रवंशी उर्फ चप्पू, कमल पांडेय, ललित राम, छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नशा के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय पलामू में जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत समाज में शराब व गुटका मादक पदार्थ के सेवन से हो रही हानी को लेकर चलाया गया जागरूक अभियान। नवीन कला दल के लोगों के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव करचाली मरदा, बिंदा, जनेवा, मदगड़ी व भंडरिया बाजार प्रांगण में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ दल के लोगों के द्वारा नशा नहीं करने को लेकर लोगों से शपथ भी दिलायी गयी। जिन कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया, उनमें उज्जवल सिंह मोनू शर्मा, सोनू विश्वकर्मा, सतीश ठाकुर, आसना भेंगड़ा के नाम शामिल है।

कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

आवेदन का आमंत्रण (आम सूचना)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रॉंची के विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 11 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के द्वारा मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जो निम्नवत है–

| क0 सं0 | योजना ईकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाशय स्तरीय मछुआरों (बिरसा मत्स्य किसान) के लिए आईडेन्टिटी कार्ड (डेटा सहित) (संख्या में) | 100 | |
| 2 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट (संख्या में) | 65 | |
| 3 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन (एकड़ में) | 08 | |
| 4 | उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार/सम्मान (संख्या में) | 06 | |
| 5 | मोती पालन (ईकाई में) | 40 | |
| 6 | नये रंगीन मछली ईकाई हेतु महिलाओं को पूरक सामग्री (संख्या में) | 12 | |
| 7 | 5 दिवसीय मत्स्य पालको का प्रषिक्षण (प्रषिक्षण हेतु निर्धारित तिथि) 04.08.2025 से 08.08.2025, 05.09.2025 से 09.09.2025, 04.10.2025 से 08.10.2025, 08.11.2025 से 12.11.2025, 04.12.2025 से 08.12.2025, 03.01.2026 से 07.01.2026, 29.01.2026 से 02.02.2026 24.02.2026 से 28.02.2026 तक | 360 | |

उपरोक्त सभी योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक से कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 20.08.25 तक कार्यालय अवधि में स्वीकार की जायेगी। प्रशिक्षण हेतु ब्लॉक चेन में निबंधन जो कार्यालय में निः शूल्क है के पश्चात ही रॉंची प्रशिक्षण हेतु अग्रसारित की जायेगी। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकतें है।

नोट :– आवेदन पत्र कार्यालय में निःशूल्क उपलब्ध।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
PR 357805 Fish(25-26)#D मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हजारीबाग

## रसोइया को दिया गया प्रशिक्षण

रंका (आजाद सिपाही)। सोमवार को संकुल संसाधन केंद्र उर्दू मध्य विद्यालय बान्दू चुतरू रंका में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन योजना) के अंतर्गत रसोईया सह सहायिका का एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित की गयी। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ संकुल साधन सेवी सह संकुल प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने शांति पाठ, दो मिनट का मौन एवं अभियान गीत गायन के साथ की गयी। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिका को उनके कार्य एवं दायित्व, स्वच्छता, पोषण तत्वों की जानकारी एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया । साथ ही रसोईया सह सहायिका की भूमिका और जिम्मेदारियां, विद्यालय में बच्चों को समय पर गर्म, पौष्टिक और साफ-सुथरा भोजन उपलब्ध कराना।

# सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवधोड़ा में गूंजी 'बम-बम भोले' की जयकार

पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने की पूजा-अर्चना, श्रृंगार मंडली के आमंत्रण पर पहुंचे थे शिवधोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सावन माह की दूसरी सोमवारी के अवसर पर गढ़वा जिले के ऐतिहासिक शिवधाम शिवधोड़ा में भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने यहां पहुंचकर भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के नारों से गुंजायमान हो उठा।

पूर्व मंत्री ने श्रृंगार मंडली द्वारा आमंत्रित किये जाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और मंडली को धन्यवाद देते हुए कहा कि सावन के इस पावन महीने में शिवधोड़ा जैसे ऐतिहासिक शिवालय में पूजा का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। सावन माह भगवान शिव का विशेष प्रिय मास है, जिसमें देवघर से लेकर गढ़वा तक शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि आस्था और श्रद्धा की यह परंपरा हमारी संस्कृति को मजबूत करती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इस भव्य आयोजन में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें सुमित पाल, भाजपा नेता सन्नी चंद्रवंशी, नंदु गौड़, राहुल सोनी, गोविंद गौंड, दिनानाथ पासी, अनिल कुठे चंद्रवंशी, सुनील कुमार रवि, सिकंदर प्रजापति, अंकित कुमार (पोलू), संतोष साव मधोशिया, डॉ. वशिष्ठ कुमार, कौशल कुमार यादव, जितेंद्र कुमार (मीडिया प्रभारी), विकास कुन विश्वकर्मा, अभिजीत यादव, कमल यादव, नीतिश कुमार, अनिकेत कुमार, नैतिक कश्यल, इंजित कश्यप, दिनानाथ गोंड और अजय अशोक केशरी प्रमुख रूप से शामिल रहे। सावन की सोमवारी पर शिवधोड़ा की यह महाआरती और पूजा कार्यक्रम भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त पतरातु (बरकाकाना) थाना काण्ड सं0–25/2023दिनांक–16.02.2023, धारा–302/120–बी भा0द0वि0 25(1–बी)ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त (1) मोहन गंझू उर्फ आकाश गंझू पे0–बरतू गंझू सा0–चलनदाग, थाना–बड़कागॉव जिला–हजारीबाग, (2)दीपक बेदिया पिता–जगरनाथ बेदिया, सा0–कडरू थाना–पतरातु (बरकाकाना) जिला–रामगढ़ राज्य–झारखण्ड, के घर पर दिनांक–23.06.2025 को द0प्र0सं0 की धारा–84 के अंतर्गत माननीय न्यायलय द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया हैं।

प्रारूप सं0 4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि(नाम वर्णन और पता) (1) मोहन गंझू उर्फ आकाश गंझू पे0–बरतू गंझू सा0–चलनदाग, थाना–बड़कागॉव जिला–हजारीबाग, (2)दीपक बेदिया पिता–जगरनाथ बेदिया, सा0–कडरू थाना–पतरातु (बरकाकाना) जिला–रामगढ़ राज्य– झारखण्ड ने भारतीय दण्ड़ संहिता की धारा:– 302/120–बी भा0द0वि0 25(1–बी)ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अधीन दंडनीय संज्ञेय, का अपराध किया है(या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त(नाम) (1)मोहन गंझू उर्फ आकाश गंझू (2)दीपक बेदिया फरार हो गया है(उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि (1) मोहन गंझू उर्फ आकाश गंझू पे0–बरतू गंझू सा0–चलनदाग, थाना–बड़कागॉव जिला–हजारीबाग, (2) दीपक बेदिया पिता–जगरनाथ बेदिया, सा0–कडरू थाना–पतरातु (बरकाकाना) जिला–रामगढ़ के उक्त अभियुक्तों मोहन गंझू उर्फ आकाश गंझू, दीपक बेदिया से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष(या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए (स्थान) व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में तारीख 29.07.2025 को हाजिर हो।

तिथि– 19.06.2025
(न्यायालय का मुहर)

आलोक सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी,
रामगढ़

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार अप्राथमिकी अभियुक्त (1) मोहन गंझू उर्फ आकाश गंझू पे0–बरतू गंझू सा0–चलनदाग, थाना–बड़कागॉव जिला–हजारीबाग, (2) दीपक बेदिया पिता–जगरनाथ बेदिया, सा0–कडरू थाना–पतरातु (बरकाकाना) जिला–रामगढ़ ,राज्य– झारखण्ड कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/Sri Alok Singh, J.M. 1st class, Ramgarh (Jharkhand) के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस अधीक्षक रामगढ़– 9431706113
ओ0पी0 प्रभारी बरकाकाना रामगढ़– 9572640635

PR 357852 Police(25-26).D

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# जेरुआ में हथियार से युवक की हत्या

**मनिका पुलिस हत्या के पीछे आपसी रंजिश की आशंका जताया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के जेरूआ गांव मे रविवार की देर रात अज्ञात लोगो ने 25 वर्षीय यशवंत सिंह नामक युवक की तेज धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी। मृतक जेरूआ गांव के अरूण सिंह का पुत्र बताया जाता है। घटना के बावत मृतक के परिजनो ने बताया की मृतक रविवार की रात घर के बरामदे मे सोया हुआ था। देर रात्रि लगभग दो बजे चार अज्ञात लोगो ने सो रहे युवक के सिर पर तेज धारदार हथियार से मार कर चलते बने। घायल युवक ने आवाज लगाकर परिजनो को जगाया। आनन फानन मे परिजनो ने घायल युवक को रात्रि मे ही मनिका सामुदायिक अस्पताल मे इलाज के लिए पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए मनिका सामुदायिक अस्पताल के चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनो के द्वारा तत्काल इलाज के लिए नजदीक के तुंबागाड़ा अस्पताल मे युवक को ले जा रहे थे। जहां इलाज के लिए ले जाने के दौरान युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे कर शव को अंतरपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया। युवक की हत्या को लेकर मनिका पुलिस छानबीन कर रही है। मनिका पुलिस ने आशंका जताया है की उक्त घटना आपसी रंजिश को लेकर की गयी है। मनिका पुलिस ने जल्द हत्या मे शामिल लोगो को धर दबोचने का दावा किया है। इधर युवक की हत्या के बाद परिजनो का रो-रो बुरा हाल है।

## नल-जल योजना से लगी टंकी खराब लोग परेशान

**सरयू ( आजाद सिपाही )।** लातेहार नवनिर्मित प्रखंड सरयू के निलांबर-पितांबर चौक के समीप नल-जल योजना के तहत करीब 6 वर्ष पहले एक अदद नल का अधिष्ठापन किया गया है। अधिष्ठापन के कुछ दिन बाद ही नल खराब हो गया जिसके कारण आये दिन लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि सरयू में प्रत्येक शुक्रवार को हाट बाजार लगता है। जहां विभिन्न इलाकों से सैकड़ों की संख्या में लोग बाजार करने आते है। पानी की व्यवस्था ना होने के कारण बाजार करने आये महिलाए, पुरूष एवं बच्चे काफी परेशान रहते हैं। साथ ही संबंधित विभाग को कोसते नजर आते हैं। समाजसेवी यशपाल कुमार ने कहा कि सरयू प्रखंड का मुख्य बाजार सरयू है। जहां प्रखंड कार्यालय एवं बैंक के काम से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गर्मी के दिनों में ग्राणीण काफी परेशान रहते है।

## हाथियों के हमलों से प्रभावित लोगों को तत्काल मुआवजा मिले : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पिछले कुछ समय से लगातार लातेहार जिला में हाथियों का आतंक जारी है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में बसने वाले आदिवासी इससे विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। प्रतुल ने कहा कि कई बार शिकायतें मिलती है कि वन विभाग नियम अनुकूल मुआवजा और अनाज नहीं दे रहा है। प्रतुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उपयुक्त लातेहार का ध्यान बीती रात चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत के महुआमिलान ग्राम के टोला लोहसिंघना में बीती रात हाथियों ने जबरदस्त उत्पात मचाये जाने पर ध्यान आकृष्ट किया। प्रतुल ने कहा कि ग्रामीणों ने बताया कि 20- 22 हाथियों का झुंड ने गांव में घुसकर कई घरों को तबाह कर दिया और अनाज खा गया। आदिवासियों के अनेक घर बुरे तरीके से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। गांव का स्कूल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है।

प्रतुल ने कहा कि अभी भी हाथी बगल के ही जंगल में डेरा डाले हुए हैं जिससे अगल-बगल के तीन-चार गांवों में भय का माहौल है। वन विभाग के कर्मचारी रसम अदायगी कर निकल गये। प्रतुल ने उपायुक्त से आग्रह कि तात्कालिक तौर पर पीड़ित आदिवासी परिवारों को सहायता और अनाज पहुंचाने की व्यवस्था हो। प्रतुल ने मांग की है कि वन विभाग मार्ग भटके हाथियों को घने जंगलों में भेजने की व्यवस्था करे और इस बड़ी समस्या का स्थायी निराकरण निकालने की ओर पहल करें।

## महिला योग ग्रुप ने सावन महोत्सव का किया आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** वार्ड संख्या-8 स्थित आनंद सरस्वती बाल निकेतन विद्यालय परिसर में महिला योग ग्रुप के तत्वावधान में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निवर्तमान वार्ड पार्षद अविनाश कौर एवं योगा ग्रुप की सभी महिलाओं द्वारा भगवान शिव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजन, गीत-संगीत की सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। साथ ही म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें संयुक्ता प्रजापति ने विजेता का स्थान प्राप्त किया। उन्हें निवर्तमान पार्षद अविनाश कौर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कौर ने कहा कि कॉलोनी की महिलाओं द्वारा इस प्रकार का आयोजन एक सराहनीय पहल है। सावन का महीना भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है और ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक चेतना बढ़ती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्ता देवी, अमृता कौर, चाईना चौधरी, जयंती चौधरी, शोभा खत्री, सुमन देवी, उषा देवी, मीरा देवी, बिंदिया देवी, देवंती देवी, रूपा प्रसाद, प्रेरणा कुमारी, आस्था, ईशा कुमारी, प्रीति कुमारी, कीर्ति समेत अखौरी कॉलोनी एवं संजय गांधी पथ की अनेक महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभायी।

## जय श्रीराम समिति ने निकाली बाइक रैली



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सावन मास की दूसरी सोमवारी के पावन अवसर पर लोहरदगा शहर शिवभक्ति में रंगा नजर आया। जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो टीको कोयल और सीठियो कोयल नदी के घाटों से शुरू होकर छत्तर बगीचा स्थित ऐतिहासिक स्वयंभू महादेव मंदिर तक निकाली गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के कुडू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, जिला संगठन मंत्री रामकुमार साहू एवं भंडरा प्रखंड प्रभारी अवधेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। सुबह 10:30 बजे श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ गंगाजल भरा और कलश सजाकर बाइक रैली के रूप में शिवध्वज लहराते हुए रवाना हुए। रैली के दौरान हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मंदिर पहुंचने के बाद भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से भव्य अभिषेक किया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम पूरी तरह: अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के संरक्षक अजय सोनी, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव, दयाशिह, विक्की कसेरा, विश्वजीत भारती, नितेश जैसवाल, विनोद प्रसाद सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# भैरव सिंह की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बरवाटोली चौक में सोमवार को भैरव सिंह की रिहाई की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं अन्य हिंदू संगठनों द्वारा आक्रोश प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रवीण ठाकुर और प्रद्युम्न पाठक ने किया। प्रदर्शनकारियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भैरव सिंह को चुटिया थाना में बुलाकर एक फर्जी मुकदमे के तहत गिरफ्तार किया गया है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भैरव सिंह को अविलंब रिहा किया जाये और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाये। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, लोहरदगा जिला अध्यक्ष वाल्मीकि, विवेक कुमार साहू, नीरज कुमार साहू, आनंद साहू, सूरज सिंह, रितिक साहू, विकास सिंह सहित हिंदू संगठनों के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गयी, तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

# पीएम फसल बीमा योजना में रजिस्ट्रेशन करायें किसान, क्षति होने पर मिलेगा लाभ : उपायुक्त

**स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 में भाग लें, स्वच्छता रैंकिंग में जिला को होगा फायदा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने पूर्व निर्धारित साप्ताहिक कार्यक्रम 'पंचाइत कर गोइठ' के तहत जिले के मुखियाओं से संवाद स्थापित किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं से बातचीत कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया साथ ही उनके क्षेत्र की समस्याओं से स्वयं भी वे अवगत हुए। उपायुक्त ने मुखियाजनों से बात करते हुए कहा कि अभी पीएम फसल बीमा योजना के तहत रजिस्ट्रेशन चल रहा है। अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। जिन किसानों ने केसीसी ऋण ले रखा है उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन अन्य इच्छुक किसान मात्र एक रुपये की टोकन मनी देकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए आवेदन पीएम फसल बीमा योजना के पोर्टल, एनडीएफसी बैंक, नजदीकी प्रज्ञा केंद्र और फसल बीमा केंद्र में जाकर किया जा सकता है। योजना का लाभ दिए जाने से संबंधित शर्तों और अन्य जानकारी जिला सहकारिता कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि सभी गांवों में किसान उत्पादक का गठन करें। उपायुक्त ने कहा कि अभी स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 चल रहा है। सभी पंचायत के मुखिया बढ़-चढ़ इसमें भाग लें। इससे जिला की रैंकिंग में मदद मिलेगी। गांवों में शौचालय के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाये। लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी मुखियाओं से अपील की है कि जिस गांव के राशन कार्डधारी आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए भी सरकारी जनवितरण के दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं वैसे लाभुकों को राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें ताकि गरीब जरूरतमंदो को इसका लाभ दिया जा सके। इसके अलावा वैसे लोग जो मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ के पात्र नहीं हैं उन्हें भी चिन्हित कर सूची से अपना नाम हटवाने के लिए प्रोत्साहित करें। जिन पात्र लाभुको के बैंक खाते में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं पहुंच रही है वे बैंक जाकर आवश्यक रूप से अपना केवाइसी करा लें। आधार इनेक्टिव है तो उसे एक्टिव करा लें। वीडियो कांफ्रेंसिंग में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव आदि शामिल हुए।

## कसपुर में बीडीओ और कनीय अभियंता ने पीसीसी सड़क की जांच की



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कसपुर गांव में लघु सिंचाई विभाग द्वारा बनाये गये पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को बीडीओ प्रतिमा कुमारी व लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता केदार महतो ने निरक्षण किया है। साथ ही सड़क में जो कमियां है, उससे दो दिनों के अंदर ठीक करने का निर्देश संवेदक रामविलास साहू को दिया है। इस दौरान अधिकारियों की आने की भनक लगते ही संवेदक द्वारा आनन-फानन में योजना बोर्ड लगाया गया। मौके पर योजना निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने सड़क की गुणवत्ता पर नाराजगी जाहिर करते हुए कनीय अभियंता केदार महतो को अपनी निगरानी में कमियों को दूर करने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने लघु सिंचाई विभाग से बनाये गये पीसीसी सड़क की लंबाई, चौड़ाई के अलावे मानक के अनुरूप ढलाई की जांच कर कई बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कसपुर मुख्य पथ से देवी मंडप तक बने सड़क पर मोटाई कम होने को लेकर अलग से 35 फीट तीन इंच ढलाई करने का निर्देश कनीय अभियंता को दिया है। साथ ही उन्होंने विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया है।

# बजरंग दल अमला टोली शिव मंदिर ने निकाली भव्य कांवर यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सावन मास के पावन अवसर पर बजरंग दल अमला टोली शिव मंदिर की ओर से भव्य कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं का समूह शंख नदी से गंगाजल भरकर पतरा टोली, साइडिंग, पावरगंज, अमला टोली होते हुए बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर प्रांगण पहुंचा, जहां भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष राजकुमार साहू ने कहा कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन में निकले विष को स्वयं पीकर संसार को अमृत प्रदान किया और 'नीलकंठ' कहलाए। उन्होंने अपनी जटाओं में गंगा को धारण कर यह संदेश दिया कि शीतल मन और शांत चित्त से ही जीवन में विजय संभव है। श्रावण मास में जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उन्हें शिव कृपा प्राप्त होती है। कांवड़ यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के जयघोष के साथ पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में श्रद्धा, अनुशासन और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर विजय खत्री, सचिन कुमार साहू, रितेश साहू, सुनील अग्रवाल, सन्नी साहू, गुड्डू साहू, आकाश वर्मा, मुरारी भैया, लाल साहू, गोलू साहू, कार्तिक विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, विक्की विश्वकर्मा, अक्षत साहू, शशि तिवारी, अनुभव कसकर, नीरज साहू, प्रद्युम्न पाठक, प्रदीप साहू, बजरंग साहू, श्याम साहू, संदीप साहू, प्रमोद प्रजापति, शिवम साहू, आर्यन गुप्ता, करण गुप्ता सहित अनेकों शिवभक्तों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल और भव्य स्वरूप प्रदान किया।

# सांप के डंसने से बच्ची की मौत, ग्रामीणों ने अस्पताल बंद रखने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गारू।** गारू प्रखंड अंतर्गत मायापुर पंचायत के जामुनटांड टोला के निवासी सुदर्शन लोहरा की पांच वर्षीय पुत्री आयुषा कुमारी को रविवार रात करीब दस बजे जहरीले सांप ने डंस लिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि पहर का खाना खाने के बाद पूरा परिवार जमीन में चटाई बिछाकर सो रहे थे उसी क्रम में बच्ची को कड़इत नामक जहरीले सांप ने डंस लिया। पुत्री के रोने की आवाज सुनकर माता लालमुनी देवी उठी और सांप को बच्ची से अलग किया। सुदर्शन लोहरा ने आगे बताया कि ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मायापुर अस्पताल पहुंचे जहां पर अस्पताल को बंद पाया। तत्पश्चात बच्ची को इलाज के लिए तुंबागड़ा अस्पताल पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने पुत्री को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पर बारेसांढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढ़स बंधाया एवं आर्थिक मदद की।

ग्रामीण संजय लोहरा, गेंदा लोहरा, निरोदन लोहरा, पिंकी कुमारी, ओमप्रकाश लोहरा, शिवनाथ लोहरा समेत अन्यों ने आरोप लगाया कि मायापुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सरकारी अस्पताल एकमात्र एएनएम के सहारे चलता है जो की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही खुला रहता है। आगे ग्रामीणों ने कहा कि रात्रि पहर सांप काटने के बाद जब हम बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे अगर अस्पताल खुला हुआ रहता एवं यहां पर स्नेक वेनम उपलब्ध रहता तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी।

इस विषय पर सीएचओ की प्रमाणिक ने बतलाया कि स्नेक वेनम डॉक्टर की उपस्थिति में ही पड़ता है क्योंकि इसके दुष्प्रभाव भी बहुत सारे हैं। मायापुर अस्पताल में फ्रिज खराब है जिसे बनने दिया गया है। ऐसे में स्नेक वेनम को यहां नहीं रखा जा सकता है।

इस संबंध में रेफरल अस्पताल गारू के प्रभारी चिकित्सक जुबेर अहमद ने कहा कि हमारे यहां स्नेक वेनम उपलब्ध था। समय रहते परिजन बच्ची को हमारे अस्पताल में ले आते तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी।

## भतीजे ने चलायी थी बुजुर्ग पर गोली, गिरफ्तार



**गारू (आजाद सिपाही)।** गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत सल्वे ग्राम में शनिवार की शाम को सल्वे निवासी वासुदेव भगत (75) को जान से मारने की नीयत से अज्ञात अपराधी ने गोली मारी थी। गोली हाथ में लगी थी जिसके बाद उन्हें घायलवस्था में लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया था, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। इस संबंध में गारू थाना में सनहा दर्ज किया गया था। मामले का उद्भेदन पुलिस के द्वारा महज 24 घंटे के अंदर ही कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वासुदेव भगत पिता हल्कन उरांव को उनके भतीजे सुनेश्वर उरांव (35) पिता खरीदन उरांव ग्राम साल्वे ने ही डायन बिसाही का आरोप लगाकर गोली मार कर घायल कर दिया था। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार छापामारी दल का गठन कर अभियुक्त सुनेश्वर उरांव को 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले की जानकारी गारू थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर दी गयी। अभियुक्त के निशान देही पर घटना में प्रयोग किया गया भरठुआ बंदूक को बरामद किया गया। अभियुक्त को सोमवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है। छापामारी दल में बारेसांढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, पुअनि विजय कुमार, पुअनि इंद्रदेव राम, पुअनि राजीव रंजन समेत सैट और आइआरबी के जवान समेत अन्य शामिल थे।

# मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी, 'बोलबम' के जयकारे से गूंजे शिवालय

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवभक्त भक्ति में सराबोर रहे और उनमें उत्साह और ऊर्जा का संचार नजर आया। भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन महीने में सोमवार के दिन को लेकर हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिन पूजा पाठ एवं व्रत करने से भगवान शिव अपने भक्त पर प्रसन्न होते हैं। सोमवारी व्रत करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए सोमवारी व्रत किया था। सोमवार के व्रत का शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष महत्व है। सावन के दूसरी सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। सावन माह की सोमवारी के दिन सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया।

## दूसरी सोमवारी पर शिवमय हुआ कुडू

**कुडू (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड में दूसरी सोमवारी को शिवभक्तों की भीड़ विभिन्न शिवालयों पर उमड़ पड़ी। सुबह होते ही शिवभक्त नहा-धोकर पूजा-अर्चना करने शिवालय की ओर निकल पड़े। पूरे भक्तिभाव से लोगों ने भगवान शंकर पर जलाभिषेक कर सर्वमंगल कामना की। सुबह से ही लोग बाबा भोले की पूजा के लिए मंदिर पहुंचे हुए थे। प्रखंड के टाटी, जिंगी, कुडू बाजार टांड, तान टीको स्थित शिव मंदिर, सलगी बुढ़वा महादेव धाम, ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर के अलावे कई शिवालयों पर भक्तों की भीड़ देखी गयी।**

## केचकी नदी से जल उठाकर भोलेनाथ को चढ़ाया



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** सावन की दूसरी सोमवारी के मौके पर बरवाडीह के ऐतिहासिक पहाड़ी शिव मंदिर में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से ही श्रद्धालु बोल बम का जयघोष करते हुए भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए मंदिर प्रांगण पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और अरघा सिस्टम से जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव गूंज उठा। केचकी नदी से जल उठाकर लोग पैदल चलते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंचे और बाबा का जलाभिषेक किया। पहाड़ी शिव मंदिर के पुरोहित बल्लू मिश्रा ने बताया कि पहाड़ी मंदिर आकर श्रद्धालुओं को ऊर्जा मिलती है और इस पवित्र माह में शिवलिंग पर जल चढ़ाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## पुल निर्माण के गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं, लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि : उपायुक्त



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड अंतर्गत नंदिनी नदी पर निर्माणाधीन दो उच्च स्तरीय पुलों का निरीक्षण किया और संबंधित विभाग के अभियंता व संवेदक को सख्त दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा कैरो प्रखंड के उतका और बण्डा गांव को जोड़ने के लिए नंदिनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल और कैरो गांव में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तक जानेवाली पथ पर नंदिनी नदी के ऊपर बन रहे पुल का सघन निरीक्षण किया गया। इसमें उपायुक्त ने किसी भी परिस्थिति में पुल की गुणवत्ता से समझौता नहीं करने का सख्त निर्देश संबंधित विभाग के अभियंताओं व संवेदक को दिया। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों की सुरक्षा सर्वोपरि है। निरीक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ शीला कुमारी समेत अन्य शामिल थे।

# बाबा धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## सावन की दूसरी सोमवारी और एकादशी पर पांच किलोमीटर तक लगी लंबी कतार

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सावन महीने की दूसरी सोमवारी और एकादशी तिथि के संयोग पर सोमवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस दिन अहले सुबह से ही बाबा भोलेनाथ के दर्शन और जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। तड़के तीन बजे बाबा मंदिर का पट खोला गया, जिसके बाद कांचा जल से पूजा की गई। फिर सरदार पंडा की ओर से पारंपरिक सरदारी पूजा की गयी। इसके बाद सुबह 4 बजकर 5 मिनट से आम श्रद्धालुओं के लिए जलार्पण की शुरूआत की गई। श्रद्धालुओं ने जलार्पण मंदिर के बाहर विशेष रूप से लगे अरघा के माध्यम से किया, ताकि मंदिर की व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। बाबा मंदिर के पुरोहितों के अनुसार, एकादशी तिथि और सोमवारी का संयोग अत्यंत शुभ माना जाता है। यही कारण है कि सोमवार को देवघर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। दूर-दराज से आए कांवरिया भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए रात से ही कतारों में लग गये थे। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। देवघर डीसी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। स्वास्थ्य, पेयजल, सुरक्षा, सफाई और लाइन व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध और व्यवस्थित ढंग से बाबा मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचाया। भक्तों की लंबी कतार बाबा मंदिर से लेकर लगभग पांच किलोमीटर दूर चमारी डीह तक पहुंच गया था।



देवनगरी बाबा धाम में सावन की दूसरी सोमवारी पर जलार्पण के लिए उमड़ी लोगों की भारी भीड़।

## दूसरी सोमवारी को लेकर डीसी ने किया रुटलाइन निरीक्षण



**देवघर (आजाद सिपाही)।** राजकीय श्रावणी मेला की दूसरी सोमवारी को लेकर देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने मेला क्षेत्र के रुटलाइन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। डीसी ने होल्डिंग प्वाइंट पर सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। रुटलाइन में साफ-सफाई, कचरा उठाव और निष्पादन पर विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

## सेवा शिविर में मनाया गया कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेला की दूसरी सोमवारी पर आए कांवरियों की सेवा कांग्रेस की ओर से संचालित सेवा शिविर से अनवरत जारी है। इसी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव शामिल हुए। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय के साथ संयुक्त रूप सभी ने केक काट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी गयी। विधायक के साथ सभी कांग्रेसी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अच्छे स्वास्थ्य के साथ दीर्घायु बनाए रखने का बाबा भोलेनाथ से कामना की। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि बाबा वैद्यनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास का यह मेला है। देश-विदेश से भारी संख्या में आए शिवभक्त कांवरियों को सुलभ जलार्पण के लिए मेला में सारी व्यवस्था काफी व्यवस्थित ढंग से की है। राज्य की गठबंधन की सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में देवघर से लेकर बासुकीनाथ धाम तक हर प्रकार की सुविधा साफ-सफाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। इसके लिए झारखंड सरकार के साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र हैं। वहीं, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने कहा कि लगातार 40 वर्षों से जिस उद्देश्य से कांग्रेस सेवा शिविर लगाते आ रही है, वह पूरा होता है। थके हारे, भूले बिसरे एवं अस्वस्थ कांवरियों की सेवा एवं सहयोग कर काफी सुखद अनुभूति होती है। सरकार ने मेले को चुनौती पूर्ण लेते हुए समुचित व्यवस्था की है, जो सराहनीय है। वहीं, जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि हम बाबा बैद्यनाथ धाम में आए शिव भक्त कांवरियों की सेवा पूर्ववत जारी रखें हैं। उधर, कांग्रेस नेताओं के साथ ही विधायक ने भी बाबा भोलेनाथ के भक्तों की सेवा की एवं फलाहार के साथ पेय पदार्थ बांटा। इस मौके पर प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह, अवधेश प्रजापति, जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, नगर अध्यक्ष रवि केसरी, पदाधिकारी सुधीर देव, सोसल मीडिया प्रभारी अमित पांडेय, गणेश दास, सेवा दल के जिलाध्यक्ष बासुकी पंडित प्रखंड अध्यक्ष संजीव चौधरी, राजीव रंजन उर्फ गुलाब यादव, चंद्रदेव दास, विकास राउत, अभिषेक दूबे, सदाशिव राणा, सेवा दल के अर्जुन सिंह, धीरेंद्र सिंह, अमोद राव, अर्जुन राउत, राजेश कुमार, डीके राय, रितू राज, धर्मेंद्र सिंह, युवा अध्यक्ष कुमार राज, किशोर कुमार ठाकुर, मणिकांत यादव, विधायक रामाकांत कुमार, मुकेश यादव, कृष्णा यादव, गोपाल यादव, पिंटू भोक्ता, चंद्र किशोर दास, चंदन यादव, देवाशीष दूबे, बिनोद मणि, ब्रजभूषण राम, आर्या डिस्ट्रीब्यूशट के राजू आर्या, समाज सेवी जनार्दन प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

## देशभर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर राष्ट्रपति के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा सिंह के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पलामू डीसी समीरा एस मिला और उन्हें राष्ट्रपति के नाम का एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें ओडिशा और ग्रेटर नोएडा सहित कुछ अन्य प्रदेशों में छात्राओं एवं नाबालिग बच्चियों के साथ हुई वीभत्स घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि बेटियों के साथ हुए अत्याचार को जघन्य अपराध की श्रेणी में रखते हुए दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कठोरतम सजा दिलवायी जाए। वहीं, डीसी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन राष्ट्रपति तक पहुंचा दिया जायेगा। इस पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा कि यह केवल ज्ञापन नहीं, बल्कि देश की बेटियों की पीड़ा की पुकार है। जिसे संविधान की सबसे बड़ी जिम्मेदारी संभाल रही राष्ट्रपति तक पहुंचाया गया है। कहा कि राष्ट्रपति खुद ओडिशा की बेटी हैं और उन्हें इस पीड़ा को गहराई से समझेंगी। बेटियों को अगर न्याय मिलने में विलंब होगा तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल विश्रामपुर के पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि जब तक देश की बेटियां असुरक्षित रहेंगी, तब तक हर स्तर पर लड़ाई जारी रहेगी। महिला कांग्रेस जनआंदोलन की बदौलत बेटियों को न्याय दिलाने का अपना हरसंभव प्रयास जारी रखेगा। प्रतिनिधिमंडल में नगीना देवी, महेश्वरी देवी, मीना कुमारी, अनिता देवी, पार्वती ठेवा, फुलमती देवी, बिलावती देवी, सीमा देवी, सुनिता देवी, ममता देवी, पूजा देवी, रीता देवी, विन्ता देवी, कोशीला देवी, फुलवा देवी, कांति देवी, बबिता देवी, मीरा देवी, मिलन देवी, सीमा गुप्ता एवं समाजसेवी विवेक शुक्ला आदि शामिल थे।

## आनंद बने एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विश्वविद्यालय की ओर से एके सिंह कॉलेज के शासी निकाय को भंग कर नई तदर्थ समिति के गठन के बाद तेजी से बदलते घटना क्रम में सचिव डॉ राजेन्द्र सिंह ने तदर्थ समिति के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आनन्द कुमार को प्राचार्य पद पर योगदान कराकर कॉलेज कर्मियों से समन्वय बनाकर शिक्षण व्यवस्था एवं वितीय व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। वहीं, योगदान के बाद कॉलेज कर्मियों ने नये प्राचार्य डॉ आनंद कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आनंद कुमार ने कहा कि हमसभी को मिलकर कॉलेज कार्य को सुचारू रूप से संचालित करते हुए अनावश्यक वित्तीय खर्च पर अंकुश लगाना प्राथमिकता होगी। वहीं, नये प्राचार्य को प्रो चंदन कुमार, अय्यूब खा, अरुण सिंह, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉ आलोक रंजन, अभिषेक कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार सिंह, राहुल सिंह, रेखा सिंह, अखिलेश सिंह, जयराम, सिंह,मीना गुप्ता, वृंदा देवी, अरविंद कुमार सिंह, नरेन्द्र सिंह, छत्रशाल सिंह, प्रह्लाद पाल, कृष्ण मोहन सिंह और राजेंद्र राम आदि ने बधाई दी है।

## जपला-पथरा-पीपरा सड़क की बदहाली पर ग्रामीणों का आक्रोश, किया सड़क जाम



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जपला-पथरा-पीपरा सड़क की बदहाली पर अधिवक्ता प्रेमतोष कुमार सिंह (गुड्डू) के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने सोमवार को दमुआ मोड़ के समीप धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीण सड़क पर बैठ गए और प्रदर्शन करते हुए सड़क को मरम्मत कराने की मांग की। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई । इससे करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। अधिवक्ता प्रेमतोष कुमार सिंह ने कहा कि जपला-पथरा आरसीडी सड़क की ई-निविदा विधान सभा चुनाव से पूर्व निकाला गया है। विभागीय लापरवाही और कम राशि के कारण अब तक रोड की टेंडर नहीं हुई है। जिससे पिपरा वासियों की परेशानी बढ़ती दिख रही है। वहीं लालबहादुर सिंह सहित कई वक्ताओं ने कहा कि दोबटिया मोड़ एनएच 139 से पीपरा-पथरा होते जपला जाने वाली सड़क, सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है पता ही नहीं चलता। उस पर बरसात में कीचड़ और धूप में उड़ते धूल कण से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं, लोगों ने कहा कि सड़क को जल्द दुरुस्त नहीं कराया गया तो चक्का जाम करते हुए अनिश्चितकाल के लिए धारण प्रदर्शन पर बैठने की बात कही। इसकी सूचना पर पीपरा सीओ जितेंद्र कुमार, बीडीओ विनय कुमार और थाना प्रभारी बिमल कुमार ने धरना पर बैठे लोगों को समझाया और एक सप्ताह में सड़क को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोगों ने मांग पत्र सौंपते हुए जाम को हटा लिया। इस मौके पर विंदेश्वरी पाठक, सुनील सिंह, पिंटू सिंह, वीरेंद्र सिंह, बच्चन यादव, मथुरा प्रसाद गुप्ता, दशरथ राम, चितरंजन सिंह, मनोज सिंह, अंशु मिश्रा, संतु सिंह, प्रिंस सिंह, संतु पासवान, धर्मेंद्र पासवान आदि उपस्थित रहे।

# पलामू सांसद ने लोकसभा में उठाया रेहला में इथनॉल डिस्टलरी प्लांट लगाने का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेहला विश्रामपुर में इथनॉल की डिस्टिलरी स्थापित करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को लोकसभा में उठाया। सांसद ने कहा कि झारखंड के औद्योगिक क्षेत्र रेहला अंतर्गत पर्याप्त जमीन है। यहां पर इथनॉल की डिस्टिलरी स्थापित हो सकती हैं। चावल से इथनॉल बनाने पर प्रदूषण की भी कोई समस्या पैदा नहीं होगी। उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) पूर्ण हो जाने पर पानी भी पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध हो जाएगा। इसके साथ ही वैल्यू एडिशन कर एग्रो इंडस्ट्रीज एंव फार्मा कंपनी के लिए भी प्रोडक्टस बनाये जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यहां पर रेहला में कास्टिक सोडा फैक्ट्री के अलावा कोई उद्योग-धंधा नहीं हैं जहां पर लोगों को रोजगार मिल सकें। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी जी से अनुरोध हैं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विश्रामपुर प्रखण्ड के रेहला में इथनॉल की डिस्टलरी स्थापित करने कृपा की जाय।

## छतरपुर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 से अधिक मरीजों का उपचार



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुरके लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और द स्वराज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार 'चुनमुन' गुप्ता के हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से छतरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अनुमंडलीय चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेश अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता एवं डॉ अभिषेक कुमार ने किया। इस दौरान छतरपुर क्षेत्र के 300 से अधिक जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क इलाज, ब्लड जांच एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के कई अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवा दी। जिनमें डॉ राजेश सिंह (डीएमएस), डॉ राहुल, डॉ अभिषेक, डॉ श्रीकांत (सर्जन), डॉ संजय (फीजिशियन), डॉ अभिषेक, डॉ ओमणित (ऑर्थो), डॉ सिद्धार्थ (गायनोलॉजिस्ट), डॉ अजहर, डॉ राहुल, डॉ काशिफ शामिल थे। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता ने कहा कि छतरपुर स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। वहीं, अनुमंडलीय चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेश अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के गरीब लोगों को समय पर इलाज मिल पाता है, जो स्वास्थ्य सुधार की दिशा में सराहनीय कदम है। इस मौके पर सुनील कुमार, पंचम कुमार, चन्दन कुमार, रजत देव, मृणाल कुमार, सोनू सिंह, विशाल गुप्ता आदि थे।

## अवैध क्लिनिक पर होगी कड़ी कार्रवाई : डॉ बीनेश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने नागरिकों, माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार पर विशेष ध्यान देने, स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार करने का निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार ने गर्भवती महिलाओं के लिए शत प्रतिशत एएनसी कवरेज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एनिमिया आदि सभी तरह की जांच, ससमय आयरन एवं फोलिक एसिड टैबलेट्स देने, बीसीजी, हेपेटाइटिस, ओपीभी (पोलियो) टीकाकरण आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने एएनएम को स्पष्ट निर्देश दिया कि यहां गये, वहां गये की तरह रिपोर्ट नहीं चलेगा। वहीं, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार ने कहा कि अगर अवैध बिना रजिस्ट्रेशन क्लिनिक या अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कहा कि अवैध निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों का पता सहिया साथी द्वारा लगा कर सूची उपलब्ध कराएं। कहा कि वह खुद भी टीम गठित कर छापामारी अभियान चला रहे हैं। सहिया साथी एवं एएनएम को वैध क्लिनिक एवं अस्पतालों की सूची संबंधी रिपोर्ट भी सौंपने का निदेश दिया।

## झामुमो के सेवा शिविर में पहुंचकर विधायक चुन्ना सिंह ने की कांवरियों की सेवा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावण की दूसरी सोमवारी पर देवघर में झामुमो की ओर से आयोजित सेवा शिविर में सारठ के विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने कांवरियों की सेवा करते हुए भक्ति और सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। विधायक ने कांवरियों के बीच फल, नींबू पानी और शरबत का वितरण किया। कहा कि बाबा बैद्यनाथ की नगरी में प्रतिवर्ष लाखों कांवरिया श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं और सरकार की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार कांवरियों ने सेवा व्यवस्था से संतुष्ट होकर सरकार की सराहना की है झामुमो जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कांवरियों की सुविधा के लिए टेंट सिटी, स्वास्थ्य सेवाएं, दवाइयां और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। सेवा शिविर में श्रद्धालुओं के विश्राम, जलपान और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है, जो चौबीसों घंटे सक्रिय है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, सुरेश साह, जिला कोषाध्यक्ष मनोज दास, महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी, मृत्युंजय राउत, प्रवीण नरोने, सुमित सोरेन, नारायण मंडल, धन्नु राउत, प्रमोद चौधरी, राखी कुमारी, रिंकी कुमारी, मणिकांत कुमार, खगेश यादव, बैजू दास, परमेश्वर यादव, महादेव पंडित, ओमकार बरनवाल और नुनेश्वर मांझी शामिल थे।

## जसीडीह-बासुकीनाथ के बीच विशेष मेमू ट्रेन सेवा शुरू

**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने विशेष यात्री सुविधाओं की व्यवस्था की है। 21 जुलाई से पांच अगस्त तक प्रत्येक सोमवार और मंगलवार को जसीडीह और बासुकीनाथ के बीच अतिरिक्त स्पेशल मेमू ट्रेनें चलाई जाएंगी।यह विशेष ट्रेन मोहनपुर से सुबह 10.30 बजे रवाना होकर 11.30 बजे बासुकीनाथ पहुंचेगी। इसके बाद यह दोपहर 12.30 बजे बासुकीनाथ से प्रस्थान कर दो बजे जसीडीह पहुंचेगी। जसीडीह से ट्रेन दोपहर 2.30 बजे छूटेगी और शाम चार बजे पुनः बासुकीनाथ पहुंचेगी। वहां से शाम 4.30 बजे चलकर शाम 6.30 बजे जसीडीह पहुंचेगी। अंत में जसीडीह से शाम 6.50 बजे प्रस्थान कर यह ट्रेन 7.25 बजे मोहनपुर में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। इस विशेष सेवा का उद्देश्य बासुकीनाथ धाम आने वाले कांवड़ियों और तीर्थयात्रियों को सुगम, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्रा प्रदान करना है। श्रावणी मेला देवघर और बासुकीनाथ के लिए आस्था का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। पूर्व रेलवे द्वारा की गई यह पहल न केवल यात्रा को सहज बनाएगी, बल्कि तीर्थयात्रियों की सुविधा में भी अभूतपूर्व सुधार लाएगी।

## पाथरोल हाई स्कूल के पास 12 हजार की छिनतई, अपराधियों ने वाहन किया क्षतिग्रस्त

**देवघर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर-सारठ मुख्य सड़क पर पाथरोल हाई स्कूल के पास अपराधियों ने छिनतई की वारदात को अंजाम दिया है। पाथरोल हाई स्कूल के समीप चार की संख्या में बाइक सवार अपराधियों ने फैज मिर्जा नामक व्यक्ति से 12 हजार रुपये छीन लिए और उनके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित फैज मिर्जा ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे मधुपुर से सारठ की ओर अपने चारपहिया वाहन से जा रहे थे। शौच के लिए जैसे ही पाथरोल हाई स्कूल के पास रुके, तभी बाइक पर सवार चार अपराधियों ने घेर लिया और जेब से 12 हजार रुपये छीन लिए। जब उन्होंने भागने की कोशिश की तो अपराधियों ने वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन किया।

## डीसी ने की जिला पर्यटन संवर्द्धन की बैठक, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के लिये अंतर विभागीय जांच आवश्यकः डीसी

**कहा- झारखंड टूरिस्ट ट्रेड रजिस्ट्रेशन पोर्टल में पर्यटक से जुड़े सभी स्टेक होल्डरों का निबंध करवाना सुनिश्चित करें**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। जिसमें पिछली बैठक के आलोक में लिये गये निर्णयों की जानकारी ली गयी। बताया गया कि राज्य स्तर पर पर्यटन की बैठक नहीं होने के कारण विभिन्न कार्य लंबित है। बैठक में मोहम्मदगंज के भीम चूल्हा के समीप बजट होटल के निर्माण के लिए चयनित भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर सीओ, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अपर समाहर्ता को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर निर्देशित किया। वहीं चतरा सांसद प्रतिनिधि ने पांकी के राहेवीर पहाड़ी पर बने शिव मंदिर और तरहसी में महादेव माड़ा को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित करने को लेकर रेखांकित किया। वहीं, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय ने दाताशाह के मजार पर कुछ रेस्ट हॉउस बनाने का अनुरोध किया। बताया कि इस मजार पर झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश से पर्यटकों का आना-जाना होता है। उधर, डीसी ने विभिन्न पर्यटकीय स्थलों पर हो रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य हो रहा है,उन सभी के गुणवत्ता की जांच अंतर विभागीय पदाधिकारी द्वारा किया जाये, ताकि कार्य की गुणवत्ता का आकलन निष्पक्षता से किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी बनाया जा सकेगा साथ ही जब जांचकर्ता और कार्यकारी अधिकारी अलग-अलग विभागों से हों, तभी जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यों का निष्पादन गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संभव हो पाता है। डीसी ने कहा कि जिले के पर्यटन एवं ट्रेवल से जुड़े व्यवसाईयों को झारखंड टूरिस्ट ट्रेड रजिस्ट्रेशन पोर्टल में निबंधन कराया जाना है। इस पोर्टल में पर्यटन से जुड़े सभी व्यवसाईयों का अधिकाधिक निबंधन हो, इसके लिये होटलों, कार-मिनी बस ऑपरेटरों, एडवेंचर स्पोर्ट्स से जुड़े लोग, टूरिस्ट गाइड, फोटोग्राफरों के बीच व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाना आवश्यक है। उन्होंने पर्यटन पदाधिकारी को जागरूकता अभियान चलाने को लेकर निर्देश दिया। इस मौके पर डीडीसी जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह प्रभारी पर्यटन पदाधिकारी प्यारेलाल, जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव, भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता, सहायक नगर आयुक्त, जिला पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी, विश्रामपुर एवं पांकी विधायक के प्रतिनिधि आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



## 10.12 ग्राम ब्राउन शुगर और नगद के साथ तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एसपी के निर्देश पर सदर थाना की पुलिस ने नशा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ब्राउन सुगर के तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही तीनो के पास से 10.12 ग्राम ब्राउन सुगर, वेट मशीन, एक स्कूटी, मोबाइल, चांदी का चैन आदि बरामद किया गया है। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 21 जुलाई 2025 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिसई रोड स्थित जाली फैक्ट्री के पीछे कुछ लोग ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में छापेमारी दल गठित किया गया। टीम में उनके अलावा थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक संजीवन उरांव, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार, आरक्षी सुदीप टोप्पी और समीर अंसारी शामिल थे। पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, वहां मौजूद कुछ युवक भागने लगे। एक लाल-काले रंग की स्कूटी पर सवार तीन युवकों को घेरकर पकड़ा गया। पूछताछ में स्कूटी चालक ने अपना नाम नितेश लाल साहु, उम्र 25 वर्ष निवासी खोरा, थाना गुमला बताया। उसके साथ अभिषेक दास, उम्र 24 वर्ष और सुरज सिंह, उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी खोरा, थाना गुमला थे। तीनों की तलाशी ली गयी। नितेश के दाहिने पॉकेट से एक वीवो मोबाइल, एक चांदी जैसी चैन, बायें पॉकेट से 2 ग्राम ब्राउन सुगर और शर्ट की जेब से 9200 रुपये मिले। अभिषेक के पास से 6.20 ग्राम ब्राउन सुगर, एक वेट मशीन और एक रेडमी मोबाइल मिला। सुरज सिंह के पास से 200 ग्राम ब्राउन सुगर और एक रियलमी मोबाइल बरामद हुआ।

पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे यह ब्राउन सुगर स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित अन्य लोगों को 4,000 रुपये प्रति ग्राम बेचते थे। बरामद सभी सामान की जब्ती सूची बनायी गयी। तीनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। सुरज सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह जनवरी 2025 में गुमला थाना से जेल जा चुका है। उसके खिलाफ गुमला थाना कांड संख्या 28/25, दिनांक 16 जनवरी 2025, धारा 21(5)/22( )/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

पुलिस ने स्कूटी, कुल 10.12 ग्राम ब्राउन सुगर, 9,200 रुपये नकद, एक चांदी जैसी चैन, एक वेट मशीन और तीन मोबाइल जब्त किए हैं। तीनों को प्रेस वार्ता के बाद जेल भेज दिया गया।

## बसिया के पांच छात्रों ने आइआइटी धनबाद में आयोजित बूट कैंप में लिया भाग



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के पांच छात्र आइआइटी (आइएसएम) धनबाद में आयोजित बूट कैंप में भाग लेकर वापस विद्यालय पहुंचे। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया को आइआइटी (आइएसएम) धनबाद के साथ टैग किया गया है जिसके अंतर्गत छात्रों को दो वर्ष तक कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक वर्ष पूरा होने पर सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच छात्रों को आइआइटी (आइएसएम) धनबाद के कंप्यूटर लैब में विशेष प्रशिक्षण तथा रिवॉर्ड हेतु आमंत्रित किया गया था। विद्यालय के पांच छात्र प्रेमलाल हेंब्रम, विष्णु सिंह मुंडा, मुकेश बिझिया, रवि टुडू तथा अनुप उरांव ने 17 जुलाई से 19 जुलाई तक आइएसएम धनबाद में रहकर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यालय से इन पांचों छात्रों को शिक्षक संदीप कुमार पंडित अपने संरक्षण में लेकर गये और वापस आये। सभी पांच छात्रों ने इस शैक्षणिक यात्रा को काफी लाभदायक बताया। इन छात्रों को अब एक वर्ष तक एडवांस कंप्यूटर ट्रेनिंग दिया जायेगा। कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था की जायेगी।

## बीडीओ ने निरक्षर लोगों का सर्वे कर ऑनलाइन करने का दिया निर्देश



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सोमवार को प्रखंड सभागार में बीपीओ अनुपम कुमार के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में एनआइएलपी के तहत निरक्षर लोगो का सर्वे कर ऑनलाइन करने का निर्देश उपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापकों को दिया गया साथ ही सभी प्रधानाध्यापको को उलास अल्पीकेशन के तहत ऑनलाइन करने, यू डिस के तहत टीचर मॉडल, स्कूल प्रोफाईल, जीपीईपी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। नवोदय विद्यालय का कम से कम 5 फॉर्म प्रत्येक विद्यालय से भरकर 26 जुलाई तक जमा करने, पोशाक के लिए फॉर्मेट में सॉफ्ट कॉपी एक सप्ताह में जमा करने का निर्देश दिया गया। बीपीओ अनुपम कुमार ने कहा कि एक सप्ताह में निरक्षर लोगो का सर्वे कर ऑनलाइन नहीं करने वाले सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन मानदेय जुलाई माह का स्थगित किया जायेगा।

## दूसरी सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, देर शाम तक लोगों ने की पूजा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में प्रात:काल से ही भगवान भोलेनाथ को जल, दूध चढ़ाने एवं पूजा पाठ करने को लेकर भक्तों का देर शाम तक पुरुष महिलाओं सहित बच्चों का भीड़ देखने को मिला। नगर पंचायत स्थित कपिलनाथ मंदिर के पुजारी श्री बबलू गिरी ने मंदिर के पौराणिक इतिहास के बारे में बात करते हुए कहा कि यह मंदिर छ: सौ साल से भी अधिक पुराना मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण नागवंशी राजा श्री दुर्जन साह ने बनवाया था। इस मंदिर की खासियत यह है कि इस मंदिर के शिवलिंग पर कितना भी जल चढ़ाने से जल का पता नहीं चलता है। कपिलनाथ मंदिर में जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं उनकी मन्नत पूरी हो जाती है। जिसके वजह से यह मंदिर काफी प्रसिद्ध है जिसके वजह से काफी दूर से लोग दर्शन करने और पूजा पाठ करने आते हैं। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के सकरौली बूढ़ा महादेव मंदिर, बसिया रोड के शिव मंदिर, ब्लॉक स्थित शिव मंदिर, थाना रोड स्थित शिव मंदिर घाघरा पंचायत के दारी टोंगरी स्थित महादेव मंदिर, पुसो महादेव डीपा स्थित शिव मंदिर, लरंगो पंचायत के नवाटोली स्थित शिवलिंग पर बेलपत्र, अरवा चावल, कनेर फूल, धतूरा एवं धतूरा का फूल, चंदन, धूप, अगरबत्ती, दूध चढ़ाकर एवं प्रसाद अर्पित कर अपने घर परिवार की खुशहाली के लिए भगवान भोलेनाथ से कामना किया। प्रखंड क्षेत्र के प्राय: सभी मंदिरों में शिव भक्ति धुन में गाने बजाए जा रहे थे। साथ ही हर हर महादेव, ॐ नम: शिवाय, बोलबम के जैसे नारों से भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

## अलग-अलग विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच 306 साइकिलों का वितरण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** नौनिहालों का मार्ग सुगम बनाने के लिए झारखंड सरकार का महत्वकांक्षी योजना उन्नति का पहिया के तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिसई के निर्देश अनुरूप 21 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के कक्षा आठवीं के एसटी, एससी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी श्रेणी के प्रखण्ड मुख्यालय सहित आठ विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के बीच प्रखण्ड प्रमुख मीना देवी ने 306 साइकिलों का वितरण किया। जिसमें प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय सिसई 81, कन्या मध्य विद्यालय सिसई 21, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदरा 24, राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय सिसई 43, राजकीयकृत मध्य विद्यालय सकरौली 36, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लकेया 20, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांस टोली 26, एवं राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरगांव 55 बालक और बालिकाओं को साइकिल दी गयी। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि दूर ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने विद्यालय आते हैं उन्हें आने जाने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण बच्चे विद्यालय से ड्रॉपआउट कर जाते हैं इससे उनका शिक्षा पूर्ण नहीं हो पाता है जिस कारण उनका बौद्धिक विकास भी नहीं हो पाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार इस महत्वकांक्षी योजना उन्नति का पहिया को संचालित कर रही है। साइकिल पाकर सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे उनके चेहरे पर खुशी साफ साफ नजर आ रही थी। बच्चों ने कहा कि हमें विद्यालय आने जाने में बहुत कठिनाई होती थी पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता था इसके वजह से कभी कभी हम विद्यालय के लिए लेट हो जाते थे और कभी कभी तो हम विद्यालय ही नहीं जा पाते थे जिसके कारण हमारी पढ़ाई बाधित हो रही थी। मौके पर कल्याण पदाधिकारी शैलेश प्रसाद यादव, बीपीओ सिसई दिलदार सिंह सहित आठों विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## आत्मदाह करने डीसी कार्यालय पहुंची सब्जी विक्रेता महिलाएं, सीओ ने आश्वासन देकर भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को सब्जी विक्रेता महिलाएं डीसी कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करने पहुंची। उस समय उपायुक्त अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थी। वह क्षेत्र भ्रमण में निकली थी। महिलाएं काफी देर उपायुक्त का इंतजार की। काफी घंटे बीत जाने के बाद महिलाएं भाषण बाजी करने लगी।

मौके पर झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा प्रशासन गरीब जनता को परेशान करने का काम कर रही है। महिलाएं किसी तरह सड़क किनारे बैठकर दो जून की रोटी के लिए सब्जी बेच रही थी। लेकिन प्रशासन हठ धर्मिता अपनाते हुए सब्जी मार्केट में जेसीबी के माध्यम से बड़े-बड़े गड्ढे खुदवाई। लेकिन अब तक वहां किसी प्रकार का काम नहीं हो रहा है। महिलाएं लोन लेकर अपना व्यवसाय शुरू की है अब उनके समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जो जगह महिलाओं को सब्जी बेचने के लिए दिया गया है उस जगह पर बिक्री कम होती है वही कई सब्जी विक्रेता इधर-उधर सब्जी बेचते हैं। प्रशासन को सभी सब्जी विक्रेताओं को एक स्थान पर निर्धारित करना चाहिए था। वही उपायुक्त कार्यालय के समक्ष काफी संख्या में सब्जी विक्रेता महिलाएं जमा हुई थी और अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़क ली। घटना की सूचना पर महिला पुलिस बल व अंचल अधिकारी हरीश कुमार उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और काफी देर महिलाओं को समझाया। अंचल अधिकारी ने कहा सभी महिलाओं को डेली मार्केट के सेड में सारी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। काफी समझाने के बाद महिलाएं मानी और वापस चली गयी।

## ऑटो और बाइक की टक्कर में 20 घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सिसई रोड स्थित कान्वेंट स्कूल के समीप सोमवार की सुबह 9:30 बजे ऑटो और बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में ऑटो में सवार 20 लोग घायल हो गये। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को सदर अस्पताल लाया गया। घायलों में खड़िया पाड़ा निवासी नेमहंती केरकेट्टा, डूमरटोली निवासी शोभा लकड़ा और बाइक चालक गौस नगर निवासी मोहम्मद सफीनाज शामिल है। घटना में बाइक चालक को गंभीर चोट लगी उसका एक पैर टूट गया। जबकि नेमहंती और शोभा को शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ऑटो में सवार सभी महिलाएं धान रोपने खोरा पतरा टोली गांव जा रही थी। तभी कान्वेंट स्कूल के समीप सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार सीधा टक्कर मार दिया। इसके बाद ऑटो सड़क पर ही पलट गया और ऑटो में सवार सभी लोगों को चोट लगी।

## प्रेम-प्रसंग में युवक ने खाया कीटनाशक, मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना क्षेत्र के तेतरा गांव निवासी 18 वर्षीय प्रकाश तिर्की ने रविवार की शाम चूहा मारने वाला कीटनाशक खा लिया था। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में रविवार की रात उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर मृतक के मां भाई और बहन सदर अस्पताल पहुंचे। भाई फिरु तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया मेरा भाई गुमला में किराए के मकान में रहता था और मजदूरी करता था वही पालकोट थाना क्षेत्र के ढोलवीर गांव की रहने वाली पूनम कुमारी नामक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह उसे अपने पास रखा भी था। इसी बीच युवती उसे छोड़कर चली गई। युवक उसे मनाने उसके गांव गया था लेकिन युवती ने दोबारा आने पर मार कर फेकवा देने की धमकी दी थी। इसके बाद युवक टेंशन में रह रहा था। रविवार को उसने कीटनाशक खा लिया।

## सीएससी गणित ओलंपियाड में दूसरे स्थान पर रहे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रवीण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के छात्र प्रवीण कुमार सिंह ने हाल ही में आयोजित सीएससी गणित ओलंपियाड में देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस असाधारण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा भैया प्रवीण तथा उसके माता-पिता को वंदना सभा में सम्मानित किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा, विद्यालय के सभी आचार्य तथा भैया-बहन उपस्थित थे। समिति के सचिव ने प्रवीण के माता-पिता को शॉल भेंट कर उनके उत्कृष्ट पालन-पोषण और प्रवीण को मिली सफलता में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने उनकी अद्भुत उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रवीण की यह सफलता केवल उसकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम नहीं है, बल्कि उसके माता-पिता के निरंतर समर्थन और प्रेरणा का भी फल है। यह हमारे विद्यालय के लिए भी गर्व का क्षण है कि हमारे भैया ने राष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने आगे कहा कि प्रवीण अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उन्हें भी इसी तरह के शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिनव के माता-पिता ने विद्यालय प्रबंधन समिति और प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे अपने बेटे की इस उपलब्धि से बेहद खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## अवैध खनन रोकने और दोषियों पर कार्रवाई के लिए झानद ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला खनन पदाधिकारी की मिली भगत से गुमला में धड़ल्ले से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। यह आरोप झारखंड नवनिर्माण दल और बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति, गुमला के नेताओं ने खनन पदाधिकारी पर लगाया है। झानद और बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति द्वारा बॉक्साइट पत्थर व बालू की हो रहे जिले में खुलेआम अवैध उत्खनन तथा तस्करी पर रोक लगाने और कार्रवाई की मांग की है। इसे लेकर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित को ज्ञापन के जरिए कई जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। बताया कि किस तरह से अवैध खनन में लगे लोग खनन विभाग व अधिकारियों से मिली भगत कर अवैध धंधे को बढ़ावा दे रहे हैं। कई गांवों व स्थान की जानकारी भी कार्रवाई के लिए दी गयी है, जिसे अभी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है है। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई 2025 को कुजाम माइंस क्षेत्र एरिया के लुचुतपाठ में कई मशीन व ट्रक गाड़ी लगाकर अवैध बॉक्साइट की उत्खनन की सूचना लिखित में जिला खनन पदाधिकारी को दी गई थी। लेकिन 100 गाड़ी से भी ज्यादा बॉक्साइट की चोरी हो जाने के बावजूद खनन पदाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे यह सब पता चलता है कि अवैध खनन में लगे लोगों से खनन पदाधिकारी का गहरा साठ-गांठ है। वहीं 13 जुलाई 2025 को इस मामले में वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला द्वारा तत्परता दिखाते हुए अवैध बॉक्साइट उत्खनन में लगे जेसीबी मशीन तथा बड़ी ट्रक गाड़ी को जप्त किया गया जहां से 100 ट्रक गाड़ी से भी ज्यादा बॉक्साइट निकाल कर बेची जा चुकी है। नेताओं ने यह भी कहा है कि संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 6 अगस्त 2025 को अवैध खनन के विरुद्ध जिला खनन कार्यालय का घेराव करते हुए खनन पदाधिकारी से जवाब तलब किया जायेगा।

## विषाक्त भोजन खाने से दो भाई गंभीर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के सिलम गांव निवासी दो भाई 13 वर्षीय ओम प्रकाश सिंह और 8 वर्षीय शुभम सिंह विषाक्त भोजन खाने से गंभीर हो गये। परिजन दोनों को रविवार की रात 10 बजे सदर अस्पताल लेकर आये। जानकारी देते हुए पिता निरपत सिंह ने बताया घर में आलू और सोयाबीन का सब्जी बना था। रात में दोनों भाई भात के साथ सब्जी खा रहे थे तभी भात में मरा हुआ छिपकली मिला। दोनों भाई खाना छोड़ कर उठ गए इसके बाद दोनों का जी मचलने लगा। इसके बाद परिजन दोनों को सदर अस्पताल लेकर आए संभावना जताई जा रही है कि सब्जी बनाने के क्रम में छिपकली सब्जी में गिर गया होगा।

## रामनगर में छात्रा ने लगायी फांसी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र से सटे रामनगर निवासी सुरेश गोप की पुत्री रेणु कुमारी ने घर पर फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली। रेणु के फांसी लगाये जाने के बाद उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। रेणु के फांसी लगाये जाने के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। बताया जाता है की वह कार्तिक उरांव कॉलेज में बीए की छात्रा थी। घर पर रहकर वह अक्सर फोन में व्यस्त रहती थी।साथ ही किसी लड़के से बातचीत करती थी। जिसके कारण परिजनों उसे अक्सर डांट फटकार लगाते रहते थे। सोमवार को भी वह सुबह में फोन पर व्यस्त थी। जिसे देखने के बाद उसकी मां रुक्मणि देवी ने उसे डांट फटकार लगाते हुए मोबाइल छीन लिया। साथ ही मोबाइल से सिम निकालकर अपने पास रख ली। जिसके कारण बेटी आक्रोशित हो गयी और वह नाश्ता भी नही खायी। इधर मां सिम लेने के बाद मोबाइल उसे वापस देकर अपने काम पर चली गयी। उसकी मां जिला मत्स्य कॉलेज में दाई का काम करती करती है। जबकि उसके पिता चालक का काम करते है। पिता सुरेश गोप सुबह में ही एक व्यक्ति का निजी वाहन में चालक का काम करते हुए डुमरी चले गये थे। इधर घर पर बड़ी बेटी प्रभा व छोटी बेटी रेणु अकेले थी। मगर कुछ देर बाद बड़ी बेटी प्रभा भी पूजा करने मंदिर के लिए निकल गयी। जिसके बाद घर मे रेणु अकेले पड़ गयी और वह मौका पाकर घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## लकड़ी लदे पिकअप के साथ चार गिरफ्तार

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में अवैध लकड़ी के कारोबार पर नकेल कसने के लिए एक बड़ी और सफल कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत पुलिस ने जंगल से सखुआ का बोटा काटकर पीकउप में लोड कर रहे 4 लोगो को ग्रिफ्तार किया है। कुरुमगढ़ थाना प्रभारी मुनीष कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग जंगल से मोटे-मोटे सखुआ के पेड़ काटकर अवैध तरीके से बोलेरो और पिकअप वाहन में लोड कर बेचने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर कुरुमगढ़ थाना प्रभारी मुनीष कुमार ने अपनी टीम के साथ छापेमारी की और देखा कि एक बोलेरो वाहन रुक कर पुलिस की रेकी कर रहा है जिसे पुलिस ने पकड़ लिया।वहीं कुछ दूरी पर पिकअप वाहन में मोटे-मोटे सखुआ के बोटे लोड किए जा रहे थे। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने सखुआ बोटा लोड पिकअप वाहन और रेकी कर रहे बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमे अभिन-उपेन्द्र कुमार, थाना कोटाम जिला गुमला आशुतोष कुमार थाना कोटाम जिला गुमला, लड्डू लाल हिन्दपीढ़ी, रांची, समशेर समांसी रोली, थाना हिन्दपीढ़ी, जिला रांची और असबी हिंदपीढ़ी, जिला रांची सभी गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स की सातवीं मासिक बैठक 22 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक सातवीं बैठक 22 जुलाई यानी मंगलवार को शाम के 4:30 बजे से बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में होगी। जानकारी देते हुए चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया के इस बैठक में विशेष रूप से झारखंड फेडरेशन चेम्बर के अध्यक्ष परेश गत्तानी और उनकी टीम एंव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पदाधिकारीगण, पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। आगे कहा कि वैसे व्यापारी जो सीधे तौर से फेडरेशन झारखंड चैंबर से जुड़े हुए हैं वह भी इस बैठक में अपेक्षित हैं। यह बैठक गुमला चेम्बर के इस सत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित सभी व्यसपारियों से ससमय उपस्थिति का आग्रह किया है ।

## आज गुमला आयेंगे चैंबर के पदाधिकारी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गटानी और सचिव आदित्य मल्होत्रा सहित चैंबर से जुड़े अन्य लोग मंगलवार को गुमला आएंगे। जहां स्थानीय कार्यालय में उनका स्वागत किया जाएगा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी के अनुसार पदाधिकारी सिमडेगा चैंबर के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उसके बाद गुमला होते हुए रांची रवाना होंगे। इसी बीच गुमला में उनका स्वागत सह सम्मान किया जाएगा। जिसमें सभी से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

## गुमला की दीदियों ने रांची में लिया कैफे और कैटरिंग सेवा का प्रशिक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य आजीविका मिशन (जेएसएलपीएस) के तत्वावधान में रांची स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में 7 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक पलाश दीदी कैफे एवं कैटरिंग सेवा के सातवें बैच के लिए 10 दिवसीय फाउंडेशन कोर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में गुमला जिले के सिसई एवं डुमरी प्रखंड की पांच स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान दीदियों को आधुनिक कैफे संचालन, कैटरिंग सेवा, स्वच्छता, ग्राहक सेवा, किचन प्रबंधन और उद्यमिता से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया।


ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, रॉची।

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/35/2025-26 दिनांक-21/07/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | विधायक आवास, धुर्वा रॉची के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 14,02,313=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | 28 दिन |
| II | खूँटी स्थित डिस्ट्रीकट एनिमल हसबेन्ड्री कार्यालय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 11,57,043=00 | 2,500=00 | 24,000=00 | 28 दिन |
| III | धुर्वा, रॉची स्थित बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (HTI Building) के परिसर में डेकोरेटिव पाथवे लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 14,19,052=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | 28 दिन |
| IV | कॉके रोड, रॉची स्थित एनिमल हेल्ड एण्ड प्रोडक्शन इन्स्टीटूयट के परिसर मे सुरक्षा लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 15,32,740=00 | 5,000=00 | 31,000=00 | 28 दिन |
| V | जिला स्कूल परिसर स्थित आकांक्षा कार्यालय के परिसर मे सुरक्षा लाईट एवं बगीचा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 14,11,499=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | 28 दिन |
| VI | झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुर्वा, रॉची के एडवोकेट हॉल एवं एमिनिटिश ब्लॉक में अधिष्ठापित 454 HP क्षमता के VRF टाईप वातानुकूलित संयंत्र के वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 30,02,323=00 | 5,000=00 | 61,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.07.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 31.07.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 07.08.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 08.08.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651-2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR 357838 (Energy) 25-26 (D)

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
11

# बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## पकड़े गये युवकों के पास से चोरी के सामान एवं चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद

**बंद घरों की रेकी करने के बाद बनाते थे निशाना, पुलिस की लोगों से सतर्क रहने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में रविवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की घटनाओं में संलिप्त एक अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मुमताज अंसारी और मुस्ताक अंसारी के रूप में हुई है। दोनों ने पूछताछ में चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है। सीटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक एक लाल रंग की बाइक पर सवार होकर जयनगर की ओर से आ रहे हैं। बाइक के बीच में एक बैट्री रखी थी और पीछे बैठा युवक एक काले रंग का बैग टांगे हुए था। सूचना की सत्यता की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी रजनीकांत के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल ने संभारी चौक पर एन्टी क्राइम चेकिंग लगाकर जांच शुरू की। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने, लेकिन पुलिस के जवानों ने दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। उनके पास से दो मोबाइल फोन, एक बेट्रा, एक बाइक एवं एक काले बैग में रखा चोरी के लिए इस्तेमाल करने वाला दो पलाश, एक सलाई रिंच, एक संड़सी आदि बरामद किया गया है। पकड़े गये मुमताज अंसारी एवं मुस्ताक अंसारी से पूछताछ में पुलिस को बताया कि ये लोग अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर एक गिरोह बनाकर बंद घरों एवं दुकानों का पता लगाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। ये लोग धनबाद सहित अन्य कई जगहों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। चोरी से प्राप्त सामानों की बिक्री कर प्राप्त पैसा को आपस में बांट लेते हैं। पुलिस ने दोनों के पास से समानों को विधिवत जब्त करने के बाद विधिवत गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर पूर्व में चोरी कर रखे गए सामान, ज्वेलरी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण को बरामद किया गया है।




पकड़े गये शातिर अपराधियों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

## ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया, छह गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौरा बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। जोरापोखर सर्किल इंस्पेक्टर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने छापामारी कर चोरी में संलिप्त छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकली आभूषण, मॉनिटर, ऑटोमेटिक स्प्रिंग चाकू सहित कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस की मानें तो चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने सामानों को अलग-अलग जगहों पर छिपा रखा था, जिन्हें पुलिस ने तकनीकी-गुप्त सूचना के आधार पर बरामद कर लिया है। पुलिस की मानें तो पकड़े गये दो अपराधियों ओमप्रकाश कुमार और अविनाश कुमार तांती गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि शेष चार अपराधियों का भी आपराधिक इतिहास का पुलिस पता लगाने में जुटी है। पुलिस की मानें तो चोरी कांड में एक और आरोपी की तलाश जारी है जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसे पकड़ने के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर मामले को पूरी तरह सुलझा लिया जाएगा। बताते चलें कि जोरापोखर सर्किल इंस्पेक्टर के नेतृत्व में बनी टीम की त्वरित कार्रवाई से चोरी कांड का सफलतापूर्वक खुलासा हुआ है। स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों ने पुलिस की इस कार्यवाही की सराहना की है।

# रैयत मदन प्रसाद के खाते से 81 लाख की निकासी मामले पर डीसी ने लिया संज्ञान, दिये जांच के आदेश

**खबर का असर**

**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** पेटरवार में रैयत मदन प्रसाद के बैंक खाते से 81 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर निकासी मामले को लेकर **आजाद सिपाही** में 'नाराज रैयतों ने अजय जैन के आवास का किया घेराव, 81 लाख रूपए हड़पने का लगाया आरोप' शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। बतातेंच लें कि अजय जैन उर्फ पन्नू पर आरोप है कि उन्होंने भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण मुआवजे में आए एक करोड़ 81 लाख रुपये में से अलग-अलग तरीकों से 81 लाख रुपये निकाल लिए थे। इसके लिए अजय जैन पर मदन प्रसाद से ब्लैंक चेक पर अंगूठा निशान लेकर उसका दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार 6, 7 और 10 जून 2024 को पेटरवार पंजाब नेशनल बैंक से तीन बार 9-9 लाख रुपये सेल्फ निकासी की गई और आरोपी एवं उनकी पत्नी के खाते में भी कई बार 9-9 लाख रुपये की ट्रांसफरिंग की गई। इसकी जानकारी होने पर मदन प्रसाद के परिजनों एवं अन्य रैयतों ने रविवार को अजय जैन के घर का घेराव कर पैसे-दस्तावेजों की मांग की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने जांच के निर्देश दिए है। कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लगे हाथ जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर या अंगूठा निशान देने से पहले पूरी जानकारी लें और सतर्कता बरतें, ताकि ऐसी धोखाधड़ी से बचा जा सके।


आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
09

नाराज रैयतों ने किया अजय जैन के आवास का घेराव

81 लाख हड़पने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

पेटरवार। भारतमाला परियोजना फेज-2 में भू अर्जन विभाग की ओर से अधिग्रहित की गई भूमि के बदले में मिले मुआवजा में पेपर वर्क कराने के नाम पर रैयतों ने बुंडू पंचायत के गागी निवासी अजय जैन उर्फ पन्नू पर 81 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इसे लेकर रविवार को 20 से 30 महिला-पुरुष रैयतों ने अजय जैन के आवास का घेराव कर दिया। रैयतों ने बताया कि पेटरवार अंचल के बुंडू मौजा में 82 डिसमिल की जमीन स्व कपिलदेव पटवा आदि के नाम पर दर्ज थी। इस जमीन का अधिग्रहण भारतमाला परियोजना के अंतर्गत भू-अर्जन विभाग की ओर से किया गया था। इसके एवज में रैयत मदन प्रसाद के खाते में एक करोड़ 81 लाख 70 हजार रुपए मुआवजा राशि के रूप में भेजी गई थी। आरोप है कि अजय जैन उर्फ पन्नू ने पेपर वर्क कराने के नाम पर रैयतों से 9 ब्लैंक चेक लिए थे। अजय ने धोखे से इन ब्लैंक चेकों का इस्तेमाल कर अलग-अलग चेकों से करीब 81 लाख रुपए निकाल लिए। इस दौरान रैयतों की जमीन संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने पास रख लिया। बताया गया कि इस जमीन से संबंधित रैयत के वंशजों में मदन प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, साधु चरण प्रसाद, संजय प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, लखन लाल प्रसाद, भूषण लाल प्रसाद, मोती लाल प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, हरिदास प्रसाद, सरजित लाल प्रसाद, बबलू कुमार प्रसाद, राजमंगल प्रसाद और छूटू प्रसाद शामिल हैं। जैसे ही इस धोखाधड़ी की जानकारी रैयतों को हुई करीब 20-30 रैयतों ने एकजुट होकर अजय जैन के घर का घेराव कर दिया। दूसरी ओर, फोन पर संपर्क करने पर अजय जैन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोप को झूठा और बेबुनियाद करार दिया। हालांकि इससे अधिक उन्होंने कुछ भी कहने से साफ इनकार कर दिया। कहा कि अभी बाहर हैं। घर आने के बाद बात करेंगे।

## हत्या के सात दोषियों को आजीवन कारावास, लगा 25 हजार का जुर्माना

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले की अदालत ने हत्या के मामले में सात लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लगे हाथ 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जानकारी के मुताबिक बोकारो के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश दीपक बरनवाल की अदालत ने सुरेश मुर्मू हत्याकांड में खुशवंत सिंह, राहुल कुमार, चरणदास महतो, मंतोष रंजन, रितेश कुमार, अभय कुमार और लालू महतो को दोषी पाये जाने पर सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी लोगों पर 25000 का आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार राय ने बताया कि विगत 25 मई 2023 को पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में उक्त दोषियों ने सुरेश मुर्मू की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था। उक्त जमीन को बचाने के लिए सुरेश मुर्मू, धनंजय मुर्मू, बाबूलाल मांझी, दिनेश मांझी, बाहा मुनी देवी और कुंती देवी आदि ने विरोध किया था। तब उक्त लोगों ने इन सभी पर जानलेवा हमला कर दिया था। उनके हमले में सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गये थे। हालांकि गंभीर रूप से चोट लगने के कारण घायलों में सुरेश मुर्मू की मौत हो गई थी। बहस के दौरान अधिवक्ता टीएन ठाकुर और आरोपियों की ओर से आनंद वर्धन और सुबोध कुमार ने अपना पक्ष रखा।

## विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त मामले में बेरमो एसडीओ ने किया निरीक्षण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत खखंडा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विगत दिनों हुई भारी बारिश के कारण विद्यालय भवन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इस संदर्भ में डीसी अजय नाथ झा के निर्देश पर सोमवार को बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने विद्यालय स्थल का भौतिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की समीक्षा की। मौके पर गोमिया बीडीओ महादेव महतो सहित अन्य पदाधिकारी एवं विद्यालयकर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण में यह पाया गया कि विद्यालय भवन का एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि उस कक्ष का उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और कक्षाओं को अन्य वैकल्पिक एवं सुरक्षित कमरों में संचालित किया जाय। एसडीओ ने क्षतिग्रस्त हिस्से की अस्थायी मरम्मत के लिए मिट्टी एवं बोल्डर डालकर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित विभाग को दिया है। बतातें चलें कि उक्त मामला रविवार को मीडिया में आने के बाद डीसी ने संज्ञान में लिया था। उन्होंने बेरमो एसडीओ को मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा था। वहीं, शिक्षा विभाग से मामले में पूछा था कि किन परिस्थितियों में यह स्थिति उत्पन्न हुई। समय रहते विभाग द्वारा आवश्यक मरम्मत अथवा कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने मामले में विद्यालय प्रधानाध्यापक, शिक्षक, बीआरपी - सीआरपी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई थी। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन विद्यालय भवन की स्थिति पर निकटता से निगरानी रखे हुए है और आवश्यकता अनुसार आगे की कार्रवाई कर रहा है।

## जोजिला सुरंग परियोजना में सेल ने की 31 हजार टन से अधिक स्टील की आपूर्ति

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), जोजिला सुरंग परियोजना के लिए सबसे ज्यादा स्टील आपूर्ति करने वाली कंपनी बनकर उभरी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना, जो अभी निर्माणाधीन है, भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी दो-तरफा सुरंग बनने के लिए तैयार है। सेल 'जोजिला सुरंग परियोजना' में एक बेहद जरूरी पार्टनर है। सेल ने इस परियोजना में 31,000 टन से ज्यादा स्टील दिया है, जिसमें टीएमटी री-बार, स्ट्रक्चरल स्टील और प्लेट्स शामिल हैं। उक्त परियोजना के के 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। सेल लगातार



स्टील आपूर्ति कर रहा है, जो कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। जोजिला सुरंग जैसी बड़ी परियोजनाओं में सेल का योगदान देश के निर्माण में उसकी भूमिका को और मजबूत करता है। जोजिला सुरंग 11,578 फीट की ऊंचाई पर, हिमालय के मुश्किल पहाड़ों में बनाई जा रही है। यह 30 किलोमीटर से भी अधिक लंबी सुरंग है। यह द्रास और कारगिल होते हुए, श्रीनगर और लेह के बीच पूरे साल आवाजाही को आसान बनाएगी। यह सुरंग भारत के राष्ट्रीय अवसंरचना विकास, विशेष रूप से श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग, का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे इस इलाके में आम लोगों और सेना दोनों के लिए आना-जाना बहुत आसान हो जाएगा। यह परियोजना केवल एक रणनीतिक ढांचागत सुविधा ही नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा आर्थिक अवसर भी है। सेल की जोजिला सुरंग के लिए स्टील की आपूर्ति, भारत की कई और प्रतिष्ठित ढांचागत परियोजनाओं, जैसे चिनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली सी लिंक, ढोला सादिया और बोगीबील पुलों को बनाने में योगदान देने की कंपनी की लंबी विरासत को और मजबूत करता है।

## चास में मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास थाना क्षेत्र के प्रभात कॉलोनी में सोमवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान विनय कुमार (45) के रूप में हुई है। वह तारानगर का रहने वाला था। वह पेशे से ठेका मजदूर था। स्थानीय लोगों की मानें तो इस दिन सुबह 10 बजे कुछ लोगों ने विनय को कॉलोनी के पास जमीन पर गिरा देखा। पहले लोगों को लगा कि वह नशे में धूत होकर लेटा हुआ है। इसी भ्रम में उसे बिना छेड़े लोग अपने-अपने काम में लग गए। हालांकि जब अपराह्न तीन बजे आसपास के कुछ स्थानीय लोगों ने दोबारा उसे देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थी। इसके बाद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना चास थाने को दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सा साथ ही जांच शुरू कर दी है।

## महिलाओं की सुरक्षा एवं न्याय की मांग को लेकर महिला कांग्रेस ने निकाला 'न्याय मार्च'




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग को लेकर जिला महिला कांग्रेस की ओर से सोमवार को 'न्याय मार्च' निकाला गया। लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराने कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर न्याय मार्च रणधीर वर्मा चौक तक पहुंचा, जिसका नेतृत्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीता राणा ने किया। इस दौरान महिला कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नारी को न्याय देना होगा और केंद्र सरकार होश में आओ जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के जरिए भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और घटती सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह देश की महिलाओं को सुरक्षा और न्याय देने की दिशा में ठोस कदम उठाए। जबकि महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीता राणा ने भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि आज महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा है। दुष्कर्म, छेड़छाड़ और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन केंद्र सरकार आंखें मूंदे बैठी है। ऐसे में महिला कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। बताया कि यह मार्च राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा और झारखंड प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देश पर निकाला गया है। इस मौके पर राम दुलारी, गुड़िया देवी, पुनम देवी, हेमंती जायसवाल, रूबी खातून, गीता सिंह, शाहीना बानो, निखत परवीन, सुनीता निषाद और रजनी देवी आदि मौजूद रहीं।

# पूर्व सांसद डॉ रविंद्र राय के पैतृक गांव के विद्यालय के विद्यार्थी पानी के लिए भी तरसे

## विद्यालय प्रभारी की अनदेखी, न शौचालय ना ही मिलता है मध्याह्न भोजन

**- महीने में विद्यालय आठ से 10 दिन रहता है बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के खरखरी पंचायत अंतर्गत पूर्व सांसद सह झारखंड खनन एवं भूतत्व मंत्री डॉ रविंद्र कुमार राय के पैतृक आवास मरगोड़ा ग्राम में संचालित उत्क्रमित विद्यालय में विद्यार्थियों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार इस विद्यालय में कक्षा एक से लेकर आठ तक की पढ़ाई होती है। लेकिन विद्यालय प्रभारी की लापरवाही के कारण यहां के बच्चों को न तो मध्याह्न भोजन, न ही शौचालय की व्यवस्था और न ही पीने का पानी ही मिल रहा है। विद्यालय परिसर में एक चापानल तो है, लेकिन वह कई महीनों से खराब है। ग्रामीण ध्रूव नारायण राय ने बताया कि विद्यालय प्रभारी राजीव प्रकाश की अनदेखी के कारण यहां के बच्चों को सरकार से दी जाने वाली हर सुविधा से वंचित रखा गया है। विद्यालय में मात्र एक शिक्षक ही लगभग आठ सालों से आते हैं। आरोप लगाया कि विद्यालय महीने में आठ से 10 दिन बंद ही रहता है। विद्यालय की कोई मरम्मति नहीं होती है। यहां तक कि विद्यालय का नाम तक नहीं लिखा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बच्चों को मिलने वाला मध्याह्न भोजन एवं अन्य सामग्रियों को बच्चों को न देकर शिक्षक बंदरबांट कर लेते हैं। इस बाबत विद्यालय के शिक्षक निर्मल प्रसाद ने बताया कि मामले को लेकर विभाग को आवेदन दिया गया है। जिसमें प्रभारी शिक्षक को यहां के बच्चों को सारी व्यवस्था करवानी है। लेकिन प्रभारी ध्यान नहीं देता है। इस संदर्भ में प्रभारी शिक्षक राजीव प्रकाश ने बताया कि स्कूल दो स्थान में संचालित होने के कारण एक जगह पर व्यवस्था होती है, लेकिन दूसरे स्थान पर नहीं कर पाते हैं।



## आज स्त्री रोग विभाग में रहेंगी डॉ अंजना, नेत्र में डॉ पिनाज

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर मंगलवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन में डॉ मासूम आलम और डॉ शीला रहेंगे। जबकि हड्डी रोग में डॉ हरेंद्र कुमार, सर्जरी में डॉ प्रभात कुमार, नेत्र में डॉ गोलु पिनाज, दंत रोग में डॉ सुनिता सिन्हा, शिशु रोग में डॉ उमेन्द्र तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ अंजना कुमारी रहेंगे। वहीं गायनी इमर्जेंसी में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक डॉ संध्या तिवारी, दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक डॉ सुमन और रात आठ बजे से बुधवार सुबह आठ बजे तक डॉ सुरभी रहेंगे। जेनरल इमर्जेंसी में सुबह 9 बजे से अपराह्न तीन बजे तक डॉ निलम बाला, रात 9 बजे तक डॉ एपिल और रात 9 बजे से बुधवार सुबह 9 बजे तक डॉ मंगेश रहेंगे।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(नजारत शाखा)**

**-: इच्छा की अभिव्यक्ति :-**

हजारीबाग जिला में राज्यस्तरीय एवं केन्द्र स्तरीय आयोजित विभिन्न कार्यक्रम/समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु कार्यक्रम में किए जानेवाले सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएँ यथा कम्पलीट जर्मन हैंगर/टेन्ट/अस्थायी प्रकाश/साउण्ड सिस्टम आदि की आवश्यक व्यवस्था भाड़े पर करने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/एजेन्सियों से दर निर्धारण एवं एजेन्सी चयन हेतु दिनांक.–22.07.2025 से दिनांक 02.08.2025 को संध्या 03:00 बजे तक EOI आमंत्रित की जाती है। EOI का निस्पादन दिनांक 04.08.2025 को 03:00 बजे किया जाएगा।

EOI की सामग्री/उपस्करों की सूची नियम एवं शर्तें हजारीबाग जिला के सरकारी अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in में अपलोड किया गया है, जिसपर देखा जा सकता है।

उपायुक्त के आदेश से
प्रभारी पदाधिकारी,
नजारत शाखा, हजारीबाग

PR 357848 District(25-26)#D

**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra.**
अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/CHATRA/ 09/2025-26 दिनांकः– 21.07.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *CONSTRUCTION of RAMP, INSTALLATION OF 2 LIFT from Ground to Third Floor at 22 COURT CHATRA.* | Rs. 98,30,661.98 | (06) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25 .07.2025 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 02 -08-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04 -08-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

• किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Chatra

PR 357834 Building(25-26)D

**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

**आदेश**

NH-143A पथ के लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान हेतु रैयतों से आवश्यक दस्तावेज यथा खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद (Online Rasid) आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, इण्डमिनिटी बॉण्ड पेपर, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली, दो रंगीन फोटो प्राप्त करने एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने हेतु शिविर का आयोजन किया जाता है।

NH-143A पथ के बाईपास निर्माण परियोजना हेतु शिविर की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | शिविर की तिथि | अंचल का नाम | समय | शिविर का स्थल | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21.07.2025 | लोहरदगा | 11:00 बजे से 04:00 पूर्वाहन | पंचायत भवन निंगनी | निंगनी |
| 2 | 22.07.2025 | लोहरदगा | | सहेदा समुदायिक भवन | बंजार किस्को |
| 3 | 23.07.2025 | लोहरदगा | | सहेदा समुदायिक भवन | जोरी |
| 4 | 24.07.2025 | लोहरदगा | | तहसील कचहरी कैमो | कैमो |
| 5 | 25.07.2025 | लोहरदगा | | सहेदा समुदायिक भवन | सहेदा |
| 6 | 23.07.2025 24.07.2025 | किस्को | | पंचायत भवन बेटहठ | बेटहट |
| 7 | 25.07.2025 26.07.2025 | किस्को | | पंचायत भवन अरेया | अरेया |
| 8 | 28.07.2025 29.07.2025 | किस्को | | अखाड़ा नवाटोली, अरेया | पतरातू |
| 9 | 21.07.2025 | सेन्हा | | नौदी आंगनबाडी केन्द्र (सेन्हा) | सेन्हा |
| 10 | 23.07.2025 | सेन्हा | | आंगनबाडी केन्द्र (चन्दकोपा) | चन्दकोपा |
| 11 | 25.07.2025 | सेन्हा | | फुटबॉल मौदान पंचायत भवन के समिप | अरू |
| 12 | 26.07.2025 | सेन्हा | | सामुदायिक भवन गुड़िया टोली (बनसरी) | बनसरी |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 357797 Lohardaga(25-26)

## आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड डॉ कौशल किशोर जायसवाल को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। रविवार को पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के महाप्रबंधक पशुपति सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मेदिनीनगर के ब्यूरो चीफ जयकांत शुक्ला ने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल और उनकी पत्नी डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल को प्रमाणपत्र सौंपा।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को होगा हस्ताक्षर

- पीएम मोदी के साथ गोयल रहेंगे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंदन जायेंगे। दोनों देशों ने 6 मई को व्यापार समझौते के लिए वार्ता के समापन की घोषणा की थी।

व्यापार समझौते में श्रम-प्रधान उत्पादों जैसे चमड़ा, जूते और कपड़ों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है, जबकि ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों का आयात सस्ता करने का प्रस्ताव है, ताकि 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जायेंगे, जिसका उद्देश्य व्यापार, निवेश और रक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है।

अधिकारी ने बताया कि इस यात्रा के दौरान वाणिज्य मंत्री प्रधानमंत्री के साथ रहेंगे।

मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू होने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत के मंत्रिमंडल की मंजूरी की आवश्यकता होगी। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इसे लागू होने में लगभग एक साल लगेगा।

## 2006 मुंबई ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस के सभी 12 आरोपी हुए बरी

- हाइकोर्ट बोला- दोष साबित करने में सरकारी वकील नाकाम, इस घटना में 189 लोग मारे गये थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं। हाइकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाये। बता दें कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गयी थी और 824 लोग घायल हो गये थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।

## काइनडीसीएक्स पर हुआ साइबर हमला क्रिप्टोकरेंसी फर्म से 378 करोड़ गायब

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। घरेलू क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज काइनडीसीएक्स पर साइबर हमला हुआ है। इस हमले में कंपनी के खातों से 4.42 करोड़ डालर या 378 करोड़ रुपये की चोरी हुई है। कंपनी के संस्थापकों ने एक्सपोस्ट में भरोसा दिया है कि इस हमले से ग्राहकों का पैसा अप्रभावित और सुरक्षित है। यह चोरी केवल एक आंतरिक परिचालन खाते तक सीमित रही है। कंपनी ने रविवार को बताया कि भारतीय समयानुसार 19 जुलाई को सुबह चार बजे सुरक्षा प्रणालियों ने अपने एक खाते में अनधिकृत पहुंच का पता लगाया। कंपनी का कहना है कि खातों में जमा राशि को जोखिम मुक्त किया जा रहा है। यह घटना एक बार फिर क्रिप्टोकरेंसी की अत्यधिक अस्थिर दुनिया में बढ़ते सुरक्षा खतरों पर प्रकाश डालती है।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 9923, दिनांक 09.07.2025 के अनुसार, मै दुर्गा प्रसाद गुप्ता, पिता - स्व. शिवनंदन साव ग्राम-पहाड़ी, पोस्ट खजूरी नौडीहा, थाना-छतरपुर, जिला-पलामू, राज्य - झारखंड निम्नलिखित शपथ पूर्वक घोषणा करता करता हूँ कि यह कि उपरोक्त पता का स्थाई निवासी हूँ यह कि अंकित कुमार गुप्ता मेरा नाबालिग पुत्र है यह कि मेरे पुत्र का नाम राहुल कुमार एवं अंकित कुमार गुप्ता दोनों नाम से जाना पहचाना जाता हैं। यह की मेरे पुत्र राहुल कुमार का आधार नंबर 2818 35822168 है जिसमें जन्मतिथि 22.11.2011 ई. दर्ज है। जबकि विद्यालय में मेरे पुत्र का नाम अंकित कुमार गुप्ता और जन्मतिथि 22.11.2011 ई. दर्ज है, जो की सही है। यह की मेरे पुत्र राहुल कुमार के आधार कार्ड में राहुल कुमार के जगह पर अंकित कुमार गुप्ता करवाना चाहता हूं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in








































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**